भोपाल
गुरुवार, 4 दिसंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 12, अंक : 244
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 13

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## विराट कोहली ने वनडे में जड़ा 53वां शतक

# 11वीं बार बैक-टू-बैक शतक जड़कर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

सचिन तेंदुलकर की कर ली बराबरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में विराट कोहली का बल्ला एक बार फिर चला। उन्होंने दमदार पारी खेलते हुए सीरीज में लगातार दूसरा शतक जड़ा। कोहली ने 90 गेंद पर अपने वनडे करियर का 53वां शतक पूरा किया। इस शतक की बदौलत कोहली ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर गए। उनके नाम अब लगातार दो, या उससे ज्यादा वनडे पारियों में शतक लगाने का 11वां रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स दूसरे नंबर पर हैं। एबी डिविलियर्स ने छह बार दो या उससे अधिक वनडे मैच में लगातार शतक जड़े हैं। विराट ने सचिन तेंदुलकर के एक महारिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में प्रदेश में लाड़लियों को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश

# कड़ी निगरानी करें और कुपोषण से मुक्ति के लिए फुल प्रूफ प्लान बनाएं, लाड़ली बेटियों के ड्रॉप आउट हर हाल में रोकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि किसी भी चरण पर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का ड्रॉप आउट नहीं हो।

ड्रॉप आउट होने वाली बालिकाओं पर सख्त निगरानी रखी जाए और तुरंत कारणों का निराकरण कर उन्हें योजना में पुनः ▶▶ शेष पेज 6 पर

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की पूर्णतः ऑनलाइन पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू करने में देश का पहला राज्य बना मप्र



मुख्यमंत्री डॉ. यादव समीक्षा करते हुए

▶▶ **टेक होम राशन की फेस रिकग्निशन सिस्टम प्रक्रिया में मप्र प्रथम, लाभ पहुंचाने में राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना**

▶▶ **स्पॉन्सरशिप योजना में 20,243 बच्चों को लाभ, देश में दूसरा स्थान**

### अचानक दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री

डॉ. यादव समीक्षा बैठक छोड़कर अचानक नई दिल्ली पहुंच गए। उनका नई दिल्ली जाने का कोई पूर्व कार्यक्रम नहीं था। उन्हें 6 ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 04 भी

### 10 लाख गर्भवती महिलाएं हुईं लाभान्वित

समीक्षा बैठक में बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की पूर्णतः ऑनलाइन पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू करने में मप्र देश का पहला राज्य बन गया है। इसी तरह टेक होम राशन की एफआरएस प्रक्रिया में मप्र पहले स्थान पर आ गया है। इसकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। स्पॉन्सरशिप योजना में 20,243 बच्चों को लाभ मिला। मप्र देश में दूसरे स्थान पर रही। इसी तरह भवन निर्माण ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## रूसी राष्ट्रपति आज शाम 6 बजे पहुंचेंगे नई दिल्ली, खास मुद्दों पर करेंगे गुफ्तगू

# प्रधानमंत्री मोदी के खास दोस्त पुतिन भारत में रुकेंगे 30 घंटे, 6 समझौते करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास दोस्त और दुनिया की महाशक्ति रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज यानी गुरुवार शाम 6 बजे भारत पहुंच जाएंगे। उनका दो दिवसीय भारत दौरा कई मायनों में काफी महत्वपूर्ण है। जिस पर अमेरिका, चीन और पाकिस्तान जैसे कई देशों की नजरें टिकीं हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन पहली बार भारत आ रहे हैं। दोनों देशों के बीच 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। यह सम्मेलन दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने के लिए आयोजित किया जाता है। पुतिन करीब 30 घंटे भारत में रहेंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी उनके लिए निजी रात्रिभोज का भी आयोजन करेंगे। पुतिन का भारत दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब जब पश्चिमी देश रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे हैं, तब भारत गर्मजोशी से पुतिन का स्वागत कर रहा है। यह दिखाता है कि भारत अपनी विदेश नीति के फैसले खुद लेता है और किसी के दबाव में नहीं आता। इसे ही 'रणनीतिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

डिफेंस एनर्जी, ट्रेड स्पेस और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में अहम समझौतों पर मुहर लग सकती है



फाइल फोटो

*द्विपक्षीय व्यापार को पंख लगाने पर दोनों देश गंभीरता से करेंगे चर्चा*

### रूसी तेल की खरीद बढ़ाने पर होगी चर्चा

पुतिन और मोदी की द्विपक्षीय वार्ता में रूस से तेल खरीद का मुद्दा भी अहम रहेगा, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। हालांकि, भारत रूस से तेल खरीद जारी रखी हैं। ऐसे में पुतिन का प्रयास रहेगा कि भारत इसे आगे भी जारी रखे। इसी तरह भारत रूस की सखालिन-1 परियोजना में ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के लिए 20 प्रतिशत हिस्सेदारी की बहाली का भी प्रयास कर सकता ▶▶ शेष पेज 6 पर

### एस-500 और एसयू-57 की खरीद का हो सकता है सौदा

पुतिन की यात्रा में रक्षा सौदे की भी उम्मीद है। इसमें वायु रक्षा प्रणाली एस-400 और उसका उन्नत रूप एस-500 समेत एसयू-57 लड़ाकू विमानों की खरीद प्रमुख है, जिसकी भारत तैयारी कर रहा है। पेसकोव ने मंगलवार को रक्षा सौदे के एजेंडे में इनके शामिल होने की बात कही थी। इसके अलावा, रसद समर्थन के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी है पुतिन की सिक्योरिटी

सूत्रों ने बताया है कि संभावनाओं से भरपूर यात्रा के दौरान टॉप सिक्योरिटी पक्का करने के लिए रूस से चार दर्जन से ज़्यादा टॉप सिक्योरिटी वाले लोग पहले ही दिल्ली पहुंच गए थे। इस दौरान रूसी राष्ट्रपति ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ये है पुतिन का दौरा कार्यक्रम

▶▶ **4 दिसंबर**
आज यानी 4 दिसंबर को राष्ट्रपति पुतिन शाम 6 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। वहीं शाम 7 बजे पीएम नरेंद्र मोदी ने उनके सम्मान में निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है। लोक कल्याण मार्ग पर होगा।

▶▶ **5 दिसंबर**
सुबह 9 बजे राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पुतिन को औपचारिक स्वागत दिया जाएगा। उन्हें त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया जाएगा। सुबह 10 बजे पुतिन राजघाट जाएंगे, वहां राष्ट्रपिता ▶▶ शेष पेज 6 पर




विशेष पेज 5

## संचार साथी एप की अनिवार्यता हटी

# केंद्र सरकार ने फोन में संचार साथी एप प्री-इंस्टॉल करने का आदेश वापस लिया

▶▶ **स्मार्टफोन कंपनियों को बड़ी राहत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

संचार साथी एप पर छिड़े विवाद के बीच आखिरकार केंद्र सरकार ने अपना आदेश वापस दे लिया है। दूरसंचार विभाग ने सरकारी संचार साथी एप को अनिवार्य रूप से प्रीलोड करने का दिया गया अपना आदेश वापस ले लिया है। बता दें कि 28 नवंबर को दूरसंचार विभाग ने आदेश दिया था कि स्मार्टफोन निर्माताओं और इंपोर्टर्स को नए फोन्स में संचार साथी एप प्री-इंस्टॉल करना होगा। इसके अलावा पुराने फोन्स में भी सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए एप इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया। इस आदेश में कहा गया था कि एप को ना तो डिसेबल और डिलीट किया जा सकता है। यह फैसला, यूजर प्राइवेसी और संभावित जासूसी से जुड़ी चिंताओं के बाद लिया गया है। दूरसंचार मंत्रालय द्वारा जारी बुधवार को एक प्रेस रिलीज में कहा है कि संचार साथी की बढ़ते इस्तेमाल को देखते ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दूर संचार मंत्री ने कहा- जरूरत पड़ी तो बदलाव को तैयार

बुधवार को दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकार बदलाव करने के लिए तैयार है। सिंधिया ने संसद में कहा, 'हमें मिले फीडबैक के आधार पर अगर आदेश में बदलाव की जरूरत पड़ी तो हम करेंगे। निगरानी से जुड़ी चिंताओं पर उन्होंने कहा कि जासूसी ना तो संभव है और ना ही की जाएगी। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### एपल ने किया साफ मना

सरकार की सफाई आने के बावजूद आईफोन बनाने वाली कंपनी ने इस फैसले को मानने से इंकार कर दिया था। एपल ने इस फैसले को अपनी पॉलिसी के खिलाफ माना था क्योंकि वह अपने यूजर्स को फोन में किसी भी एप को प्री-इंस्टॉल करके नहीं देते। इसके अलावा एपल ने संचार साथी को लेकर यूजर्स की प्राइवेसी के लिए चिंता ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### शादी टलते ही संत प्रेमानंद के दरबार पहुंचे पलाश मुच्छल



**मथुरा।** क्रिकेटर स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी को लेकर पिछले दिनों काफी चर्चाएं रही हैं। शादी टलने के बाद से तरह-तरह की अफवाहें उड़ रही हैं। इसी बीच पलाश को अपनी मां के साथ प्रेमानंद महाराज के आश्रम में देखा गया। वायरल तस्वीर में बैठे दिखाई दिए, चेहरे पर फेस मास्क लगा हुआ था।

### वीआईपी नंबरः 1.17 करोड़ की बोली लगा फंसा शख्स



**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में हाल ही में एचआर 88बी8888 नंबर के लिए ऑनलाइन नीलामी के दौरान किसी व्यक्ति ने 1 करोड़ 17 लाख रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाई थी। लेकिन बोली लगाने के बाद उसने अपनी सुरक्षा राशि जब्त होने दी, उस व्यक्ति की संपत्ति और आय की जांच करवाई जाएगी।

### काउंटर से तत्काल टिकट के लिए भी ओटीपी जरूरी



**नई दिल्ली।** अभी हाल ही में इंडियन रेलवे ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। अब ऑफलाइन रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट लेने वालों के लिए एक ओटीपी-बेस्ड ऑथेंटिकेशन सिस्टम शुरू किया है। यानी अगर आप रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट लेते हैं तो इसके लिए पहले ओटीपी शेयर करनी होगी।

## ब्लैक में खाद बेचने का लगा आरोप

# किसान की बेटी को नायब तहसीलदार ने जड़ा थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



■ वीडियो आया कलेक्टर ने मांगा स्पष्टीकरण

छतरपुर में नायब तहसीलदार नीतू सिंघई ने एक युवती को थप्पड़ मार दिया। युवती का आरोप है कि उसने नीतू सिंघई से कहा कि वह दो महीने से खाद लेने आ रही हैं, लेकिन नहीं मिल रही। उसने टोकन मांगा। नीतू सिंघई ने कहा कि महिलाओं को टोकन नहीं मिलेंगे, केवल पुरुषों को मिलेंगे। दोबारा टोकन मांगा तो तहसीलदार ने थप्पड़ ▶▶ शेष पेज 6 पर

## डॉलर के मुकाबले रुपया 90.21 पर

# नागेश्वरन बोले- गिरावट से निर्यात पर असर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ अगले वर्ष सुधार की उम्मीद

डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट के बीच मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने बयान दिया है। गिरावट का सिलसिला जारी रखते हुए रुपया बुधवार को पहली बार डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर गया, शुरुआती कारोबार में छह पैसे गिरकर 90.02 पर आ गया। नागेश्वरन ने सीआईआई कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकार ▶▶ शेष पेज 6 पर

## अशोकनगर-गुना सड़क मार्ग पर वारदात

# रुपए निकालकर जा रहे व्यापारी से 20 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



■ चार बदमाशों ने व्यापारी पर बोला हमला

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर मुख्य अशोकनगर-गुना सड़क मार्ग पर बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में शाढ़ौरा के व्यापारी नीरज साहू पर 2 बाइक से आए 4 आरोपियों ने 20 लाख रुपए से भरा बैग स्कूटी की डिग्गी से लूट लिया। बदमशों में व्यापारी पर लाठी और कट्टे से हमला कर घायल कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

# गैस हादसे की 41वीं बरसी

## मृतकों को मंत्री और धर्मगुरुओं ने दी श्रद्धांजलि



### सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए कलेक्टर, महापौर

*भोपाल। 3 दिसंबर 1984 में यूनियन कार्बाइड में हुए गैस हादसे की 41वीं बरसी पर सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सभागार में गैस राहत मंत्री विजय शाह ने गैस त्रासदी में मृत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने भी आत्माओं की शांति के लिए पाठ किया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे बरकतउल्ला भवन में भोपाल गैस* ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

## देश भर में इंडिगो की उड़ानें रद्द, यात्री दिखे बेचैन

# इंडिगो की 100 से ज्यादा फ्लाइट प्रभावित, ठीक होने में 48 घंटे लगेंगे, डीजीसीए ने जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ यात्रियों को दी जा रही वैकल्पिक यात्रा या रिफंड की सुविधा

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो बीते 2 दिनों से भयावह संकट से गुजर रही है, जिसकी वजह से कंपनी ने 100 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल कर दीं। देश के कई हवाई अड्डों पर पिछले दो दिनों से इंडिगो की उड़ान सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। एयरलाइन ने तकनीकी खराबी, पायलटों और क्रू की कमी, नए एफडीटीएल नियमों और एयरपोर्ट पर बढ़ती भीड़ को वजह बताते हुए 100 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल कर दीं। बड़ी संख्या में फ्लाइट कैंसिल करने की वजह से हजारों यात्री फंसे रहे और कई जगह हंगामे की ▶▶ शेष पेज 6 पर



फाइल फोटो

### डीजीसीए उठा सकता है कड़े कदम

उधर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन से जवाब मांगा है। दरअसल इंडिगो फ्लाइट में यह दिक्कत पिछले महीने से चल रही है। नवंबर में 1272 फ्लाइट को कैंसिल करना पड़ा। जिसमें से 755 उड़ानों के रद्द होने की वजह क्रू की कमी और स्टॉफ के ड्यूटी शेड्यूल में बदलाव था। ▶▶ शेष पेज 6 पर

## हरिभूमि-जनता टीवी-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के निवास पर पहुंचे संत रावतपुरा सरकार

गुरुदेव ने पूज्य पिताजी के आश्रम आने और उससे जुड़े हुए संस्मरणों को भी साझा किया

# पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन पर सांत्वना देकर परिवार को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

देश के जाने-माने संत रावतपुरा सरकार बुधवार को अपने अल्प प्रवास पर ग्वालियर पहुंचे और हरिभूमि-जनता टीवी-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। रावतपुरा सरकार ग्वालियर में सिंधी कॉलोनी स्थित डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी के पैतृक निवास पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे थे।

डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी की माता जी से भी रावतपुरा सरकार ने भेंट की। साथ ही शोक संतृप्त परिवार को अपनी ओर से सांत्वना देकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर रावतपुरा सरकार ने स्वर्गीय कीर्ति नारायण द्विवेदी के रावतपुरा सरकार आश्रम आने और उससे जुड़े हुए संस्मरणों को भी साझा किया। प्रमुख रूप से श्रद्धांजलि देने पहुंचने वाले लोगों में आरएसएस के सह क्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र प्रेमशंकर, यशवंत इंदापुरकर ▶▶ शेष पेज 6 पर

ग्वालियर स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने आने वाले लोगों का तांता लगा



संत रावतपुरा सरकार परिवारजन से चर्चा करते हुए

### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

बुधवार को श्रद्धांजलि देने वाले लोगों में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, नगर निगम के सभापति मनोज तोमर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कृष्ण राव दीक्षित, पार्षद अनिल सांखला, पार्षद गिरिराज सिंह कंसाना, समाजसेवी राम नारायण मिश्रा, भाजपा नेता विनय जैन, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, पूर्व सभापति नगर निगम गंगाराम बघेल आदि शामिल थे। इसके अलावा श्रद्धांजलि व्यक्त करने पहुंचने वाले लोगों में ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पुलिस ने संगठन कार्यकर्ता पर दर्ज किए केस, श्रद्धांजलि रैली का रास्ता भी बदला, पीड़ितों ने कहा, पुतला संघ का नहीं, एंडरसन के सहयोगियों का प्रतीक

# गैस पीड़ितों की रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यूनीफार्म के पुतले पर विवाद, पुतला जब्त कर भारी पुलिस बल ने स्थिति पर किया नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गैस त्रासदी के विरोध में बुधवार दोपहर भोपाल टाकीज पर गैस पीड़ित संगठन द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली में उस समय विवाद हो गया, जब प्रदर्शनकारी बिना अनुमति के पुतला दहन करने का प्रयास करने लगे। दरअसल, भोपाल ग्रुप फॉर इनफॉरमेशन एंड एक्सन की अध्यक्ष रचना ढींगरा प्रदर्शनकारियों के साथ रैली में एंडरसन का पुतला लेकर पहुंची थी। हाथ ठेले पर उन्होंने आरएसएस के प्रतीक का पुतला भी रखा था। संघ के प्रतीक का पुतला ठेले पर रखकर ले जाने की बात की जानकारी लगते ही भाजपा नेता और आरएसएस के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुतला छीनने का प्रयास किया। इस पर विवाद हो गया। लिहाजा पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

पुलिस ने विवादित पुतला जब्त कर रैली रोक दी। रैली भारत टॉकीज ब्रिज से जेपी नगर गैस त्रासदी स्मारक तक जाने वाली थी, लेकिन विवाद ने रास्ता बदल दिया। मंगलवारा पुलिस ने उक्त मामले में चौक बाजार के भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर की शिकायत पर ग्रुप फॉर इनफॉरमेशन एंड एक्सन की अध्यक्ष रचना ढींगरा और उनके साथ प्रदर्शन कर रहे सरिता गुप्ता, बालकृष्ण नामदेव, सतीनाथ षडंगी के खिलाफ सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने और इलाके की शांति भंग करने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। इधर, पीड़ितों का कहना है कि यह पुतला संघ का नहीं, बल्कि डाव के सहयोगियों का प्रतीक है।

◆ *संघ के प्रतीक का पुतला ठेले पर रखकर ले जाने की जानकारी लगते ही भाजपा नेता और आरएसएस के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे*



गैस त्रासदी के विरोध में बुधवार को गैस पीड़ितों ने रैली निकाली। रैली में डाव केमिकल कंपनी और एक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की यूनीफार्म के पुतला ले जाते हुए।

### अब भी त्रासदी का दंश झेल रहा भोपाल

गैस पीड़ित संगठन के बालकृष्ण नामदेव ने बताया कि गैसकांड को भले ही कई साल बीत गए हो, लेकिन गैस पीड़ित आज भी दुनिया की सबसे भयानक त्रासदी का दंश भोग रहे हैं। जिस जगह फैक्ट्री है, उसके जहरीले कचरे की वजह से आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में पीने का पानी दूषित है। इस वजह से हजारों लोग गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं।



गैस त्रासदी की बरसी पर संगठनों ने निकाली रैली।


रैली में हिलाएं और पुरुष हाथ में बैनर और तख्ती लिए हुए।

### एंडरसन और आरएसएस के प्रतीक का पुतला लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारी

*पुलिस के अनुसार 34 साल के आशीष सिंह ठाकुर, घोड़ा नक्काश, हनुमानगंज में रहते हैं। वे चौक बाजार में भाजपा के मंडल अध्यक्ष और आरएसएस के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने मंगलवारा पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे गैस त्रासदी की बरसी पर कुछ संगठनों द्वारा रैली निकाली जा रही थी। इस दौरान महिलाएं और पुरुष हाथ में बैनर और तख्ती लिए हुए थे। वे प्रदर्शन कर रहे थे और ठेले पर एंडरसन का पुतला रखा हुआ था। एंडरसन के पुतले के अलावा आरएसएस के प्रतीक का पुतला भी ठेले पर रखा हुआ था। यह बात पता चलते ही वह अपने साथी सतीश, जगमोहन राजपूत, तरण प्रजापति सहित अन्य के साथ भारत टॉकीज पहुंचे। उन्होंने देखा तो ठेले पर आरएसएस की प्रतीक का पुतला रखा हुआ था। इस दौरान वहां पर पुलिस बल भी मौजूद था। पुलिस ने उनसे रैली की अनुमति साथ ही पुतला दहन की अनुमति मांगी तो वह नहीं दिखा सके।*

### शांति भंग करने की कोशिश की गई

*आशीष सिंह ठाकुर ने बताया कि भोपाल ग्रुप फॉर इनफॉरमेशन एंड एक्सन की अध्यक्ष रचना ढींगरा और उनके कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र का सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने और शांति भंग करने की कोशिश की गई है। आरएसएस के प्रतीक का पुतला दहन बनाए जाने से हमारी भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है।*

### सहयोगी का पुतला है

*संगठन की रचना ढींगरा ने बताया कि गैस त्रासदी में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह रैली निकाली जा रही थी। इसमें एक पुतला डाव केमिकल कंपनी और यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का था, जबकि दूसरा उनके सहयोगी का पुतला है।*

### बीएमएचआरसी में गैस पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर बुधवार तीन दिसंबर को बीएमएचआरसी में दिवंगत गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग यादव एवं कर्मचारियों ने इस भीषण औद्योगिक आपदा में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि एवं आशा स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग यादव ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक गहरी सीख है। हम दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह संकल्प लेते हैं कि उनके दर्द और संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जाएगा। बीएमएचआरसी निरंतर गैस पीड़ितों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर है।


गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते संस्थान के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग यादव एवं अन्य कर्मचारी।

### निर्भया की महिलाओं ने रंगोली बनाकर किया याद

निर्भया फाउंडेशन की महिलाओं ने बुधवार को भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें निर्भया की महिलाओं ने मृत हुए लोगों की याद में रंगोली बनाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि पेश की। कार्यक्रम में निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष शेर अफजल खान, डारेक्टर समर खान सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर अधीक्षिक इंद्रा मौर्य, भारती नरवरे, गुलशाद बेगम सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।


रंगोली बनाती हुई निर्भया की महिलाएं।

---

कल के बाद से ही दिखने लगेगा ठंडक में मामूली तेजी का असर, पारा अभी ज्यादा नहीं गिरेगा

# भोपाल में रात का पारा मामूली बढ़ा फिर भी हवाओं में तेज सर्दी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में बुधवार को रात का पारा मामूली बढ़ा, लेकिन हवाओं में ठंडक के तेवर कम नहीं हुए हैं। अभी तीन दिन तापमान में ज्यादा कमी नहीं आएगी। इसके बाद फिर से शीतलहर लोगों को कंपकंपाएगी। बुधवार को शहर में दिन का तापमान दशमलव 6 डिग्री गिरकर 25.4 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 9.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.2 डिग्री कम है। भोपाल सहित प्रदेशभर में अभी रात का पारा सामान्य से औसतन अधिक और दिन का पारा नॉर्मल से कम बने रहने का ट्रेंड है।

इसमें पिछले इस सप्ताह के जैसी ही सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं पूरी तरह उत्तरी नहीं होने से कड़ाके की सर्दी नहीं है। 7 दिसंबर के बाद सर्दी में कुछ बढ़ोतरी की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से हवाएं बदलेंगी, जो सर्दी बढ़ाएंगी।

**प्रदेश में अभी तापमान सामान्य से कम बने रहने का ट्रेंड बरकरार, हिमालय में बर्फबारी, हवाएं पूरी तरह उत्तरी होने पर 7 दिसंबर के बाद होगी कड़ाके की सर्दी**


राजधानी में बुधवार शाम 5.30 बजे मनुआभाने टेकरी से लिया गया धुंध में ढके सूर्य का दृश्य।

### उत्तर प्रदेश पर इन्ड्यूस्ड सिस्टम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी पाकिस्तान और पंजाब के आसपास है। एक इन्ड्यूस्ड सिस्टम उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आसपास है। इससे अभी हवाएं पूरी तरह उत्तरी नहीं हो रही हैं, जिससे रात के तापमान में कभी मामूली कमी और बढ़ोतरी हो रही है। यह क्रम अभी जारी रहेगा।

### हवाओं में घुली है ठंडक

बुधवार रात से हवाओं में ठंडक अधिक महसूस की जा रही है, जबकि रात के तापमान में करीब एक डिग्री की बढ़त भी रही है। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार इसका कारण पहले हो चुकी बर्फबारी के बाद हवाओं के रुख में मामूली बदलाव के साथ ही हवाएं अधिक ठंडी महसूस होती है, जबकि तापमान बढ़ा हुआ दर्ज होता है।

### छह जिलों में पारा 10 डिग्री से कम

बुधवार को छह जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से कम रहा है। पचमढ़ी 6.7, शहडोल 7.1, उमरिया 8.2, इंदौर 8.4, अनूपपुर और शाजापुर में रात का पारा 8.7 डिग्री रहा है।

## हर माह 86 हजार देकर वृद्धाश्रम में रहेंगे बुजुर्ग

**भोपाल।** यदि आपकी उम्र साठ वर्ष से अधिक है और आप अपना बाकी जीवन वृद्धाश्रम में गुजारना चाहते हैं तो इसके लिए आपको हर माह 86 हजार 980 रुपए देने होंगे। यह किराया किसी फाइव स्टार निजी होटल का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा बनवाए गए ओल्ड एज होम के डबल बैड वाले एक कमरे का है। सरकार ने इसमें रहने के लिए वृद्धों से आठ दिसंबर तक आवेदन बुलाए हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने लिंक रोड नंबर तीन पर सर्व सुविधाओं से युक्त सशुल्क ओल्ड एज होम तैयार किया है।

■ सरकार ने आठ दिसंबर तक बुलाए आवेदन

यहां 56 वृद्धजनों के रहने का इंतजाम किया गया है। इस ओल्ड एज होम का संचालन सेवा भारती द्वारा किया जाना है। इस ओल्ड एज होम में कुल 34 कमरे उपलब्ध हैं। यहां साठ वर्ग मीटर में बने डबल बैड वाले कमरे का किराया 78 हजार 980 रुपए है।

ऐसे दो कमरे उपलब्ध हैं। वहीं 90 वर्गमीटर वाले डबल बैड कमरे का किराया 86 हजार 980 रुपए है, ऐसे आठ कमरे उपलब्ध हैं। 56.5 वर्गमीटर वाले डबल बैड कमरे का किराया 76 हजार 980 रुपए है। ऐसे बारह कमरे उपलब्ध हैं। सिंगल बैड वाले 35 वर्गमीटर वाले चार कमरे उपलब्ध हैं इसका प्रति कमरे का किराया 47 हजार 990 रुपए प्रति माह है। वहीं सिंगल बैड वाले 33.5 वर्ग मीटर के छह कमरे उपलब्ध हैं। प्रत्येक कमरे का किराया 45 हजार 990 रुपए मासिक है।

मंगलवार को स्टोर से कागज जारी होने की मंजूरी

# एसआईआर के चलते निगम की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा से प्रमाण-पत्रों के जारी होने का काम अटका, दो दिन से कागज खत्म




*रोजाना 150 से 200 प्रमाण-पत्र होते हैं जारी, विशेष प्रकार का कागज स्टोर से करवाया जाता है मुहैया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा में बीते दो दिन से प्रमाण-पत्रों के जारी होने का काम अटका हुआ है। इसके कारण लोग परेशान हो रहे हैं। दरअसल निगम के बडी संख्या में कर्मचारी एसआईआर के काम में लगे हैं और जिस कागज पर प्रमाण-पत्र जारी होता है वो खत्म हो गया है।

विशेष प्रकार का कागज निगम के स्टोर से मुहैया करवाया जाता है हालांकि मंगलवार को कागज जारी होने की मंजूरी मिल गई, लेकिन बुधवार को अवकाश के कारण गुरुवार को प्रमाण-पत्र जारी होने का काम शुरू होगा।

### प्रमाण-पत्र बनवाने वाले लोगों की संख्या भी कम

जानकारी के अनुसार आईएसबीटी परिसर स्थित नगर निगम की जन्म-मृत्यु शाखा से रोजाना 150 से 200 प्रमाण-पत्र जारी होते हैं। यह संख्या बढकर 300 तक भी पहुंच जाती है, लेकिन एसआईआर के चलते वर्तमान में यहां प्रमाण-पत्र बनवाने वाले लोगों की संख्या भी कम है। जिन लोगों के प्रमाण-पत्रों को एप्रव्यूल मिल गया है उनके प्रिंट नहीं मिल रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार कागज खत्म होने के कारण 600 से 700 प्रमाण पत्र अटके हैं जो कागज मिलते ही जारी हो जाएंगे। शाखा के रजिस्ट्रार सत्यप्रकाश बढ़गईया ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के चलते जन्म प्रमाण पत्रों की मांग में भारी बढ़ोतरी भी हुई है। बीते कुछ दिनों में बड़ी संख्या में आए आवेदनों के कारण स्टाक समाप्त हो गया। स्टोर से कागज जारी करने की अनुमति मिल गई है। कागज मिलते ही प्रमाण-पत्र जारी होना शुरू हो जाएंगे।

7 दिसंबर को क्लेट 2026 की परीक्षा

# प्रदेश में चार शहरों के साथ देश के 139 सेंटर्स पर होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित देशभर में 7 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शाम के 4 बजे तक क्लेट प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 (क्लेट) परीक्षा देशभर में 139 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

मध्य प्रदेश में क्लेट की परीक्षा चार प्रमुख शहरों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर होगी। इसके लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में बनाए गए हैं। यह परीक्षा देशभर के 25 नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में यूजी और पीजी में एडमिशन के लिए होता है। 22 नवंबर को इसका एडमिट कार्ड जारी किया जा चुका है।

*रिपोर्टिंग टाइम रहेगा एक घंटे पहले, एक बजकर 45 मिनट के बाद नहीं मिलेगी एंट्री*

### यह होगी रिपोर्टिंग टाइम

परीक्षा केंद्र पर आवेदक को दोपहर एक बजे पहुंचना होगा। दोपहर दो बजे से परीक्षा शुरू होगी। इस लिए 1:45 बजे के बाद एंट्री नहीं मिलेगी। परीक्षा 4 बजे तक चलेगी। इसके बाद 4:15 मिनट पर परीक्षा हॉल से बाहर निकलना होगा। यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। इस परीक्षा में भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, व्यक्तिगत वस्तुएं, रंगीन पानी की बोटल आदि प्रतिबंधित रहेगी।

**120 अंकों का होगा पेपर:** क्लेट 2026 परीक्षा कुल 120 अंकों की होगी। कुल 5 सेक्शन्स होंगे। पहला सेक्शन करेंट अफेयर्स और जीके, दूसरा सेक्शन इंग्लिश लैंग्वेज, तीसरा सेक्शन लॉजिकल रीजनिंग, चौथा क्वांटिटेटिव टेक्नीक्स और 5वां सेक्शन लीगल रीजनिंग है।

## धार्मिक उत्साह में सुबह से भी बड़ी संख्या में पहुंचीं महिलाओं ने किए भजन

# मां संकट हरनी देवी मंदिर में की विधि-विधान से कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जवाहर चौक स्थित मां संकट हरनी देवी मंदिर में कलश स्थापना समारोह धार्मिक उत्साह और पारंपरिक आस्था के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें हजारों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर भाग लिया। हाथों में कलश लिए महिलाएं ढोल-ढमाकों, शंखनाद व भजन-कीर्तन के बीच मंदिर की ओर रवाना हुई। पूरे मार्ग में माहौल भक्तिमय रहा और 'जय माता दी' के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। आयोजन के दौरान भक्तों के लिए पानी, प्रसाद और बैठने की विशेष व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग और विधायक भगवान दास सबनानी मौजूद रहे। इसके साथ ही संत समाज के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अनिलानद जी महाराज, मर्घटिया मंदिर के महंत कन्हैया दास, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, कार्यक्रम आयोजक मनीष श्रीवास्तव, पंडित राजेंद्र शर्मा, प्रदीप मिश्रा, प्रतीक अवस्थी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

**भक्तों के लिए पानी, प्रसाद और बैठने की विशेष व्यवस्था की गई**


जवाहर चौक स्थित मां संकट हरनी देवी।

### पंडितों ने की पूजा-अर्चना

मंदिर परिसर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान से कलश स्थापना की गई। पंडितों द्वारा पूजन-अर्चन कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर बन चुका है, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### श्रीराधा-कृष्ण मंदिरों में शीतकालीन अंगीठी अनुष्ठान शुरू

*राजधानी के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में व्यंजन द्वादशी से शीतकालीन अंगीठी अनुष्ठान शुरू हुआ। श्रीराधा वल्लभ संप्रदाय में ठंड बढ़ते ही भगवान को कोयले की मंद आंच देकर गरमाहट प्रदान करने की परपंरा निभाई जाती है। मारवाड़ी रोड स्थित हित रसिक मंडली मंदिर, इब्राहिमपुरा स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर, मारवाड़ी रोड स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर और तलैया चौबदारपुरा स्थित श्री बांके बिहारी मार्कण्डेय मंदिर में सिगड़ी रखी गई। मंदिर के पुजारी पंडित भूपेश आचार्य ने बताया कि श्रीराधा वल्लभ परंपरा में यह सेवा अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। गर्भगृह में मिट्टी की सिगड़ियां भगवान को शीत से बचाया जाता है। कोयले की आंच से मंदिर का तापमान नियंत्रित रहता है और कई भोग-व्यंजनों की पाक विधियां भी आंच से पूरी की जाती है।*

### श्री धूनीवाले दादाजी की पुण्यतिथि पर हुआ भंडारा

*जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में बुधवार को श्री धूनीवाले दादाजी (केशवानंदजी महाराज) की पुण्यतिथि पर दादाजी धाम मंदिर की गर्भग्रह में विराजमान श्री धूनी वाले दादाजी की प्रतिमा का रुद्री पाठ से अभिषेक, विधि विधान से पंडितों द्वारा किया गया। यहां इको फ्रेंडली भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव एवं ट्रस्टियों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इको फ्रेंडली भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें स्टील के बर्तन का उपयोग किया गया। 700 से अधिक स्टील की थालियों पर भोजन परोसा गया। स्टील के ही ग्लास में पानी दिया गया।*

9 आउटर पर खड़ी ट्रेन में महिला यात्री का बैग ...



10 ग्रीन आउटफिट से लेकर मार्स मिशन ...










## हुजूर में 87 और उत्तर का 83 फीसदी काम हुआ पूरा

# एसआईआर में बैरसिया रहा सिरमौर, 29 दिन में काम, 94.65% वोटर्स का डिजिटाइजेशन

*एबसेंट, शिफ्टेड को भरना होगा नया फार्म, वर्ना कटेगा नाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत पिछड़ रहे भोपाल में आखिरकर सातों विस में से बैरसिया ने 29 दिन में काम पूरा कर लिया है। बुधवार को बैरसिया में 94.65 फीसदी मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कर दिया गया। जबकि शेष मतदाताओं को अनकलेक्टेबल में रखा गया है। इस तरह बैरसिया में एसआईआर का काम सौ फीसद आंकड़े को छू गया है। ऐसे में बैरसिया अन्य विस के मुकाबले सिरमौर बन गया है। हालांकि इस विस में 13 हजार 500 मतदाताओं ने गणना पत्रक वापस नहीं किए। इसके साथ साढ़े पांच हजार मतदाताओं की मैपिंग भी नहीं हुई है। ऐसे में यहां पर करीब 19 हजार लोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

इधर जिले में 79.16 फीसद काम पूरा कर लिया गया है, जिसमें 69.64 फीसद मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया गया है। अब हुजूर और उत्तर भी एक दो दिन में काम पूरा कर सकते हैं। दरअसल हुजूर में 87 और उत्तर का 83 फीसद काम हुआ है। जिसको लेकर बीएलओ और अफसरों ने सौ फीसद काम पूरा करने की कोशिश शुरु कर दी है। दरअसल मतदाता गणना पत्रक भरकर वापस नहीं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिन मतदाताओं के नाम दूसरी जगहों पर जुड़े हैं, उन्होंने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि जिन मतदाताओं बीएलओ के लगातार जाने के बाद भी गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं, उन्हें अनकलेक्टेबल की केटगरी में रखा गया है।

बैरसिया में 13 हजार 500 वोटर ने वापस नहीं किए गणना पत्रक

जिले में 79.16% काम पूरा, जिसमें 69.64% वोटर का डिजिटाइजेशन

### अठारह घंटे में गायब केटेगरी में आए 71 हजार वोटर्स



*रोशनपुरा में एसआईआर का कार्य करते कर्मचारी।*

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक मतदाताओं से गणना पत्रक भरकर लिए जाने हैं। जिसको लेकर काम तेज कर दिया गया है। काम का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पिछले 18 घंटे में गायब केटगरी (अनकलेक्टेबल) में 71 हजार से अधिक वोटर्स को ऑनलाइन डिजिटाइज कर दिया गया है। जिससे लंबे समय से 5 प्रतिशत पर चल रहा इसका आंकड़ा बढ़कर 9.15 पर पहुंच गया है। ऐसे में इस केटगरी के करीब दो लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटकर नोटिस भेजे जाएंगे।

**88 हजार की नहीं हुई मैपिंग, देना पड़ेंगे दस्तावेज**

*एसआईआर के दौरान गणना पत्रक भरकर वापस देने वाले मतदाताओं में 88 हजार से अधिक मतदाता ऐसे सामने आए हैं, जिनका वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम नहीं था। इसके साथ इन मतदाताओं के माता-पिता, दादा-दादी का नाम भी इस वोटर लिस्ट में नहीं था। जिससे इन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है। अब इन मतदाताओं को नोटिस देकर उम्र के हिसाब से दस्तावेज देना पड़ेंगे।*

### *जिले में 30 फीसदी गणना पत्रक नहीं मिले वापस*

बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर में वर्तमान में 21 लाख 25 हजार 908 मतदाता दर्ज हैं। जिसके तहत जिले के 2029 बीएलओ ने 99 फीसद से ज्यादा मतदाताओं को पत्रक बांट दिए थे, लेकिन तीस फीसद मतदाताओं ने अब तक गणना पत्रक ही वापस नहीं किए हैं। अब इस केटेगरी के मतदाताओं की तादाद 1 लाख 95 हजार से अधिक हो गई है। अब इन लोगों को नया आवेदन ही पेश करना पड़ेगा।

**दक्षिण-पश्चिम विस में काम न करने वाला बीएलओ सस्पेंड**

दक्षिण-पश्चिम में बूथ नंबर-213 के बीएलओ निर्भय सिंह प्रजापति को काम में लापरवाही पर सस्पेंड कर दिया है। प्रजापति लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग माता मंदिर पर वालमैन के पद पर पदस्थ है। एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा के प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में शुरू होगा पर्यटन का नया दौर

20 शिकारे बड़ी झील में पहुंचे

# भोपाल में मिलेगा डल झील जैसा अनुभवः मुख्यमंत्री आज बड़े तालाब में शिकारा नाव का करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



*बड़ी झील की जेट्टी पर खड़े शिकारे।*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को सुबह 9 बजे बड़े तालाब के बोट क्लब पर 20 नवीन 'शिकारा नाव' की सेवा का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में कई विधानसभा सदस्य भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश में पर्यटन विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

भोपाल के बड़े तालाब में कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील की तर्ज पर शिकारे संचालित करने की यह अनूठी पहल की गई है। यह पहल न केवल प्रदेश के जल-पर्यटन को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान देगी, बल्कि पर्यटकों के लिए प्रकृति के सानिध्य में सुकून के कुछ पल बिताने का एक जरिया भी बनेगी। यह शिकारे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था की ओर से निर्मित किए गए हैं। यह शिकारे पूर्व में केरल, बंगाल और असम में भी पर्यटकों की ओर से अत्यंत पसंद किए जा रहे हैं। भोपाल का बोट क्लब इन आकर्षक शिकारों के साथ पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होगा।

**वाटर टूरिज्म को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना**

इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में वॉटर टूरिज्म को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है। प्रदेश में पहली बार इतने वृहद स्तर पर शिकारों का संचालन किया जा रहा है। इन सभी 20 शिकारों का निर्माण प्रदूषण रहित आधुनिक तकनीक से किया गया है। इनका निर्माण 'फाइबर रीइन्फोर्स्ड पॉलीयूरिथेन' और उच्च गुणवत्ता वाली नॉन-रिएक्टिव सामग्री से हुआ है, जो जल के साथ किसी भी प्रकार की रासायनिक क्रिया नहीं करती।



## ऑपरेशन रीजन के चलते हुए दो उड़ानें कैंसिल, कुछ लेट आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संतनगर हवाई क्षेत्र में ऑपरेशन रीज़न के चलते राजाभोज पर भी उड़ानें प्रभावित हुई हैं। बुधवार को इंडिगो एयरवेज़ की बेंगलुरू और रायपुर उड़ान को कैंसिल किया गया वहीं इंडिगो की मॉर्निंग और दिल्ली उड़ानें भी 1-2 घंटे देरी से भोपाल पहुँची। मालूम हो कि देश में विमानों के ऑपरेशन व पायलटों की कमी के कारण उड़ानें प्रभावित हो रही है। इसी तारतम्य में इंडिगो की ईवनिंग बेंगलुरु और रायपुर को कैंसिल कर दिया गया हालांकि इसकी सूचना पहले ही पैसेंजरों को दे दी गई थी जिसके कारण उन्होंने अन्य वैकल्पिक व्यवस्था कर ली थी। इसके बावजूद भी कई यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## एएमए की मांग पर जारी किया स्ट्रेवेकेंसी का दूसरा राउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल प्रदेश के 63 आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी आयुष मेडिकल कॉलेजों में स्ट्रेवेकेंसी प्रथम राउंड के पूर्व 2007 आयुष यूजी सीटें रिक्त थी। स्ट्रेवेकेंसी प्रथम राउंड के पश्चात लगभग 1250 से ज्यादा आयुष यूजी सीटें खाली रह गई हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन 0 के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि संगठन ने संचालनालय आयुष मप्र व केंद्रीय आयुष मंत्रालय से नीट पर्सेंटाइल कम कर पुनः एक राउंड की अतिरिक्त काउंसलिंग करने की मांग की थी। संचालनालय ने संक्षिप्त सत्र 2025-26 में आयुष नीट यूजी स्ट्रेवेकेंसी राउंड का द्वितीय चरण जारी किया।

## जांच में खुलासा, कहां-कहां काटी थी आरोपी ने फरारी

# 'दरिंदा' अस्पताल से जेल पहुंचा, पनाह देने वाले भी सलाखों के पीछे, बच्ची की अस्पताल से छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



गौहरगंज क्षेत्र में 21 नवंबर को हुए 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। कई दिनों तक फरारी के बाद आरोपी को पुलिस ने भोपाल में पकड़ लिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी को भागने और छिपने में तीन लोगों ने मदद की थी। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर, पीड़िता की हालत में सुधार के बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

21 नवंबर को वारदात के बाद आरोपी बच्ची को जंगल में अधमरी छोड़कर भाग निकला। उसने हाईवे किनारे एक दुकान से सिगरेट ली, जहां पीड़िता के पिता ने उसे पकड़ने की कोशिश की, मगर वह जंगल की ओर भाग गया। कुछ देर बाद वह एक झोपड़ी में पहुंचा। यहां से उसने दो मोबाइल चुरा लिए और कपड़े बदले। इसके बाद एक ट्रैक्टर से लिफ्ट लेकर वह गोहरगंज कोर्ट के पास उतरा और फिर हाईवे के रास्ते बस पकड़कर नादरा बस स्टैंड पहुंच गया।

खंडहरनुमा मकान में गुजारीं रातें, फिर मकान में करता रहा मजदूरी

वारदात के बाद पहचान छिपाने के लिए घूमता रहा मास्क लगाकर

### शरण देने वाले तीन लोगों और एक परिचित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



*कोर्ट में पेश करने मददगारों को ले जाते हुए।*

पुछताछ में आरोपी ने माना कि उसे लग रहा था बच्ची उसे पहचान नहीं पाएगी, इसलिए उसने उसे आसान निशाना समझा। वारदात के बाद वह लगातार मास्क लगाकर घूमता रहा ताकि पहचान न हो सके। मुख्य आरोपी के साथ-साथ उसे शरण देने वाले तीन लोगों एक मकान मालिक, एक ठेकेदार और एक परिचित को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### *भोपाल में घूमता रहा, चोरी किए मोबाइल के पार्ट्स बेचे*

22 नवंबर को वह हबीबगंज इलाके में देखा गया, जहां उसने मोबाइल को तोड़कर उसके पुर्जे कबाड़ में बेच दिए। इसके बाद वह करोंद मंडी की एक इमारत में रात गुज़ारता रहा। 23 नवंबर को काम की तलाश में एक निर्माणधीन मकान तक पहुंचा। यहीं उसे दो लोगों ने उसे तीन दिन तक मजदूरी पर रखा और पनाह दी। 26को आरोपी ने एक और चोरी का मोबाइल बेच दिया और फुटपाथ पर रात बिताई। 27 की रात वह गांधी नगर क्षेत्र में किराये का कमरा खोज रहा था, तभी कुछ युवकों को उसकी हरकतों पर शक हुआ। वायरल हुई तस्वीरों के आधार पर युवकों ने उसे पहचान लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**बच्ची की स्थिति में सुधार पुलिस बल तैनात**

अधिकारियों के अनुसार, बच्ची की स्थिति में सुधार होने पर उसे अस्पताल से घर भेज दिया गया है। पुलिस ने परिवार की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

# डिफाल्टर किसानों को राहत देने सरकार वन टाइम सेटलमेंट योजना लाएगी : मंत्री विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग एवं लखन पटेल ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। दोपहर 1 से शुरू हुआ यह संवाद में 3 बजे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया।

कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मप्र भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा बनाई गई व्यवस्था से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। कांग्रेस से किसी भी प्रकार के सम्मान या सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के डिफाल्टर किसानों को राहत देने के लिए जल्द ही वन-टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी। डिफाल्टर सूची से किसानों को निकालकर रेगुलर श्रेणी में शामिल किया जाएगा, ताकि वे फिर से ऋण प्राप्त कर सकें। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए गबन और घोटालों का असर किसानों पर न पड़े, इसके लिए सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाई जा रही है।

## प्रदेश कार्यालय में मंत्री सारंग और पटेल ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**खास बातें**

- कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया
- सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाएंगे



कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद सहकारिता मंत्री सारंग ने मीडिया को संबोधित किया।

### योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिलती रहेगी: मंत्री सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि कार्यकर्ताओं से संवाद की इस व्यवस्था से भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रगति संबंधी जानकारी भी समय-समय पर मिलती रहेगी, और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अनावश्यक मुद्दे उठाकर सिर्फ मीडिया में स्थान पाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्त्व में भाजपा को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देती आ रही है, यही कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है। कांग्रेस की पुरानी आदत है कि राहुल गांधी विदेश जाकर प्रधानमंत्री का अपमान करते हैं, तो कभी उनके नेता सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करते हैं।

### पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने घर से कांग्रेस का संगठन को चला रहे हैं, इसलिए कांग्रेस की स्थिति प्रदेश में लगातार खराब होता जा रहा है। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को मध्यप्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से नकारकर समीक्षा के लिए विपक्ष में बैठाया है। कांग्रेस को अपनी समीक्षा करनी चाहिए कि आखिरकार मध्यप्रदेश की जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार क्यों दिया है।

### जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा: पटेल

मंत्री लखन पटेल ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के समाधान के लिए अच्छी व्यवस्था बनाई है। प्रतिदिन सरकार के मंत्री भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इसका जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा। कांग्रेस के पास कोई काम नहीं बचा है, इसलिए हमारी पार्टी की व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। अगर कांग्रेस ने अच्छा काम किया होता तो केंद्र और राज्य में सालों से सत्ता से बाहर नहीं होती। कांग्रेस 50 साल सत्ता में रही, लेकिन जनता के कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं किया।

#### जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित

भाजपा कार्यालय में शासन के मंत्री का प्रतिदिन कार्यकर्ताओं से संवाद करना और जनसमस्याओं के समाधान के लिए बैठना यह दर्शाता है कि पार्टी कार्यकर्ता-हित और जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित है। यह निरंतर संवाद भाजपा की जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध कार्यशैली को मजबूत रूप में प्रदर्शित करता है।

- आयुष शर्मा, शोधार्थी

#### कार्यकर्ता खुश और संतुष्ट

भाजपा संगठन की यह एक अच्छी पहल है। कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के साथ उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। यह व्यवस्था कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के सुगम समाधान के लिए बेहतर है। कार्यकर्ता इससे खुश और संतुष्ट हैं।

सुबेदार सिंह सिकरवार, पूर्व विधायक, जौरा

#### यह बहुत ही बेहतर पहल

कार्यकर्ता जब अपनी बात सही मंच तक पहुंचाता है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। यह संवाद व्यवस्था संगठन को और मजबूत बनाने के साथ कार्यकर्ता को यह अनुभव कराती है कि उसकी बात सही मंच पर पहुंच गई है। यह बहुत ही बेहतर पहल है।

अशोक विश्वकर्मा, प्रदेश सह संयोजक, भाजपा विधि

#### कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा

यह संगठन की एक बेहतर पहल है। सरकार के मंत्री जब कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे तो इससे कार्यकर्ताओं में विश्वास बढ़ेगा। वहीं जमीनी स्तर पर शासन और संगठन दोनों को फायदा मिलेगा।

योगेश शुक्ला, कार्यकर्ता

## मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा की

# बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए किया जाएगा तैयार

- **बॉन्ड वाले डॉक्टर्स के भर्ती नियम बदलेगी सरकार, कैबिनेट में लाएंगे प्रस्ताव**
- **अधिकाधिक अस्पतालों और डॉक्टर्स को आयुष्मान योजना से जोड़ने होंगे प्रयास**
- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा**

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में अधिकाधिक नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाया जाए। ऐसे अस्पताल या डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल्ड नहीं है, उन्हें भी योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा ग्रहण कर रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनकी फीस सरकार द्वारा अदा की जा रही है, ऐसे बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को मध्यप्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए रोका जाए।

बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज़ कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाएं। डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को शासकीय डॉक्टर्स के रूप में भर्ती करने के लिए, इनके भर्ती नियम संशोधित किए जा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा।



समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव साथ में मौजूद उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा शुक्ल, राज्यमंत्री पटेल।

### 108 एम्बुलेंस सेवा की सख्ती से करें निगरानी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस की स्थापना के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में गर्भवती माताओं का बेवजह सीजेरियन आपरेशन करने की शिकायत आती रहती हैं, इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस के चालकों द्वारा ज़बरदस्ती मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाने की शिकायतें आती हैं, इसकी सख्ती से निगरानी करें और ऐसी प्रवृत्ति को रोकें। बताया गया कि दो साल मे 84 ज्यादा से अधिक कार्डियक सर्जरी शासकीय अस्पतालों में हुई है।

### सीएम डॉ. मोहन ने कहा- डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए विभाग भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए। यह प्रयास किया जाए कि फील्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालन के लिए निजी चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाए। इसके लिए उन्हें कॉल पर बुलाने के अलावा अच्छा मानदेय (इन्सेंटिव) भी दिया जाए। ऐसे डॉक्टर्स को प्रदेश के जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए इन्हें भी आकर्षक मानदेय राशि दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में अधिक संख्या में डॉक्टर्स की आवश्यकता होगी। बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज़ कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाए।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताई तीन साल की कार्ययोजना

बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि अगले तीन सालों में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सीएम-केयर योजना के सफल क्रियान्वयन को कार्य योजना में ले लिया गया है। वर्ष 2028 की समाप्ति तक राजगढ़, मंडला, छतरपुर, उज्जैन, दमोह एवं बुधनी में निर्माणाधीन गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कर देने का लक्ष्य रखा गया है। सभी संभागीय मुख्यालय में कैथलैब की स्थापना भी वर्ष 2028 तक कर दी जाएगी। वर्ष 2028 तक मातृ मृत्यु दर 100 प्रति लाख जीवित जन्म करने का लक्ष्य है। खाद्य प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 41.07 करोड़ रुपए की कार्य योजना मंजूर कर दी गई है। औषधि प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए 211 करोड़ रुपए की लागत से 5 साल की कार्ययोजना है।

# सहकारी संस्थाएं किसानों को सशक्त बनाने करेंगी सभी आवश्यक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाना, उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना सहकारी संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य है। आगामी वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि एवं किसान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलवाने और फसल चक्र के अनुसार उन्हें सुगमता से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहकारिता विभाग कृषि विपणन सहकारी समितियां को मजबूत बनाने बनाने पर विशेष ध्यान दे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अपेक्स बैंक की 4 करोड़ 27 लाख 4 हजार 190 रुपए अंश पूंजी का लाभांश चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, खाद और बीज वितरण, कृषि उपज के समर्थन मूल्य पर उपार्जन, उचित मूल्य दुकानों के संचालन और सहकार से समृद्धि के अतहत संचालित गतिविधियों के तहत पिछले 2 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों, नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में आगामी 3 वर्ष की कार्य योजना पर भी विचार विमर्श हुआ।

- **वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि एवं किसान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा**
- **पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं, पैक्स के डिफॉल्टर किसानों को लाया जाएगा मुख्य धारा में**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा



बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते मुख्यमंत्री डॉ. यादव और सहकारिता मंत्री सारंग।

### पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीक्षा बैठक में कहा कि पंचायत स्तर पर पैक्स स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का प्राथमिकता के आधार पर कंप्यूटराईजेशन किया जाए, ताकि किसानों को सुगमता और पारदर्शिता के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने समिति के पदाधिकारियों के लिए प्रतिवर्ष संपत्ति का वार्षिक विवरण आवश्यक रूप से देने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### 15 कमजोर जिला सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक को 50-50 लाख उपलब्ध

कुल 4460 कॉमन सर्विस सेंटर, 4518 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, 63 जन औषधि केन्द्र, 59 जल कर वसूली केन्द्र, दो एग्री ड्रोन और 25 इफ्को आउटलेट की व्यवस्था की गई है। अब तक पैक्स को 4060 तथा डेयरी समिति को एक माइक्रो एटीएम वितरित हुआ। सहकारी कानूनों में जनसामान्य की सुविधा की दृष्टि से संशोधन किए गए हैं। सहकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से सहकारी समितियों को व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। किसानों से पूसा बासमती धान क्रय करने के लिए किसानों का आर्थिक लाभ सुविधा सुनिश्चित करते हुए मैजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड से अनुबंध किया गया है।

#### विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियां

15 कमजोर जिला सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक जिला बैंक को 50-50 लाख रुपए की अंशपूंजी शासन की ओर से उपलब्ध कराई गई है। मप्र एम-पैक्स के कम्प्यूटराईजेशन और ऑनलाईन ऑडिट में देश में सबसे आगे है। किसानों को उनके खातों के संबंध में जानकारी एसएमएस से उपलब्ध कराई जा रही है। पैक्स के सोसाइटी मैनेजर के लिए कैडर व्यवस्था लागू की गई है। राष्ट्रीयकृत बैंकों के मापदंड के अनुरूप सहकारी बैंकों में प्रबंधकों और बैंकिंग सहायकों की भर्ती तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

#### पराली की समस्या के निराकरण की दिशा में भी कार्य

पराली की समस्या के निराकरण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। बीज संघ ने बीज व्यवसाय को प्रोत्साहन देने के लिए एमपी चीता ब्रांड लांच किया है। नवीन एम पैक्स, डेयरी सहकारी समिति और मत्स्य सहकारी समिति के तहत कुल 1,601 समितियों का गठन किया गया है। मप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अभिनव पहल सीपीपीपी के तहत 19 एमओयू का निष्पादन किया गया। कंपनियों से 10,000 से अधिक विस्थापित लोगों की 350 सहकारी समितियां गठित कराकर विस्थापितों को सुरक्षा गार्ड, माली, श्रमिक जैसे कार्यों के लिए रोजगार दिया गया।

# रायसेन में पुल गिरने के मामले में एजीएम विक्रम सिंह निलंबित, जांच में ट्रैफिक, निगरानी में मिली लापरवाही

पुल की मरम्मत के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान भी नहीं रखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रायसेन जिले के बरेली-पिपरिया स्टेट हाईवे स्थित ब्रिज गिरने के मामले में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) में 3 दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी सहायक प्रबंधक विक्रम सिंह ठाकुर को बुधवार को सस्पेंड कर दिया गया।

1 दिसंबर को ब्रिज ढह गया था। हादसे में घायल बाइक सवार देवेंद्र सिंह धाकड़ (35) की मौत हो गई। वह अपनी बहन की विदाई कर लौट रहा था। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। इसी दिन एमडी भरत यादव ने मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई थी। जिसे तीन दिन में रिपोर्ट देना थी। इसी कमेटी ने बुधवार को प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंप दी। रिपोर्ट के अनुसार प्रथम दृष्ट्या पुल के संधारण में लापरवाही बरतने, पुल की मरम्मत के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखने व सुरक्षित यातायात आवागमन का प्रबंध नहीं किए जाने के कारण दुर्घटना होने का उल्लेख किया गया। इसके बाद प्रभारी सहायक महाप्रबंधक ठाकुर को निलंबित कर दिया गया।

### कार्रवाई नहीं होने से उठे थे सवाल

इससे पहले सोमवार को जारी आदेश में कॉपोरेशन ने मैनेजर एए खान को निलंबित कर दिया, जबकि वे भोपाल संभागीय कार्यालय में पदस्थ हैं। सीनियर अफसरों के निर्देश पर खान शाम 6 बजे मदद के लिए मौके पर पहुंचे थे, लेकिन आदेश में गलत तरीके से लिख दिया गया कि पुल उनकी देखरेख में बन रहा था। इसी आधार पर उन्हें तत्काल सस्पेंड कर दिया गया। हालांकि बताया जा रहा है कि ब्रिज का पूरा कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारी एडिशनल जनरल मैनेजर (एजीएम) विक्रम सिंह ठाकुर के पास थी। बजट स्वीकृति से लेकर साइट मॉनिटरिंग तक पूरा काम उन्हीं के अधीन था।

# महिला कांग्रेस की यात्राः इंदौर से भोपाल तक निकली वाहन रैली, जीतू बोले- संगठन को ऊर्जा देगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में महिला कांग्रेस के ऐतिहासिक में पहली बार इंदौर से भोपाल तक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने किया।

रैली के साथ ही महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीना



बौरासी सेतिया ने भोपाल पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि महिला कांग्रेस की यह ऐतिहासिक यात्रा संगठन को नई ऊर्जा देगी और प्रदेश में महिला नेतृत्व को और सशक्त करेगी। इधर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी की बरसी है और कांग्रेस जश्न मना रही है।

## दिसंबर के आखिरी सप्ताह में मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से चार जिला अस्पतालों के भूमिपूजन के लिए किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में चार पीपीपी मोड पर जिला अस्पताल का भूमिपूजन करने का निर्णय लिया गया है।

डॉ. मोहन यादव ने अस्पतालों के भूमिपूजन के लिए नड्डा को आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में उनका मध्य प्रदेश में दौरा होगा।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से भेंट करते सीएम।

### पीपीपी मोड पर होगा निर्माण

*नड्डा ने कहा कि पीपीपी मोड पर बनने वाले जिला अस्पतालों के भूमिपूजन की शुरुआत की जाएगी। बता दें कि मध्य प्रदेश में चार जिलों में पीपीपी मोड पर जिला अस्पताल बनाने का मध्य प्रदेश की सरकार ने कैबिनेट में फैसला किया था। जिसके बाद प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जिला अस्पताल बनाने के लिए जमीन भी आवंटित की थी।*

**एक हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजागर**

# मुख्यमंत्री से नई दिल्ली में मिले एनटीपीसी के चेयरमैन, नरसिंहपुर पॉवर प्लांट में सहयोग के लिए आभार जताया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को एनटीपीसी के चेयरमैन गुरदीप सिंह ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री से भेंट की। उन्होंने ग्लोबल निवेश सम्मेलन में हुए अनुबंध की प्रगति से अवगत कराया। सिंह ने गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर में 6000 करोड़ की लागत से आ रही 660 मेगावाट की दूसरी इकाई के भूमिपूजन के लिए चल रही तैयारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। एनटीपीसी के चेयरमैन सिंह ने एनटीपीसी की ओर से परमाणु संयंत्र और सोलर प्लांट लगाने के लिए राज्य के सहयोग के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। इस पॉवर प्लांट के तैयार हो जाने से एक हजार से अधिक लोगों को परोक्ष, अपरोक्ष रूप से रोजगार से जोड़ा जा सकेगा।

## चीतों की संख्या बढ़कर हुई 32

# मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर आज कूनो से जंगल में छोड़ेंगे 3 चीते

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर गुरुवार 4 दिसम्बर को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 3 चीतों को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश को चीता परियोजना की सौगात मिली थी। मोदी ने 17 सितम्बर, 2022 को अपने जन्म-दिवस पर कूनो पालपुर में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। नामीबिया से 8 चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था। वर्तमान में कूनो पालपुर और गांधी सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में प्रोजेक्ट चीता को 'इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। चीतों ने भारतीय वातावरण को आश्चर्यजनक रूप से पूरी तरह अपना लिया है। पिछले 3 वर्षों में 5 मादा चीता द्वारा 6 बार शावकों को जन्म देना इस परियोजना की सफलता और लचीलापन का परिचायक है।




राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्राः 4-5 दिसंबर

# 78 साल पुराने संबंधों को मोदी और पुतिन देंगे नया आयाम
## कई क्षेत्र में लिखेंगे सहयोग व साझेदारी की नई इबारत



किरिल नोविकोव पहले रूसी राजदूत बनकर दिल्ली एयरपोर्ट पर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ आए। 21 दिसंबर 1947 को भारत ने विजय लक्ष्मी पंडित को पहला राजदूत बनाया था।



7 जून 1955 पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू पहली बार मॉस्को पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव और रूस के सबसे बड़े नेता निकिता ख्रुश्चेव ने किया था।



27 मार्च 1960 को पीएम नेहरू दूसरी बार सोवियत संघ गए। इस दौरान सोवियत राजदूत इवान बेनेडिक्टोव और उनकी पत्नी ने नेहरू को भेंट स्वरूप गाय की रस्सी थमाई।



9 अगस्त 1971 को पीएम इंदिरा गांधी से दिल्ली में रूस के कद्दावर नेता और विदेश मंत्री आंद्रेई ग्रॉमिको से मुलाकात हुई थी। इसी वक्त भारत-रूस के बीच मित्रता संधि हुई थी।



26 नवंबर 1988 नई दिल्ली में सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव का पीएम राजीव गांधी ने स्वागत किया। दोनों नेताओं ने 'दिल्ली घोषणापत्र' जारी किया।



25-26 जनवरी 2007 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आए। तत्कालीन भारतीय पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के साथ उन्होंने परमाणु ऊर्जा के लिए तकनीक और संसाधन देने पर एमओयू किया।

सेंट्रल डेस्क, भोपाल की प्रस्तुति

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 साल बाद भारत के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आएंगे। पुतिन 4-5 दिसंबर को भारत में रहेंगे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से उनकी बातचीत होगी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनके सम्मान में रात्रिभोज देंगी। इससे पहले वे 6 दिसंबर 2021 को 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए थे। भारत और रूस के बीच एक विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी है और दोनों ही राष्ट्र कई अहम मौकों पर एक-दूसरे के साथ खड़े हुए नजर आए हैं। राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा के दौरान भारत और रूस अतिरिक्त एस-400 सिस्टम और सुखोई-57 लड़ाकू विमानों को लेकर रक्षा समझौते पर बात आगे बढ़ा सकते हैं। रूस के कच्चे तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर भी वार्ता हो सकती है। राष्ट्रपति पुतिन की ये यात्रा रूस और भारत को परमाणु ऊर्जा, रक्षा क्षेत्र, अंतरिक्ष, एआई, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का अवसर प्रदान करेगी। बता दें, भारत का मास्को में एक दूतावास और 4 महावाणिज्य दूतावास सेंट पीटर्सबर्ग, व्लादिवोस्तोक, कजान और येकातेरिनबर्ग में हैं। वहीं, रूस का नई दिल्ली में एक दूतावास है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में 3 वाणिज्य दूतावास हैं।


11 दिसंबर 2014 को व्लादिमीर पुतिन 15वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली आए थे

### भारत और रूस के बीच राजनीतिक संबंध

**1947**: भारत की स्वतंत्रता से पहले, भारत और सोवियत संघ ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए।
**1953**: भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग में विस्तार और भारत के औद्योगिक संरचना की नींव की साक्षी है।
**1971**: दोनों देशों के बीच 'शांति, मैत्री और सहयोग की संधि' पर हस्ताक्षर हुए।
**1991**: सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस और भारत ने 1991 में द्विपक्षीय संबंध स्थापित किए।
**2000**: 'भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी घोषणा' पर हस्ताक्षर के बाद से दोनों देशों ने नियमित शिखर सम्मेलन आयोजित करना शुरू किया।
**2010**: इस साझेदारी को 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिया गया।

### 12 साल में 20 बार मिले मोदी-पुतिन

- पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2014 से लेकर अब कई बार भेंट की है, जिसमें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन और बहुपक्षीय कार्यक्रमों से हटकर बैठकें शामिल हैं।
- 16 जुलाई 2014 में ब्राजील के फोर्टालेजा में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर उनकी पहली भेंट हुई।
- 1 सितंबर 2025 को 20वीं बार दोनों नेताओं ने चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय बैठक की।

वास्को डिगामा से पहले आया निकितिन

### 1469 में रूसी व्यापारी भारत के दीव पहुंचा, दक्षिण तक गया

वास्कोडिगामा 20 मई 1498 को भारत आया था। उससे पहले 1469 में रूसी यात्री और व्यापारी अफनासी निकितिन एक घोड़े और अपनी डायरी के साथ भारत पहुंचा था। निकितिन का जन्म 1433 में वोल्गा नदी के तट पर स्थित शहर त्वेर में हुआ था। निकितन ने 1466 में त्वेर छोड़ दिया। वह पर्शिया (आज का ईरान) में घुसा, होरमुज पहुंचा और वहां से अरब सागर के रास्ते भारत पहुंचा। निकितिन की नाव सबसे पहले दीव पहुंची जिसके बाद वह गुजरात में खंबात पहुंचा। वह महाराष्ट्र की कुंडलिका नदी के मुहाने पर स्थित चौल बंदरगाह पहुंचा। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के अलीबाग शहर के दक्षिण में मुंबई से 110 किलोमीटर दूर स्थित चौल एक सामान्य गांव है।

#### 3 साल तक भारत में रहा था

निकितिन तीन साल तक भारत में रहा। लौटते समय वह दाभोल से इथियोपिया गया, वहां से ईरान पहुंचा। इसके बाद उसने क्राइमिया और कीएव (मौजूदा यूक्रेन) से सड़क मार्ग से अपनी यात्रा जारी रखी। लेकिन 1472 में त्वेर पहुंचने से पहले ही रूस के स्मोलेंस्क में उसकी मौत हो गई। उसने अपनी यात्रा के बारे में एक डायरी में लिखा है। इस डायरी को 'खोजेनिये जात्रि मोर्या' यानी 'तीन सागरों के पार यात्रा' के नाम से जाना जाता है।



#### निकितिन के जीवन पर बनी थी भारतीय फिल्म परदेसी

भारत और रूसी फिलम निर्माताओं ने निकितिन नके जीवन पर एक फिल्म 'परदेसी' भी बनाई जिसे साल 1957 में रिलीज किया गया। ये फिल्म रूसी भाषा में रंगीन और हिंदी में ब्लैक एंड व्हाइट में रिलीज की गई थी। इस फिल्म में नरगिस, पृथ्वीराज कपूर, बलराज साहनी, पद्मिनी जैसे बड़े कलाकारों ने काम किया और रूसी अभिनेता ओलेग स्ट्रीजेना मुख्य भूमिका में थे।

### 41 साल बाद 1900 में खुला था रूस का पहला वाणिज्य दूतावास

*भारत में एक राजनयिक मिशन को खोलने के लिए सबसे पहले रूसी अनुरोध नवंबर 1858 में किया गया था। 41 वर्ष बाद तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने रूस को भारत में अपना पहला वाणिज्य दूतावास 22 नवंबर, 1900 में बम्बई में खोलने के लिए अनुमति दी गई थी। 5 वर्ष बाद, इसे महावाणिज्य दूतावास के रूप में उन्नत किया गया था और 1910 में कलकत्ता स्थानांतरित कर दिया गया। सोवियत संघ और भारत गणराज्य के बीच राजनयिक संबंध 13 अप्रैल, 1947 को स्थापित हुए। यह तारीख ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने की तारीख 15 अगस्त 1947 से कुछ माह पहले की है। इससे पहले भारतीय क्रांतिकारी कार्यकर्ता एम.एन. रॉय वीएल लेनिन के साथ 1920 में मास्को में भेंट की और 1920 के दौरान सोवियत नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखा। जवाहर लाल नेहरू और उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित ने उनके पिता मोतीलाल नेहरू के साथ, 1917 क्रांति की दसवीं सालगिरह के समारोह के लिए पहली बार 1927 में सोवियत संघ का दौरा किया था। 1902 दो स्टीमर लाइनों को शुरू किया गया जो भारत-रूस व्यापार सेवा में सहायक रहा। 1900-1901 में भारत में आयातित मिट्टी के तेल का 90 प्रतिशत से अधिक बाकू से बाटुमी के माध्यम से बंबई आया। उसी दौरान रूस भी ब्रिटिश के बाद भारतीय चाय का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार था।*

## 23 साल में बदल गई तस्वीर



*4 से 7 नवंबर 2001 को पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की रूस में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात हुई थी। इस दौरान रक्षा मंत्री जसवंत सिंह के साथ गुजरात के तत्कालीन सीएम और वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी पीछे खड़े हैं।*



*रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 9 जुलाई 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी को मॉस्को के ग्रैंड कैमलिन पैलेस में रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल प्रदान किया था।*

### आईआरआईजीसीः सरकारी मामलों का सेतु

भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी) के दो भाग हैंः- पहला- व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) जिसकी सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री (ईएएम) और रूस के प्रथम डिप्टी पीएम करते हैं; दूसरा सैन्य एवं सैन्य-तकनीकी सहयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) जिसकी अध्यक्षता दोनों देशों के रक्षा मंत्री करते हैं। दिसंबर 2021 में, द्विपक्षीय सहयोग में एक नया आयाम जुड़ा जब पहली 2+2 वार्ता (दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री) का आयोजन पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर-स्तरीय वार्ता के साथ हुआ। कुछ लोग इसे भारत-रूस संबंधों की संचालन समिति भी कहते हैं।



साल 2021 में दिल्ली में पीएम मोदी और पुतिन।

### 1975 से जारी है अंतरिक्ष सहयोग

1975 में सोवियत संघ के प्रक्षेपण वाहन से भारत का पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च किया गया। 1980 में रूस ने भारत को क्रायोजेनिक इंजन तकनीक प्रदान की। 1984 में राकेश शर्मा ने सोयुज टी-11 अंतरिक्ष यान में यात्रा कर अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने। वर्तमान में मानव अंतरिक्ष मिशन, भारत का गगनयान मिशन रूस के सहयोग से आगे बढ़ रहा है, जिसमें रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोसकोस्मोस द्वारा अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण और प्रमुख तकनीकों की सहायता प्रदान की जा रही है। भविष्य में दोनों दोनों देश अपनी-अपनी नेविगेशन प्रणालियों (भारत की नाविक और रूस की ग्लोनास) की सटीकता बढ़ाने के लिए आपसी सहमति से ग्राउंड स्टेशन स्थापित कर रहे हैं।



1984 में राकेश शर्मा ने रूस में अंतरिक्ष यात्रा का प्रशिक्षण लिया

### परमाणु ऊर्जा में सहयोग





*ऊर्जा क्षेत्र रूसी-भारतीय आर्थिक साझेदारी का मुख्य क्षेत्र बना हुआ है। तमिलनाडु राज्य में, कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की इकाइयां 1 और 2 सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। इसमें रूस के वीवीईआर-1000 रिएक्टरों का उपयोग किया गया।*
***आगे क्याः*** *परमाणु ऊर्जा संयंत्र के दूसरे (इकाई 3 और 4) और तीसरे चरण (इकाई 5 और 6) का निर्माण कार्य योजना के अनुसार जारी है। नए स्थल पर वीवीईआर-1200 रिएक्टर इकाई वाले रूसी-डिजाइन वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण पर बातचीत चल रही है।*

### इस्पात उद्योग में सहयोग




*1955 में भिलाई इस्पात संयंत्र (भिलाई, छत्तीसगढ़) की, 1958 में हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (रांची, झारखंड) के तीन में से दो संयंत्रों की और 1964 में बोकारो इस्पात संयंत्र (बोकारो, झारखंड) की स्थापना सोवियत संघ की तकनीकी सहायता से हुई थी।*
***आगे क्याः*** *भारत और रूस मशीनरी और उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण में एक साथ काम करेंगे, खासकर उन क्षेत्रों में जहां रूसी निर्माताओं को पश्चिमी कंपनियों से आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है। रूस फिर से भारत के इस्पात आयात का शीर्ष स्त्रोत।*

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग




*रूस की सहायता से भारत को हाल ही में कई शक्तिशाली हथियार मिले हैं, जिनमें भारत और रूस के सहयोग से निर्मित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और इग्ला-एस मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं।*
***आगे क्याः*** *भविष्य में भारत को एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम, सुखोई एसयू-57 और एयू-35 लड़ाकू विमान, ड्रोन से निपटने के लिए पैंटसिर मिसाइल सिस्टम, हवा से हवा में मार करने वाली आर-37एम मिसाइल शामिल है।*

### व्यापार 68.72 बिलियन डॉलर




*भारत और रूस के बीच वित्तीय वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 5 लाख 97 हजार करोड़ रुपए (68.72 बिलियन डॉलर) तक पहुंचा, जो रिकॉर्ड स्तर का था। इसमें भारत का निर्यात 4.88 बिलियन डॉलर रहा और रूस ने 63.84 बिलियन डॉलर आयात किया है।*
***आगे क्याः*** *अगले पांच वर्षों में दोनों देशों ने 100 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार करने का लक्ष्य रखा है। रूस , भारत को ऑयल, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक, मिनरल फ्यूल्स, मिनरल वैक्स, कोयला, मशीनरी, स्टोन्स, मेटल्स, वुड, पल्प और पेपर प्रोडक्ट्स देता है।*

### भविष्य के समझौते




*रूस ने भारत के जहाज निर्माण और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में पहल की पेशकश की है। जहाजों के क्रू (चालक दल) को ट्रेनिंग देने और गहरे समुद्र में रिसर्च करने जैसे मुद्दों पर भी खास ध्यान दिया गया। रूस कच्चा तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बढ़ा सकता है। दोनों देश बैंकिंग क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेंगे और बीमा क्षेत्र में भी परस्पर तालमेल बढ़ाएगें। महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग बढ़ाने, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचार उपकरण, मशीनरी, चमड़ा, ऑटोमोबाइल और रसायन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समयबद्ध काम किए जाएंगे।*

## पेज एक का शेष...

### कड़ी निगरानी करें ....

जोड़ा जाए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। डॉ. यादव ने मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। इस मौके पर मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों का प्रेजेंटेशन किया गया। मुख्यमंत्री ने आगामी वर्षों की कार्य योजना के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

**भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की:** समीक्षा बैठक में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत भवनों की डिज़ाइन एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग मॉड्यूल को भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इसी योजना में प्रदेश को सर्वाधिक 704 आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति मिली है, जिनमें निर्माण प्रगति देश में सर्वोच्च है। कुपोषण निवारण में झाबुआ जिले के मोटी आई नवाचार को देश के सर्वोच्च सम्मान प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

**आईटी का अधिक से अधिक उपयोग करें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियां बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वस्थ सर्वांगीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं। अधिक से अधिक लोगों तक विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों का सुगमता पूर्वक लाभ पहुंचाने के लिए सुशासन की भावना के अनुसार पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए गतिविधियों का संचालन किया जाए। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आईटी का अधिक से अधिक उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य के लिए स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग तथा महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए कौशल उन्नयन व रोजगार की दृष्टि से तकनीकी शिक्षा तथा उद्योग विभाग से बेहतर समन्वय कर गतिविधियां संचालित करने को कहा।

### अचानक दिल्ली ...

विभागों का समीक्षा करना था, किंतु वे तीन विभागों की समीक्षा ही किए। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा नहीं की। अब इन विभागों की समीक्षा 9 दिसंबर को संभावित है। बताते हैं कि मुख्यमंत्री नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पन्ना, बैतूल, कटनी और धार में पीपीपी मोड पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम का न्योता देंगे।

### 10 लाख गर्भवती ....

की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए अत्याधुनिक मॉड्यूल विकसित किया गया है। जबकि उपस्थिति के लिए 20 मीटर जियो-फेंसिंग व्यवस्था डिजिटल पारदर्शिता की मिसाल बनी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 9.70 लाख गर्भवती महिलाओं को 512 करोड़ रु. से अधिक की सहायता उपलब्ध कराई गई।

### प्रधानमंत्री मोदी के ....

स्वायत्तता' कहते हैं। पुतिन के इस दौरे को भारत और रूस के बीच रणनीतिक रिश्तों की मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। इस दौरे से रूस की वैधता को मजबूती मिलेगी। इस दौरे के दौरान, दोनों देशों का मुख्य फोकस डिफेंस, एनर्जी, ट्रेड सेक्टर में सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना होगा। इसमें डिफेंस सेक्टर में सहयोग, रियायती रूसी तेल की सप्लाई,स्थानीय मुद्राओं (रुपया-रूबल) में व्यापार पर चर्चा की जा सकती है। साथ करीब 6 समझौते होने की भी संभावना जताई जा रही है। बता दें कि अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद इस दौरे को अहम माना जा रहा है।

**रोजगार पर भी हो सकता है बड़ा समझौता:** पुतिन और पीएम मोदी के श्रम गतिशीलता समझौते पर भी हस्ताक्षर करने की संभावना रहेगी। यह समझौता आईटी सेवाओं जैसे श्रम की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में रूस की मदद के लिए कुशल भारतीय श्रमिकों के कानूनी प्रवास की रूपरेखा तैयार करेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस साल के अंत तक रूसी श्रम मंत्रालय द्वारा प्रबंधित कोटा के तहत 70,000 से अधिक भारतीय नागरिकों को रूस भर में आधिकारिक रूप से रोजगार मिलने की उम्मीद है।

**पुतिन के दौरे से पहले रूसी संसद ने समझौते को दी मंजूरी:** पुतिन के दौरे से पहले रूसी संसद के निचले सदन 'ड्यूमा' ने भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते को मंजूरी दी है। रूसी संसद से मंजूरी तब मिली है जब इसी साल फरवरी में दोनों सरकारों के बीच सैन्य उपकरणों के पारस्परिक आदान-प्रदान को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। पिछले सप्ताह रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने सैन्य समझौते को अनुमोदन के लिए 'ड्यूमा' को भेजा था। रूसी संसद के निचले सदन 'ड्यूमा' के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने सदन के पूर्ण अधिवेशन में कहा, भारत के साथ हमारे संबंध रणनीतिक और व्यापक हैं और हम इस संबंध को महत्व देते हैं। हम समझते हैं कि समझौते को मंजूरी निश्चित रूप से दोनों देशों के संबंधों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**असैन्य परमाणु सहयोग पर भी हो सकती है चर्चा:** पुतिन की भारत यात्रा के दौरान असैन्य परमाणु ऊर्जा पर भी समझौता होने की संभावना है। इसमें छोटे रिएक्टर के लिए एक प्रस्ताव शामिल है। बता दें कि रूस के पास महत्वपूर्ण तकनीकी, छोटे और लचीले रिएक्टर हैं। उसे इनके उत्पादन का वास्तविक अनुभव भी है। पेसकोव ने कहा है, हम भारत के कुडनकुलम में शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के निर्माण में शामिल थे और इसलिए हम इस परियोजना के जारी रहने की आशा कर रहे हैं।

### रूसी तेल की ....

है। इसके अलावा राष्ट्रपति पुतिन का ध्यान भारत और रूप के बीच द्विपक्षीय व्यापार को और अधिक मजबूत करने पर रहेगा।

### एस-500 और ....

पारस्परिक आदान-प्रदान और 48एन6 मिसाइल संस्करण पर भी बात बन सकती है।

### पहले ही दिल्ली....

की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस और एनएसजी के अधिकारियों की हर रास्ते पर भी पैनी नजरें हैं। पुतिन का काफिला जिस सड़क से होकर गुजरेगा उसे भी सिक्योरिटी सैनिटाइज कर रही है। वहीं, पुतिन की सुरक्षा में लगे ड्रोन भी ये सुनिश्चित करेंगे कि सुरक्षा के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम की नजर हर समय उनके काफिले पर रहे। कई स्नाइपर्स भी राष्ट्रपति पुतिन के आने-जाने वाले रास्ते को कवर करेंगे। इतना ही नहीं भारत में पुतिन की सिक्योरिटी के लिए जैमर, एआई मॉनिटरिंग और फेशियल रिकग्रिशन कैमरे पुतिन की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं।

### ये है पुतिन ....

महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सुबह 11 बजे हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ 23वीं भारत-रूस शिखर बैठक करेंगे। यहां डिफेंस, एनर्जी, ट्रेड, स्पेस और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में अहम समझौतों पर मुहर लग सकती है। शाम 4 बजे पीएम मोदी के साथ भारत-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे। यहां मुख्य फोकस द्विपक्षीय व्यापार को और मजबूत करने पर होगा। शाम 7 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित राज्य भोज में शामिल होंगे। उस दिन देर शाम राष्ट्रपति पुतिन भारत से वापस रूस लौट जाएंगे।

### केंद्र सरकार ने ...

हुए सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए प्री-इंस्टॉलेशन को अनिवार्य ना करने का फैसला लिया है। बता दें कि पिछले 24 घंटे में इस एप को लाखों लोगों ने डाउनलोड किया है और अब सरकार का मानना है कि लोग इसे बिना किसी बाध्यता के भी अपना रहे हैं।

### एपल ने किया ....

भी जताई थी। बता दें कि दुनिया के दो सबसे पॉप्युलर ऑपरेटिंग सिस्टम-आईओएस और ऐंड्रॉयड की निर्मता एपल और गूगल सरकार के इस आदेश के विरोध में थीं।

### किसान की बेटी...

मार दिया। मामले में अब कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को नोटिस जारी थमा दिया है। गुड़िया ने आरोप लगाया कि 15 ट्रक खाद रखी हुई है, लेकिन उसे ब्लैक में बेचा जा रहा है। उसने नायब तहसीलदार पर भी मिलीभगत और कमीशन लेकर खाद की कालाबाजारी करवाने का आरोप लगाया। गुड़िया ने कहा कि लगभग 250 महिलाएं रात 2 बजे से खाद के लिए लाइन में खड़ी हैं, लेकिन किसी को खाद नहीं मिल रही है। टोकन चार-चार दिन तक बांटे जा रहे हैं, लेकिन पैसे देने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। यह कैसा नियम है। इस घटना से किसानों में आक्रोश है। विवाद को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने शासकीय सेवा अनुरूप कर्तव्य निर्वहन आचरण में लापरवाही बरतने के संबंध में नायब तहसीलदार ऋतु सिंघई नायब तहसीलदार सौरा मंडल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा है कि नायब तहसीलदार का कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत है। मामले में आज ही स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का कहा गया है। जवाब समय सीमा में एवं संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### नागेश्वरन बोले..

रुपए में गिरावट को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा कि रुपए में गिरावट से महंगाई या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले वर्ष इसमें सुधार होगा। बता दें कि वर्ष 2025 में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और बैंकों द्वारा डॉलर की निरंतर खरीद के बीच बुधवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 34 पैसे गिरकर 90.30 के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनुपस्थिति ने स्थानीय इकाई पर और दबाव डाला।

### रुपए निकालकर जा....

दिया। एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि यह घटना दोपहर ढाई बजे की है। व्यापारी नीरज साहू अशोकनगर में आईसीआईसीआई बैंक से रुपए निकालकर बैग स्कूटी की डिग्गी में रखकर शाढ़ौरा मंडी मे खरीदे गए अनाज के भुगतान के लिए रुपए लेकर वापिस लौट रहा था। तभी बदमाशों ने उनकी स्कूटी रोक ली और लाठी से हमला किया। स्कूटी का लॉक तोड़कर बैग निकाल लिया। इस घटना के बाद शाढ़ोरा के व्यापारियों में दहशत है व्यापारी के सिर में चोटे आई हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस टीमों को आरोपियों की घेराबंदी में लगाया गया है और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है।

### सर्वधर्म प्रार्थना सभा....

त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने प्रार्थना की। साल 1984 की उस भयावह रात को याद करते हुए धर्मगुरुओं ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी से उपजा दर्द अब भी हम सबके दिलों में जिंदा है। ईश्वर ऐसी त्रासदी से हर देश और कोने को सुरक्षित रखे। इस मौके पर कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह समेत धर्मगुरु मौजूद रहे। इधर गैस पीड़ित संगठनों ने बरसी पर रैली निकालकर गुस्से का इजहार भी किया।

### इंडिगो की 100 से...

स्थिति बन गई। इंडिगो ने दिल्ली से 38, मुंबई से 33 और बेंगलुरू से 14 उड़ाने कैंसिल करने की जानकारी दी है। इंडिगो ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि अचानक आई तकनीकी समस्याएं, सर्दियों के कारण शेड्यूल में बदलाव, खराब मौसम, एयरपोर्ट पर भीड़ और क्रू ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीटीएल) के नए नियमों का संचालन पर सीधा असर पड़ा। कंपनी का कहना है कि नए नियमों के कारण पायलटों की उपलब्धता में कमी आ गई, जिससे कई फ्लाइट्स अपने तय समय पर नहीं उड़ सकीं। एयरलाइन कंपनी ने यात्रियों से माफी मांगते हुए बताया कि स्थिति को सामान्य करने के लिए अगले 48 घंटों तक फ्लाइट्स के समय में आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। इंडिगो की टीम लगातार काम कर रही है ताकि यात्रियों को कम से कम परेशानी हो। इंडिगो ने बताया कि प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक यात्रा विकल्प या रिफंड की सुविधा दी जा रही है।

### डीजीसीए उठा...

डीजीसीए ने कहा कि वह स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं और जरूरत पड़ने पर कड़े कदम उठाए जाएंगे ताकि समय पर उड़ान संचालन सुनिश्चित हो सके और यात्रियों का भरोसा बना रहे।

### पूज्य पिताजी पंडित....

क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व सांसद और बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके अलावा ग्वालियर भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया सहित अन्य भाजपा के कार्यकर्ता और भक्तगण भी मौजूद थे। गौरतलब है कि डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्वर्गीय कीर्ति नारायण द्विवेदी का गत 25 नवंबर को निधन हो गया था। उसके बाद से हर रोज ग्वालियर स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने आने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

### इन्होंने भी दी....

मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग के पूर्व संचालक और आईपीएस अधिकारी आशुतोष प्रताप सिंह, एसडीएम अनिल बन, आबकारी अधिकारी अंशु भदोरिया, जयारोग्य अस्पताल समूह के अधीक्षक डॉक्टर सुधीर सक्सेना, डॉक्टर माखनलाल माहौर शामिल रहे। साथ ही जनता टीवी उत्तर प्रदेश के संपादक केके उपाध्याय, स्टेट हेड टीके मिश्रा और कुणाल दीक्षित आदि शामिल थे।


## पश्चिम मध्य रेल

**इंजीनियरिंग विभाग – खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रवंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी 175–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (अनुरक्षण) कटनी सब डिवीजन के तहत एसएसई (वर्क्स) कटनी सेक्शन के लिए वर्ष 2025–26 के लिए रेलवे भवन/स्टेशनों और रेलवे क्वार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 6999259/–, **बयाना राशि रूपये :** 140000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी 176–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (अनुरक्षण+) कटनी सब डिवीजन के तहत एसएसई (वर्क्स) न्यू कटनी जंक्शन सेक्शन के लिए वर्ष 2025–26 के लिए रेलवे भवन/स्टेशनों और रेलवे क्वार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 5999174/–, **बयाना राशि रूपये :** 1,20,000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे. बी.पी 177–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता ब्यौहारी उपमंडल के अंतर्गत एसएसई (वर्क्स) ब्यौहारी सेक्शन के लिए वर्ष 2025–26 के लिए रेलवे भवन/स्टेशनों और रेलवे क्वार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 6499990/–, **बयाना राशि रूपये :** 1,30,000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी 178–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उपमंडल के अंतर्गत एसएसई (वर्क्स) पिपरिया सेक्शन के लिए वर्ष 2025–26 के लिए रेलवे भवन/स्टेशनों और रेलवे क्वार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 5599998/–, **बयाना राशि रूपये :** 112000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे. बी.पी 179–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** जबलपुर डिविजन के वरि मंडल अभियंता (मध्य) एवं वरि मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में 3826 मोबाइल फलैश वेल्डिग का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 4,44,01,474/–, **बयाना राशि रूपये :** 3,72,000/–, **समापन अवधि :** 08 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे. बी.पी 180–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत एसएसई (वर्क्स) नरसिंहपुर सेक्शन के लिए वर्ष 2025–26 के लिए रेलवे भवन/स्टेशनों और रेलवे कवार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 5600546/–, **बयाना राशि रूपये :** 112000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी 181–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता सतना (दक्षिण) उप मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) सतना (दक्षिण) के सेक्शन में वर्ष 2025–2026 की अवधि के लिए रेलवे भवनों स्टेशनों और रेलवे क्वार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों के लिए एवं भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 80,00,000/–, **बयाना राशि रूपये :** 1,60,000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी 182–2025 दिनांक : 26/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता सतना (उत्तर) उप मंडल के अंतर्गत बरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) सतना (उत्तर) के सेक्शन में वर्ष 2025–2026 की अवधि के लिए रेलवे भवनों स्टेशनों और रेलवे कार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों के लिए एवं भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 75,00,000/–, **बयाना राशि रूपये :** 1,50,000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी 183–2025 दिनांक : 27/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उप मंडल के अंतर्गत वर्ष 2025–26 के लिए वरिष्ठ खण्ड अभियंता (कार्य/पूर्व) जबलपुर अनुभाग के लिए रेलवे सेवा भवनों, क्वार्टरों के रखरखाव और भवन सामग्री की आपूर्ति के लिए जोनल अनुबंध।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 1,87,50,000/–, **बयाना राशि रूपये :** 2,43,800/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी 184–2025 दिनांक : 27/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उप मंडल के अंतर्गत दो जोनल अनुबंधः **भाग–1** वर्ष 2025–26 के लिए वरिष्ठ खण्ड अभियंता (कार्य/मदन महल) जबलपुर अनुभाग के लिए रेलवे सेवा भवनों, क्वार्टरों के रखरखाव और भवन सामग्री की आपूर्ति के लिए जोनल अनुबंध । **भाग–II** वर्ष 2025–26 के लिए वरिष्ठ खण्ड अभियंता (कार्य/पश्चिम) जबलपुर अनुभाग के लिए रेलवे सेवा भवनों, क्वार्टरों के रखरखाव और भवन सामग्री की आपूर्ति के लिए जोनल अनुबंध।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 2,37,49,999/–, **बयाना राशि रूपये :** 2,68,800/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी 185–2025 दिनांक : 27/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल इंजीनियर कटनी उप मंडल में वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य/लाइन) कटनी के सेक्शन में वर्ष 2025 – 2026 के लिए रेल्वे भवनों / स्टेशनों एवं रेल्वे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एंव भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका ।, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 60,00,000/–, **बयाना राशि रूपये :** 1,20,000/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं की प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 19/12/2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं का खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 19/12/2025 । उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गइ है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन • बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्नीचर • रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्नीचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal



**आवश्यकता**
प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143
BSP-28-11-25 to 04-12-2025

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस



**CHANGE OF NAME**

I, CHAVAN SHALU BALAJI is mother of No. 15426793L, Rank NK/WM Name CHAVAN VINOD BALAJI presently serving at AMC 4021 FD HOSP. BHOPAL., I have change my name from CHAVAN SHALU BALAJI to SHALU BALAJI CHAVAN due to erronesouly mentioned my name as CHAVAN SHALU BALAJI in service document of my son. My Aadhar No. is 8394 0514 7716. by Affidavit No. 29AA 377116



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक



Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर....
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes
ONLY LIBRARY 299/-
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111


## शब्द पहेली - 6067



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6066 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | श | म | शा | न | ■ | म | ति | मं | द | ■ |
| क | ■ | ■ | य | ■ | वी | ■ | रं | ■ | ■ | शै |
| र | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ता |
| ता | ड़ | ना | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | ज | वा | न |
| र | ■ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | त | री | ■ |
| ■ | नी | ■ | गै | र | ■ | म | जा | ■ | स | ■ |
| ■ | र | वि | ■ | म | न | न | ■ | स | ■ | आ |
| ग | ज | रा | ■ | ■ | फा | ■ | ■ | ह | की | म |
| र | ■ | म | ह | सू | स | क | र | ना | ■ | द |
| म | ■ | ■ | रा | ■ | त | ■ | खै | ■ | ■ | नी |
| ■ | सो | म | ना | थ | ■ | य | ल | गा | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6077

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

### टैक्स लॉ बार एसो. के सेमिनार में विशेषज्ञों ने दी फॉर्म-9, 9सी, ई-वे बिल और पेनल्टी से जुड़ी जानकारी

# कर प्रणाली के तीन मजबूत स्तंभः विभाग, कर सलाहकार और व्यापारी : मुख्य आयुक्त मोहंती

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा अपने सदस्यों के लिए जीएसटी विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मानस रंजन मोहंती, जो सीजीएसटी के मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त हैं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं फरीदाबाद से आए जाने-माने कर विशेषज्ञ राजेश खंडेलवाल तथा भोपाल के वरिष्ठ सीए नवनीत गर्ग ने बतौर वक्ता सेमिनार में व्यावहारिक और तकनीकी जानकारियां साझा कीं।

सलाहकारों से अपील की, कि वे कर अनुपालन के साथ टैक्सपेयर्स में जागरूकता भी बढ़ाएं

फॉर्म-9 एवं 9 सी को भरने में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और सावधानियों की जानकारी दी

#### फॉर्मो में बड़े बदलाव, गलती पर पड़ेगा भारी जुर्माना




सेमिनार में सीए नवनीत गर्ग ने वर्ष 2024-25 की जीएसटी वार्षिक विवरणी फॉर्म-9 एवं 9 सी को भरने में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस वर्ष विभाग द्वारा फॉर्म में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिनका सही तरीके से पालन करना आवश्यक है। यदि इन बदलावों की अनदेखी की गई, तो करदाताओं को नोटिस और पेनल्टी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कर सलाहकारों को रिटर्न भरते समय मिलान, इनपुट टैक्स क्रेडिट और टर्नओवर डिक्लेरेशन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

#### व्यापारी और विभाग को जोड़ने वाला सेतु है कर सलाहकार

मुख्य आयुक्त मानस रंजन मोहंती ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी टैक्स सिस्टम में विभाग, कर सलाहकार और व्यापारी ये तीनों स्तंभ समान रूप से महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि कर सलाहकार इन तीनों के बीच एक मजबूत कड़ी का काम करते हैं। कर सलाहकारों की सक्रिय और सकारात्मक भूमिका से न केवल व्यापारी सही दिशा में कार्य कर पाते हैं, बल्कि विभाग को भी अपने राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति करने में आसानी होती है। उन्होंने कर सलाहकारों से अपील की, कि वे कर अनुपालन के साथ-साथ टैक्सपेयर्स में जागरूकता भी बढ़ाएं।

#### मानवीय गलती पर पेनल्टी अवैध

फरीदाबाद से आए सीए राजेश खंडेलवाल ने ई-वे बिल में होने वाली त्रुटियों पर लगने वाली पेनल्टी के विषय में कई महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं को सामने रखा। उन्होंने बताया कि कई मामलों में विभाग द्वारा लगाई जाने वाली शास्ति सही नहीं होती, क्योंकि कई उच्च न्यायालयों ने मानवीय भूल पर पेनल्टी को अनुचित ठहराया है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारी और कर सलाहकार यदि समय पर इन मामलों में सही कानूनी कदम उठाएं, तो राहत मिल सकती है। उन्होंने धारा 73 एवं 74 के अंतर्गत लगाई जाने वाली पेनल्टी पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले अधिकांश नोटिस गलत धारा में जारी कर दिए जाते हैं, जिसका असर बाद में अपील की प्रक्रिया पर पड़ता है। उन्होंने कर सलाहकारों से आग्रह किया कि वे इन मामलों में अपील के दौरान सही धाराओं के मुद्दे को अवश्य उठाएं, जिससे संबंधित करदाता को न्याय मिल सके। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सदस्य बच्चन आचार्य, सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान तथा वरिष्ठ सदस्य दीपक गोयल, राजेश्वर दयाल, भूपेश खुरपिया, नरेश बालानी सहित बड़ी संख्या में कर सलाहकार एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### अमेरिका बनाम भारत की ट्रेड पॉलिसी कंफर्मेशन नहीं होने से

# विदेशी फंड्स की निकासी से रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 90.21 पर आ गया

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे गिरकर 90.21 के स्तर पर बंद हुआ। लगातार विदेशी फंड्स की निकासी ने रुपए पर दबाव बनाए हुए है। रुपया 2025 में अब तक 5.26 फीसदी कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था, जो अब 90.21 रुपए के लेवल पर पहुंच गया है।

बाजार जानकारों के अनुसार रुपए में गिरावट से आयात करना महंगा होगा। रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इम्पोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। बताया जा रहा है कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी, तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाता था। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 90.21 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे छात्रों के लिए फीस से लेकर रहना-खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी बाजार पंडितों के अनुसार डॉलर की तुलना में किसी भी अन्य करेंसी की वैल्यू घटे तो उसे मुद्रा का गिरना, टूटना, कमजोर होना कहते हैं। अंग्रेजी में करेंसी डेप्रिसिएशन कहते हैं। हर देश के पास फॉरेन करेंसी रिजर्व होता है, जिससे वह इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन करता है।



#### जीएसटी डेटा में कमी आने से विदेशी निवेशकों में घबराहट उत्पन्न

अमेरिका बनाम भारत की जो ट्रेड पॉलिसी है उसमें अभी कंफर्मेशन नहीं होने से डालर के मुकावले रूपया कमजोर हुआ और बुधवार के एक डालर का भारतीय मुद्रा मूल्य 90 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए बदलाव से जीएसटी का जो डेटा आया है उसे देखकर विदेशी निवेशकों में घबराहट उत्पन्न हुई और विदेशी निवेशक शेयर बेच कर बाहर हो रहे है।

अरविंद जैन, शेयर मार्केट विशेषज्ञ, श्री नाकोडा एंजेल ब्रोकिंग भोपाल

### भोपाल में सोना 132600 रु. का 10 ग्राम तो चांदी 183600 रु. किलो

# चांदी ऑल टाइम हाई पर, सोना भी हुआ महंगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चांदी के भाव ने फिर नया रिकॉर्ड बना लिया। सोने के भाव में भी तेजी रही है। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने का वायदा भाव 1,30,800 रुपए, जबकि चांदी के भाव 1,84,300 रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है लेकिन शाम ढलते ही भाव में हल्की गिरावट दर्ज हुई।

जिसके चलते राजधानी भोपाल सराफा बाजार में सोना प्रति दस ग्राम 132600 रुपए और चांदी 183600 रुपए किलो के स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार सोने के



वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 791 रुपए की तेजी के साथ 1,30,550 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,29,759 रुपए था। यह कॉन्ट्रैक्ट 1,030 रुपए की तेजी के साथ 1,30,789 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,30,955 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,30,550 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही।

एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 2,198 रुपए की तेजी के साथ 1,83,799 रुपए पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 2,704 रुपये की तेजी के साथ 1,84,305 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,84,727 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,83,000 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।

### लगभग 55 करोड़ रु. का प्रस्तावित निवेश

# पाटिल ऑटोमेशन ने की 1,09,450 वर्ग फुट के नए परिसर की स्थापना की घोषणा

एजेंसी ▶▶ पुणे

पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड ने लगभग 1,09,450 वर्ग फुट के नए विनिर्माण परिसर की स्थापना की घोषणा की, जो कंपनी की क्षमता विस्तार रणनीति में एक बड़ी उपलब्धि है। यह अत्याधुनिक परिसर लगभग 55 करोड़ के प्रस्तावित निवेश से विकसित किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य पीएएल की उन्नत ऑटोमेशन उत्पादन क्षमता को मजबूत करना है, जिसमें रोबोटिक वेल्डिंग लाइनें, असेंबली प्लेटफॉर्म, विशेष प्रयोजन मशीनें और इंडस्ट्री 4.0-समर्थित ऑटोमेशन सेल्स



शामिल हैं। इस विस्तार से पाटिल ऑटोमेशन की वार्षिक स्थापित क्षमता 2,304 यूनिट से बढ़कर 3,454 यूनिट हो जाएगी, जो ऑटोमोटिव, ईवी, रेलवे, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और हेवी इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों से मिल रही तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करेगी। वैश्विक ओईएम के लिए बड़े टर्न की ऑटोमेशन प्रोजेक्ट्स को संभालने की क्षमता बढ़ाना शामिल है।

## कोटक एसेट ने जारी किया मार्केट आउटलुक 2026

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। रिपोर्ट में आने वाले साल में भारत की आर्थिक स्थिति और उन अहम निवेश थीम पर विस्तार से जानकारी दी गई है, रिपोर्ट में शेयर बाजार, फिक्स्ड इनकम और थीमेटिक सेक्टर्स में मौजूद अवसरों की बात की गई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू ट्रेंड को समझने पर जोर दिया गया है, कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में इक्विटी से मिलने वाला रिटर्न कंपनियों की कमाई में बढ़ोतरी पर निर्भर रहेगा।

# इंडस एपस्टोर और मोटोरोला ने की साझेदारी, उपलब्ध होगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडस एपस्टोर ने मोटोरोला के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के बाद भारत में मोटोरोला के डिवाइसेस पर इंडस एपस्टोर उपलब्ध होगा। इससे इंडस एपस्टोर पहले से ज्यादा डिवाइसेस पर उपलब्ध हो पाएगा और भारत में मोटोरोला के यूजर्स को पर्सनलाइज्ड एप डिस्कवरी अनुभव मिल सकेगा। इंडस ऐपस्टोर, भारतीय ग्राहकों को ऐप की दुनिया में एक बेहतर विकल्प देता है। इसे विशेष रूप से यूजर्स की पसंद और देश की विविध संस्कृति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हर भारतीय स्मार्टफोन यूजर तक पहुँचने के लिए, यह प्लेटफॉर्म अंग्रेजी के साथ-साथ अन्य 12 भाषाओं में अपनी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। इसमें एआई-पावर्ड वॉयस सर्च भी है, जिससे यूजर को क्षेत्रीय भाषा के कठिन शब्द टाइप नहीं करने पड़ते।

## सुप्रीम की छमाही आय 75.36 करोड़ रु. पहुंची

**चेन्नई।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। पहली छमाही में कंपनी ने कुल आय 75.36 करोड़ रुपए, एबिटडा 14.27 करोड़, शुद्ध लाभ 9.41 करोड़ और शुद्ध लाभ मार्जिन 12.49 फीसदी दर्ज हुआ। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, वी राजमोहन ने कहाकि सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में मजबूत प्रदर्शन किया।


**कार्यालय नगर पंचायत भानुप्रतापपुर जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

क्र / 641 / लो.नि.वि./ न.पं. / 2025-26 भानुप्रतापपुर, दिनांक 03/12/2025

-: ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना :-

Main Portal:- https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी. आर. में) | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 181007 | CONSTRUCTION OF SHOPPING COMPLEX AT DALLIRAJHARA ROAD AT WARD NO. 03 BHANUPRATAPPUR (निकाय/ प्रीमियम मद) | 168.55 | 126500.00 | 12 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |

उपरोक्त निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्तें उल्लेखित वेबसाईट एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

ई-प्रोक्यूरमेंट बीड सबमिट करने की अंतिम तिथि 31.12.2025 को शाम 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 05.01.2026 को शाम 5.30 बजे तक तथा ई-निविदा खोलने की तिथि 06.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत, भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)


### खुद पर विश्वास करें : स्मृति मंधाना

# रॉयल चैलेंज ने किया नए कैंपेन फिलॉसफी को और ज्यादा पुख्ता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रॉयल चैलेंज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपने नए बोल्ड कैंपेन 'मैं नहीं तो कौन बे' को लांच किया है, जो सेल्फ-बिलीफ और ऑथेन्टिसिटी का दमदार सेलिब्रेशन है। यह कैंपेन बोल्ड होने के मायने को बदलने वाली इस नई जनरेशन का समर्थन करता है जो अपने आप में रॉ, सेल्फ-मेड और अन अपोलोजेटिकली रियल है। स्मृति मंधाना ने कहाकि मेरे लिए बोल्ड होने का मतलब हमेशा सही समय पर आगे बढ़ने से रहा है



फिर चाहे वह मैदान में हो या उससे बाहर। क्रिकेट ने मुझे यह सिखाया है कि शुरुआत खुद पर विश्वास करने से ही होती है। 'मैं नहीं तो कौन बे' चुनौतियों का सामना करने, अपनी इंस्टिंक्ट्स पर भरोसा रखने, अपना बेहतरीन देने और पूरे कन्विक्शन के साथ अपने लम्हों को अपना बनाने की याद दिलाता है।

## टॉरियन एमपीएस का शुद्ध लाभ 3.67 करोड़ पहुंचा

**मुंबई।** टॉरियन एमपीएस लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 के लिए अपने बिना ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 32.29 करोड़ रुपए, एबिटडा 6.77 करोड़, शुद्ध लाभ 3.67 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक यशवर्धन बाजला ने कहाकि उद्योग में समग्र गति कुछ क्षेत्रों में वस्तुओं की बदलती प्रवृत्तियों और धीमी निर्णय प्रक्रियाओं के कारण मिश्रित रही, क्रशिंग, स्क्रीनिंग और वॉशिंग समाधानों की मांग लगातार मजबूत होती रही है।

### बेड़े में 30 नए टाटा एलपीटी 1921 ट्रक शामिल

# ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन ने टाटा मोटर्स के साथ सहयोग किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लॉजिस्टिक्स सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभा रही ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन ने परिचालन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 1991 में स्थापित कंपनी आज बड़े उद्योगों से लेकर छोटे और मझोले व्यवसायों तक को एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान कर रही है। मजबूत वेयरहाउसिंग सुविधाओं और प्रशिक्षित कार्यबल के साथ कंपनी ने विश्वसनीयता, समयबद्ध सेवाओं और उन्नत परिचालन गुणवत्ता के लिए एक मजबूत पहचान बनाई है।

कंपनी ने हाल ही में अपने बेड़े में 30 नए टाटा एलपीटी 1921 ट्रक शामिल किए हैं। 1,000 से अधिक टाटा वाहनों के पहले से परिचालन में होने के साथ यह विस्तार ओम लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन और टाटा मोटर्स के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत करता है। कंपनी देशभर में हाई-वॉल्यूम कंसाइनमेंट्स की क्षमता बढ़ा सकेगी।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)**

ईमेल : eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 07482-222051

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्र. 23/व.ले.लि./रायसेन/2025-26 रायसेन, दिनांक 28/11/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_ PWDRB_ 465249_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य | रायसेन संभाग अन्तर्गत उपसंभागों में विभिन्न मार्गो पर वषार्काल में क्षतिग्रस्त मार्गो पर शोल्डर एवं पेंच मरम्मत कार्य । | प्रथम | 80.00 | |
| 2. | 2025_ PWDRB_ 465300_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य | रायसेन संभाग अन्तर्गत उपसंभागों में विभिन्न मार्गो पर वषार्काल में क्षतिग्रस्त हुई पुलिया मरम्मत कार्य । | प्रथम | 80.00 | |
| 3. | 2025_ PWDRB_ 465328_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य | रायसेन संभाग अन्तर्गत उपसंभागों में विभिन्न मार्गो की पुलिया मरम्मत कार्य । | प्रथम | 30.00 | |
| 4. | 2025_ PWDRB_ 465336_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन औबेदुल्लागंज एवं गौहरगंज के मार्गो पर पेंच मरम्मत कार्य । | प्रथम | 25.00 | |
| | | | | योग | | 215.00 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 19/12/2025, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-22243/25 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन, संभाग रायसेन (म.प्र.)


## बिजनेस न्यूज

### रामकृष्णन चंदर ने संभाला एलआई के प्रबंध निदेशक का कार्यभार



**भोपाल।** भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर रामकृष्णन चंदर को पदोन्नत किया गया है। उन्हें भारत सरकार की अधिसूचना के तहत प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। चंदर 1990 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम में शामिल हुए और उन्होंने बरिष्ठ मंडल प्रबंधक, विपणन एवं पेंशन एवं समूह योजनाओं के क्षेत्रीय प्रबंधक और भारतीय जीवन बीमा निगम की अंतर्राष्ट्रीय परिचालन रणनीतिक व्यावसायिक इकाई के कार्यकारी निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में उन्हें 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी पदोन्नति से पहले, उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य निवेश अधिकारी और निवेश विभाग के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया। चंदर अपने लंबे और विशिष्ट कार्यकाल में अर्जित गहन संस्थागत ज्ञान और रणनीतिक कुशाग्रता लेकर आये हैं।

### आदित्य बिड़ला के 'द बॉलीवुड वेडिंग' का अनावरण

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला लाइफ स्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड ने अपने नवीनतम अवसर-विशेष संग्रह 'द बॉलीवुड वेडिंग' का अनावरण किया। यह नया कलेक्शन भारतीय शादियों के पारंपरिक परिधान को आधुनिक संवेदना के साथ दोबारा परिभाषित करता है जहां फैशन पहले आता है और परंपरा नए अंदाज में उभरती है। इस अभियान में फिल्म निर्माता और स्टाइल आइकन करण जौहर तथा युवा अभिनेता रोहित सराफ नजर आएंगे, जो दो अलग-अलग स्टाइल और व्यक्तित्वों को एक साथ लाकर आधुनिक भारतीय दूल्हे के लिए शादी की नई फैशन भाषा रचते हैं।

### ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने लांच किया 'ग्रीन गोल्ड टीवी'

**नई दिल्ली।** ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने अपने समर्पित फ्री एड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टेलीविजन चैनल- ग्रीन गोल्ड टीवी की घोषणा की है। यह 24×7 चैनल प्रमुख कनेक्टेड टीवी और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स जैसे टीसीएल, एयरटेल एक्सस्ट्रीम, रनटीवी, यप्पटीवी और क्लाउड टीवी पर उपलब्ध होंगे। आने वाले महीनों में और भी वितरण पार्टनर्स इसमें जुड़ने की उम्मीद है। ग्रीन गोल्ड टीवी पूरे देश के बच्चों और परिवारों के लिए हिंदी में फुल एपिसोड्स और एनिमेटेड मूवीज़ का शानदार मिश्रण लेकर आएगा। ग्रीन गोल्ड एनिमेशन के संस्थापक और सीईओ रजिव चिलका ने कहाकि टेलीविजन का परिदृश्य एक बड़े बदलाव की दहलीज पर है।


**Can Fin Homes Ltd** (Sponsor : CANARA BANK)

शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी (यों) एवं जमानतदार (रो) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा** केनफिन होम्स लिमिटेड भोपाल शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर **श्रीमती रजनी सक्सेना एवं श्री मनीष सक्सेना (ऋणी)** से केनफिन होम्स लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) की दिनांक **03-12-2025** को रु. **33,01,419** (रु. तैतीस लाख एक हजार चार सौ उन्नीस मात्र) की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **08-01-2026** को बेचा जाएगा।

आरक्षित मूल्य ₹ **9,70,000/-** (रुपये नौ लाख सत्तर हजार मात्र) होगा और अग्रिम धनराशि ₹ **97,000/-** (रुपये सन्तानवे हजार मात्र) होगी।

**संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं. 403, चतुर्थ तल प्लाट नं. 198, प्रकाश टावर, कौशल नगर, ग्राम- भैरोपुर, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल 462026 (म.प्र.)**
**चर्तुसीमाएं- पूर्व- अन्य प्लाट, पश्चिम- प्लाट नं. 402, उत्तर- अन्य प्लाट, दक्षिण- सीढ़ियाँ एवं लॉबी**

नीलामी के नियम एवं शर्ते तथा विस्तृत विवरण हेतु केनफिन होम्स लिमिटेड की अधिकृत वेबसाइट (https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx ). देखें । ई-नीलामी में भाग लेने हेतु लिंक www.bankeauctionwizard.com देखें।

दिनांक : 03-12-2025
स्थान: मंडीदीप

(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

**केनफिन होम्स लिमिटेड**

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)

शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046, फोन : 07480 – 401340, 7625079225
Email: mandideep@canfinhomes.com, Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) सपठित नियम 3 (1) के अन्तर्गत सिक्युरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेन्ट) नियम 2002

जबकि, अधोहस्ताक्षर कैन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं, **SARFAESI** अधिनियम के तहत और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नियम 3 के साथ पढ़े गए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी करते हुए। उधारकताओं/ गारंटरों को यहां सूचीबद्ध किया गया (जिनको बाद ''उधारकताओं'' के रूप में संदर्भित किया है), को नोटिस में उल्लिखित मात्रा को चुकाने के लिए, नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार।

उक्त नोटिस डाक प्राधिकरण द्वारा लौटाए गए हैं / उधारकताओं द्वारा विधिवत स्वीकार नहीं किए गए हैं। इसलिए कंपनी अत्यधिक सावधानी के साथ डिमांड नोटिस (नियम 3 (1) के प्रावधानों के अनुसार) के इस प्रकाशन को प्रभावित कर रही है। इसलिए, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ताओं के अंतिम ज्ञात पते के परिसर में चिपकाया है।

ऋण की देय अदायगी के लिए सुरक्षा के रूप में, नीचे दी गई संपत्ति को संबंधित पक्षों द्वारा कंपनी के पास गिरवी रखा गया है।

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतदारों के नाम एवं पता | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | सुरक्षित आस्तियों का विवरण | एनपीए दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी : **श्रीमती प्रिया भारती पत्नि श्री मुकेश भारती** पताः मकान नं. 60, किराना स्टोर के पास, चांदमारी, बी-सेक्टर, पिपलानी, बरखेड़ा, बीएचईएल, भोपाल, म.प्र.-462022 | दिनांक 03-12-2025 को ₹ 11,84,171.00 (रुपए ग्यारह लाख चौरासी हजार एक सौ इकहत्तर मात्र) +ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ्लैट नंबर-404, किंग्स ब्लॉक, चौथी मंजिल, किंग्स पार्क सिटी, गांव-पिपलिया गज्जू रोड, तहसील गोहरगंज, मंडीदीप, जिला-रायसेन, सुपर बिल्ट एरिया 559.52 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- फ्लैट नंबर 405, पूर्व-कॉमन एरिया, पश्चिम- कॉलोनी रोड | 29/11/2025 |

* भुगतान की तारीख तक उल्लिखिततारीख से सहमति के अनुसार संविदात्मक दरों पर देय ब्याज

आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर देय ब्याज की अनुबंधित दर के साथ उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिससे असफलता उपर्युक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होगी। ऋणी/जमानतदार/या /अथवा संपत्ति मालिक / कानूनी उत्तराधिकारी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुटाने ( Redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा (8) के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 03/12/2025
स्थान : मंडीदीप

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1**
**शेड क्र-7 जवाहर चौक, भोपाल**

निविदा सूचना क्र-83, 84, 85/वलेलि / 2025-26 भोपाल, दि-01.12.2025

/// निविदा सूचना ///

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 83 | 2025_PWDRB _465454 | लोनिवि. पीएचक्यू, संक्शन क्र-1 भोपाल के अन्तर्गत गणतंत्र दिवस समारोह हेतु एवं अन्य स्थानों के रंगाई, पुताई, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य। | रू. 30,00,000.00 (रू.तीस लाख मात्र) | रू. 50000.00 |
| 2 | 84 | 2025_ PWDRB _ 465455 | नगर उपसंभाग क्र-1 लोनिवि. भोपाल पीएचक्यू. सेक्शन क्र-1 के अन्तर्गत लाल परेड ग्राउण्ड में राष्ट्रीय कार्यक्रम व्हीव्ही. आईपी. व्हीआईपी. कार्यक्रम एवं लॉ एण्ड ऑर्डर हेतु सिक्यूरिटी अरेंजमेंट के लिए बैरिकेडिंग का कार्य। | रू. 49,90,000.00 (रू.उन्चास लाख नब्बे हजार मात्र) | रू. 50000.00 |
| 3 | 85 | 2025_PWDRB _465489 | संधारण संभाग क्र-1 भोपाल के अन्तर्ग विभिन्न सडकों पर फुटपाथ हेतु हार्ड सोल्डर एवं पेवर ब्लॉक मरम्मत का कार्य। | रू. 47,90,000.00 (रू.सैताजीस लाख मात्र) | रू. 50000.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 19.12.2025 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोका निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र-1
भोपाल दूरभाष-0755-2777485

जी - 22240/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# पुतिन का भारत दौरा ट्रंप को कड़ा संदेश

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार से दो द्विवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। उनकी यह यात्रा कई मायनों में काफी अहम मानी जा रही है। उनका यह दौरा जहां यूक्रेन युद्ध और एशिया में शक्ति संतुलन के लिए खास माना जा रहा है, वहीं यह एक तरह से अमेरिका को भी कड़ा संदेश है। चूंकि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अमेरिका ने पाकिस्तान को ज्यादा तवज्जो दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ असीम मुनीर से व्हाइट हाउस में मुलाकात कर चुके हैं, जबकि भारत को लेकर ट्रंप की तरफ से हमेशा नकारात्मक बयान ही सामने आ रहे हैं। हाल ही में ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर 50 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया था, जो अमेरिका के किसी भी देश पर लगाए गए टैरिफ में सबसे ज्यादा है। वहीं, भारत रूस से तेल न खरीदे, इसके लिए भी दबाव बनाया गया। ऐसे समय में पुतिन की भारत यात्रा को अमेरिका के लिए जवाब के तौर भी देखा जा रहा है। पुतिन के दौरे को देखते हुए राजधानी दिल्ली हाईअलर्ट पर है। दूसरी तरफ, पुतिन के आने से पहले ही भारत को एक खुशखबरी देते हुए रूस की संसद के निचले सदन स्टेट डूमा ने भारत के साथ हुए महत्वपूर्ण सैन्य समझौते रेसिप्रोकल सपोर्ट ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट (आरईएलओएस) को भी मंजूरी दे दी। यह निर्णय राष्ट्रपति की होने वाली नई दिल्ली यात्रा से ठीक पहले लिया गया है, जिसे द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। भारत और रूस के संबंधों का अपना एक इतिहास है। 1971 की भारत–सोवियत मैत्री संधि दोनों देशों की दोस्ती का सबसे बड़ा उदाहरण है। इतना ही नहीं, रूस ने हमेशा से ही भारत को सैन्य तकनीक और हथियार देने में संकोच नहीं किया। रूस ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में सहयोग तो किया ही है, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी बेहद अहम है। दुनिया बदली है, दोस्त बदले हैं लेकिन भारत और रूस के बीच पुराने कूटनीतिक रिश्तों का भरोसा आज भी साफ नजर आता है। पुतिन की यात्रा के दौरान भारत-रूस के बीच ब्रह्मोस के नए वेरिएंट पर समझौते के साथ-साथ एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम पर भी चर्चा संभव है। दोनों देश नए हेलीकॉप्टर, फाइटर जेट, परमाणु ऊर्जा, चिप्स, आईटी, साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने पर भी समझौते कर सकते हैं। रूस और भारत के संबंध आजमाए और परखे हुए हैं। कई मौकों पर रूस भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। बदलते वक्त के दौर में भी भारत और रूस एक-दूसरे के बेहद करीब आए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कुछ माह पहले रूस की यात्रा की थी। इस दौरान पुतिन के साथ उनकी गजब केमिस्ट्री देखने को मिली थी। मोदी ने उन्हें अपना सबसे करीबी दोस्त बताया था। रक्षा से लेकर व्यापार, स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप तक में दोनों देश हमेशा एक-दूसरे के साथ रहे हैं। पुतिन का भारत आना इस रिश्ते की और मजबूती का संकेत देता है। उनकी यात्रा से संदेश साफ है कि रूस आज भी एशिया में अपने सबसे पुराने दोस्त के साथ मजबूती के साथ खड़ा है और संबंधों को गहरा करना चाहता है। यह समय ऐसा है जब पश्चिमी देशों के साथ रूस के संबंध सामान्य नहीं कहे जा सकते हैं। ऐसे समय में एशिया और उसमें भी खासकर भारत-रूस की दोस्ती का महत्व और भी बढ़ जाता है।



सिपरी रिपोर्ट
सुनील कुमार महला

# हथियारों की होड़ से मानवता पर खतरा

आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है, बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदते हैं, ताकि वे अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकें, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सकें और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सकें, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है,जोकि ठीक नहीं है। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन, भूख और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। विश्व समुदाय को हथियारों की इस अंधाधुंध दौड़ को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।

दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। वास्तव में, आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है , बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदते हैं, ताकि वे अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकें, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सकें और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सकें, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है,जोकि ठीक नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हथियारों पर होने वाला भारी खर्च शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पानी, जलवायु संरक्षण और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों से धन को खींच लेता है, और इसका असर कहीं न कहीं देश के विकास और अर्थव्यवस्था व इसके निवासियों पर भी पड़ता है। क्या यह बड़ी बात नहीं है कि आज के समय में दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली व संपन्न देश इसका इस्तेमाल अपने आर्थिक लाभ, वैश्विक प्रभाव दिखाने और उद्योगों में बढ़त के लिए करते हैं, जबकि छोटे देश किसी दबाव में आकर या सुरक्षा के डर से हथियारों की इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं।

इसका नतीजा यह है कि दुनिया एक ऐसी दिशा में बढ़ रही है, जहां भरोसा कम और अविश्वास ज्यादा है। वास्तव में, यह बात ठीक है कि हथियार किसी देश को सुरक्षा दे सकते हैं, लेकिन स्थायी शांति नहीं। असली सुरक्षा संवाद, विश्वास, सहयोग और संतुलित विकास से मिलती है, न कि विनाशकारी हथियारों की बढ़ती संख्या से। वास्तव में, यह इसलिए दुनिया का खतरनाक कदम है, क्योंकि यह मानवता को सुरक्षा नहीं, बल्कि असुरक्षा की ओर धकेल रहा है। हथियारों की होड़ अंततः दुनिया में असंतुलन पैदा करती है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। सरल शब्दों में कहें तो दुनिया भर में हथियारों की खरीद-फरोख्त लगातार बढ़ रही है, और यह कोई अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट बताती है कि कई देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। कहीं सीमा विवाद है, कहीं शक्ति दिखाने की होड़, तो कहीं सुरक्षा का डर। दुनिया में इस समय कई देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। एशिया में भारत-चीन के बीच लंबे समय से सीमा विवाद बना हुआ है, जो समय-समय पर सैनिक तैनाती और गश्त के कारण फिर उभर जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद को लेकर रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहते हैं और कूटनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव चलता रहता है। चीन-ताइवान के बीच स्थिति सबसे संवेदनशील है, जहां चीन ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए सैन्य अभ्यास और शक्ति-प्रदर्शन कर रहा है, जबकि ताइवान अपनी रक्षा क्षमता बढ़ा रहा है। ईरान-इज़राइल के बीच हमलों और जवाबी हमलों के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ी हुई है। वहीं आर्मेनिया-अज़रबैजान के बीच नगार्नो-काराबाख को लेकर पुराना सीमा विवाद अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुआ। मध्य एशिया में भी अफगानिस्तान की सीमा को लेकर ताजिकिस्तान और रूस मिलकर सुरक्षा मजबूत करने की बात कर रहे हैं। इधर, रूस-यूक्रेन तनाव आज भी बेहद गंभीर रूप में बना हुआ है। हाल की शांति-वार्ताएं भी किसी नतीजे पर नहीं पहुँच पाई हैं, क्योंकि रूस अपनी



शर्तों पर अड़ा है और पश्चिमी देश यूक्रेन की संप्रभुता पर समझौता नहीं करना चाहते। इसी बीच मिसाइल हमलों, भू-भाग पर कब्जे की कोशिशों और कूटनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। यह संघर्ष न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर असर डाल रहा है।

कुल मिलाकर, सीमा विवादों, सैन्य तैयारियों, शक्ति दिखाने की होड़ और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा ने कई क्षेत्रों को बेहद संवेदनशील और अस्थिर बना दिया है। यही कारण है कि आज विभिन्न देश आधुनिक और महंगे हथियार खरीदने में बड़ी रकम लगा रहे हैं। इससे हथियार बनाने वाली कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन दुनिया के लिए खतरे भी बढ़ रहे हैं। समस्या यह है कि जितने ज्यादा हथियार जुटाए जाते हैं, उतनी ही ज्यादा टकराव या युद्ध की आशंका पैदा होती है। साथ ही सरकारों का पैसा रक्षा खरीद में खर्च होने लगता है, जिससे जरूरी क्षेत्रों पर कम ध्यान जाता है। यानी सुरक्षा के नाम पर खर्च तो बढ़ता है, लेकिन असुरक्षा भी कम नहीं होती। रिपोर्ट हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हथियारों पर बढ़ती निर्भरता वास्तव में शांति लाएगी या दुनिया को और ज्यादा तनाव और खतरे की ओर धकेल देगी। सरल शब्दों में कहें तो दुनिया की सबसे बड़ी 100 हथियार बनाने वाली कंपनियों ने पिछले साल से लगभग 6% ज्यादा पैसा कमाया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हाल के समय में कई जगह लड़ाइयां और तनाव लगातार बढ़े हैं, जैसे यूक्रेन युद्ध और गाजा संघर्ष। जब कहीं युद्ध होता है या किसी देश को खतरा महसूस होता है, तो वे अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए ज्यादा हथियार खरीदते हैं।

इसी वजह से हथियारों की मांग तेजी से बढ़ गई और कंपनियों की बिक्री भी बढ़ी। जितना ज्यादा तनाव और युद्ध, उतनी ही ज्यादा हथियारों की खरीद, और उतनी ही ज्यादा कंपनियों की कमाई। सिपरी की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 100 सबसे बड़ी रक्षा कंपनियों ने 2024 में कुल 679 अरब डॉलर कमाए, जो यह दिखाता है कि वैश्विक स्तर पर युद्ध और तनाव अब एक भारी-भरकम कारोबार बन चुके हैं। यूक्रेन, गाजा और पूर्वी एशिया में बढ़ते संघर्षों ने हथियारों की मांग को तेजी से बढ़ाया है, जिसके चलते युद्धों का व्यावसायीकरण और कॉरपोरेट कंपनियों की भूमिका और मजबूत हो रही है। रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि पश्चिम एशिया अब एक नया हथियार उत्पादक क्षेत्र बनकर उभर रहा है, जिससे वैश्विक सैन्य उत्पादन में विविधता आई है। भारत की तीन कंपनियां क्रमशः हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स भी इस सूची में शामिल हैं, और घरेलू मांग के कारण इनकी संयुक्त आयुध कमाई 8.2 प्रतिशत बढ़कर 7.5 अरब डॉलर हो गई है। सिपरी का आकलन बताता है कि भविष्य में हथियारों की बिक्री और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय तनाव कम होने के बजाय बढ़ रहा है, और देश ड्रोन व अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों पर भारी निवेश कर रहे हैं। यह बढ़ती सैन्य होड़ न केवल शांति के लिए खतरा है, बल्कि विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संसाधन हटाकर वैश्विक असमानताओं, भुखमरी, जलवायु संकट और अस्थिरता को भी बढ़ावा दे रही है। युद्धों और संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापन, अकाल और मानवीय त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज युद्धों और संघर्षों के कारण दुनिया भर में लाखों लोग अपने घर, जमीन और रोज़गार से बेदखल हो रहे हैं। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन, भूख और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट यह संकेत देती है कि विश्व समुदाय को हथियारों की इस अंधाधुंध दौड़ को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नौसेना दिवस
आरके जैन



# सफेद वर्दी में चमकता है भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान

जब समुद्र की लहरें तेज़ी से उठती हैं और युद्धपोतों की गड़गड़ाहट आसमान तक गूंजती है, तब पूरा भारत गर्व से भर उठता है-यही है नौसेना दिवस की सच्ची शक्ति। 4 दिसंबर का यह खास दिन वह पल है जब देश अपने समुद्री वीरों को दिल से सलाम करता है। यह कोई साधारण तारीख नहीं, बल्कि 1971 के भारत-पाक युद्ध की वह यादगार रात है जब भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर ऐसा वार किया कि दुश्मन संभल ही नहीं पाया। ऑपरेशन ट्राइडेंट, जिसका नाम सुनते ही रोमांच दौड़ जाए। पहली बार किसी एशियाई देश ने एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया, चार पाकिस्तानी जहाज़ डूब गए, कराची का बंदरगाह जल उठा और उनकी नौसेना बिखरकर रह गई। यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि समुद्री युद्ध के इतिहास में लिखा गया एक चमकता हुआ अध्याय था। तभी से 4 दिसंबर भारतीय नौसेना दिवस के रूप में पूरे देश में गर्व के साथ मनाया जाता है। लेकिन यह दिन सिर्फ इतिहास की वीरगाथा नहीं सुनाता, यह वर्तमान की ताकत और भविष्य की तैयारी का भी प्रमाण है। भारतीय नौसेना आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे सक्षम नौसेनाओं में शुमार है। 67000 से ज्यादा जांबाज़ सैनिक, 150 से अधिक युद्धपोत, 250 से भी अधिक विमान और पनडुब्बियां- ये सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हिंद महासागर में भारत की संप्रभुता का दस्तावेज़ है। देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत जब समुद्र में उतरा, तब पूरी दुनिया ने देखा कि भारत अब सिर्फ खरीदार नहीं, बल्कि खुद अपनी शक्ति गढ़ने वाला राष्ट्र है। वहीं, आईएनएस अरिहंत ने जब परमाणु त्रिशूल पूरा किया, तो बड़े-बड़े देश भी भारत की क्षमता के आगे गंभीर हो गए। बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस यह पनडुब्बी दुश्मन के लिए साफ संदेश है। भारत की ओर आंख उठाई, तो कीमत भी चुकानी पड़ेगी और जवाब भी ऐसा मिलेगा कि याद रखना मुश्किल हो जाएगा। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना आज सिर्फ रक्षक नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का संतुलन संभालने वाली शक्ति है। मालदीव संकट में जब ऑपरेशन कैक्टस चला, श्रीलंका में आईपीकेएफ के दौरान जब नौसेना ने मानवीय मदद पहुंचाई, सुनामी की तबाही में जब हजारों जानें बचाईं, और हाल ही में ऑपरेशन राहत व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों को सुरक्षित घर लाया गया, हर बार नौसेना ने साबित किया कि उसकी ज़िम्मेदारी केवल समुद्र की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उसकी पहुंच वहां तक है, जहां तक भारत का एक भी नागरिक मौजूद है, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। क्वाड का मजबूत सदस्य बनकर, मालाबार अभ्यास में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कदम मिलाकर, फ्रांस के साथ वरुण अभ्यास में अपनी क्षमता दिखाकर, और रूस के साथ इंद्रा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेकर भारत ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है, हिंद महासागर में दबाव, धमकी या दादागिरी नहीं चलेगी। आईएनएस विक्रमादित्य, आईएनएस चक्र, ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट्स और पी-8 आई पोसाइडन विमान सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और समुद्री शक्ति के चमकते प्रतीक हैं। लेकिन नौसेना की सच्ची शक्ति उसके लोहे के जहाज़ों में नहीं, बल्कि उन सफेद वर्दी वाले वीरों में बसती है। वे ही हैं जो महीनों अपने परिवार से दूर रहते हैं; जब तूफान जहाज़ को झकझोरता है, नीचे अथाह समुद्र और ऊपर दुश्मन की नज़र होती है, फिर भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वे समुद्र की गोद में रातें काटते हैं, ताकि करोड़ों भारतीय चैन से सो सकें। उनकी आँखों में गहराई है, दिल में देशभक्ति की गर्मी और हाथों में अजेय साहस। और उनके पीछे खड़ी होती हैं वे माएँ जो बेटे के जहाज़ पर चढ़ते ही आशीर्वाद देती हैं, वे पत्नियां जो हर तूफान में प्रार्थना करती हैं, वे बच्चे जो दिन गिनते रहते हैं। यही मौन शक्ति नौसेना को अपराजेय बनाती है। हर साल नौसेना दिवस पर जब गेटवे ऑफ इंडिया के सामने जहाज़ सलामी देते हैं, जब मिग-29 के आसमान को चीरते हुए दहाड़ते हैं, जब काले परिधान में मार्कोस कमांडो अपने रोमांचक करतब दिखाते हैं, तब हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। पर यह गर्व सिर्फ उस पल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि यह नीली सीमा हमें यूं ही नहीं मिली, इसे वीरों ने अपने जीवन से सुरक्षित किया है। यह केवल जश्न मनाने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का पल है। इस नौसेना दिवस पर हमें केवल ताली बजाकर आगे नहीं बढ़ जाना चाहिए। हमें अपने बच्चों को उन जांबाज़ों की गाथाएं सुनानी चाहिए, जिनकी सफेद वर्दी में भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान चमकता है। जय हिंद। जय भारतीय नौसेना।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# अच्छी बातों को याद कर जीवन में उतारे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों को पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## सटाका




## आज की पाती

### ममता का सार्वजनिक अपमान

हाल ही में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में वृद्धाश्रम में रह रही शोभा देवी के निधन के बाद जब बेटे को सूचना दी गई, तो उसने मां का शव लेने से साफ इनकार कर दिया। बेटे ने कहा कि घर में शादी है। शव आने से अपशगुन होगा। फ्रीजर में रखवा दीजिए, बाद में देख लेंगे। घंटों तक मां का पार्थिव शरीर वृद्धाश्रम में ही पड़ा रहा। अंततः प्रशासन ने हस्तक्षेप कर अंतिम संस्कार करवाया। इस घटना ने मां के जीवन भर के त्याग, ममता, समर्पण और प्रेम का मानो सार्वजनिक अपमान कर दिया। यह प्रसंग केवल एक परिवार की असफलता नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर लगा सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है। यह घटना दिखाती है कि कैसे आज की भागदौड़ और दिखावे की जिंदगी में बुजुर्गों को बोझ समझने की मानसिकता बढ़ रही है।

*– संजय पाठक, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### सेवा की निरंतर साधना



मोदी सरकार के 11 वर्ष सत्ता से नहीं, सेवा की निरंतर साधना से चिन्हित रहे हैं। प्रधानमंत्री का 'प्रधानसेवक' भाव इस यात्रा का आधार है। इसी कड़ी में उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवा तीर्थ' की भावना से जोड़ा है।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### कांग्रेस को सद्बुद्धि मिले



कांग्रेस की उम्र 140 साल हो गई है, लेकिन व्यवहार बच्चों और नाबालिगों की तरह कर रही है। एसआईआर पर तो बिहार की जनता पहले ही जवाब दे चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या कांग्रेस घुसपैठियों को बचाना चाहती है? जनता के मुद्दों से सरोकार नहीं है। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### अभिव्यक्ति की आज़ादी



जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आज़ादी तो पहले ही छिनी जा रही थी अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, की आपसी बातचीत पर भी उनकी गिद्ध निगाह लग जाएगी।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### जन-केंद्रित कदम



राजभवन, झारखंड का नाम बदलकर अब 'लोक भवन, झारखंड' कर दिया गया है। हम झारखंड की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। यह झारखंड के लिए एक सकारात्मक और जन-केंद्रित कदम है।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर


# भारत की गहरी समझ रखने वाला युवा नेतृत्व होगा तैयार




सिंगापुर में 'कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री यंग इंडियन चैप्टर (सीआईआई वाईआई) ने कहा है कि उसका लक्ष्य हर वर्ष 300 युवाओं को छात्र विनियम कार्यक्रम में शामिल करना है ताकि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वालों का नया नेतृत्व तैयार किया जा सके। सीआईआई वाईआई के चेयरमैन मोहम्मद इरशाद ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। इससे एक दिन पहले सिंगापुर में पहला 'वाईआई – भारत सिंगापुर युवा सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इरशाद ने कहा, 'भारत और सिंगापुर के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए हमें भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की गहरी समझ विकसित करनी होगी।' सिंगापुर फिलहाल भारत का सबसे बड़ा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) केंद्र है। इरशाद (36) ने कहा, 'अब तक सिंगापुर के विश्वविद्यालयों के 40 छात्र 'इंडिया टैलेंट रीड प्रोग्राम' समेत विभिन्न विनिमय कार्यक्रमों के तहत भारत जा चुके हैं। ये कार्यक्रम सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय, सरकारी एजेंसी 'एंटरप्राइज सिंगापुर' और राष्ट्रीय युवा परिषद के सहयोग से चलाए गए।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# आउटर पर खड़ी ट्रेन में महिला यात्री का बैग छीनकर भागा बदमाश जेवरात और नगदी समेत सवा लाख का माल चोरी, मामला दर्ज

भोपाल स्टेशन आने से पहले आउटर पर खड़ी थी ट्रेन, महिला के सिरहाने रखा था बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्टेशन के आउटर पर खड़ी मदुराई सुपर फास्ट एक्सप्रेस के कोच नंबर एस-5 के बर्थ 2 में सफर कर रही महिला का बैग अज्ञात बदमाश छीनकर फरार हो गया। बैग महिला के सिरहाने रखा था। उसमें सोने की चेन, सोने की अंगूठी, एक विद्युत घड़ी, मोबाइल फोन व नगदी समेत एक लाख 29 हजार रुपए का सामान रखा था। जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मकमुदापुर कानपुर यूपी निवासी गीता मुकेश मिश्रा (50) गृहणी हैं और मदुराई सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के कोच नंबर एस-5 की बर्थ नंबर दो पर झांसी से नागपुर की यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान वह अपना बैग सिरहाने रखकर सो गई थीं। इस बीच भोपाल स्टेशन आने से 15 मिनट पहले ट्रेन आउटर पर खड़ी हो गई। तभी एक बदमाश उनके सिरहाने में रखा बैग खींचकर भाग निकला। महिला यात्री ने नागपुर पहुंचकर जीआरपी नागपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जीआरपी नागपुर ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी जीआरपी भोपाल भेजी है।

## जीआरपी नागपुर ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी जीआरपी भोपाल भेजी

मदुराई सुपर फास्ट एक्सप्रेस के कोच नंबर एस-5 में झांसी से नागपुर की यात्रा कर रही थी महिला



### पुलिस का पेपर देने आए अभ्यर्थी का मोबाइल झपटा

रेलवे पुलिस के मुताबिक ग्राम खैरा थाना मोहदा जिला बैतूल निवासी राम काशदेकर (18) विगत एक दिसंबर को एमपी पुलिस का पेपर देने के लिए भोपाल आया था। वह भारत टॉकीज चौराहे की तरफ से लाइन पार कर स्टेशन की ओर जा रहा था। तभी ट्रैक पार करते समय पीछे से आया एक अज्ञात बदमाश हाथ पर झपट्टा मारकर राम काशदेकर का मोबाइल छीनकर भाग निकला। अंधेरा होने के कारण वह फरियादी उसे देख नहीं सका। थाना जीआरपी भोपाल ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पैसे नहीं देने पर किन्नरों ने यात्री को पीटा

जीआरपी भोपाल के मुताबिक ग्राम सामानेरा जिला उज्जैन निवासी विशाल जाट (21) एक दिसंबर को अहमदाबाद एक्सप्रेस के जनरल कोच में सागर से उज्जैन की यात्रा कर रहा था। उसके दोस्त अरविंद, कृपाल और यश प्रजापति भी साथ थे। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन सीहोर आने के पहले दो किन्नरों ने विशाल से पैसे मांगे। पैसे देने से इनकार करने पर किन्नरों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में विशाल के गाल पर गंभीर चोट आई है। फरियादी ने उज्जैन पहुंचने पर जीआरपी थाने में प्रकरण दर्ज कराया था। जीआरपी उज्जैन ने शून्य पर प्रकरण दर्ज कर मामला जीआरपी भोपाल ट्रांसफर कर दिया है।

## नारियलखेड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से 72 साल के बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर नारियल खेड़ा में मंगलवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से 72 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन से टकराए थे। उन्हें आरपीएफ की टीम ट्रेन से संत हिरदाराम नगर लेकर पहुंची थी, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। गौतम नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नाथूराम अहिरवार (72) मूलतः दमोह के रहने वाले थे और यहां अपने बेटे मुकेश अहिरवार के साथ शारदा नगर नारियल खेड़ा में किराए के कमरे में रहते थे और मजदूरी करते थे। मंगलवार शाम घर से सब्जी लेने का कहकर निकले थे। इसके बाद सूचना मिली कि पिता ट्रेन से टकरा गए हैं उन्हें गंभीर अवस्था में संत हिरदाराम नगर लेकर पहुंची है। वह संत हिरदाराम नगर पहुंचा तो पता चला कि पिता की मौत हो चुकी है।

## खबर संक्षेप



### मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए किया भूमिपूजन

**औबेदुल्लागंज।** शारदा नगर में मंदिर के टीन शेड और चबूतरे सहित सौंदर्यीकरण के लिए नगर पंचायत के अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, उपाध्यक्ष नमिता वागीश अग्रवाल ने भूमि पूजन किया। वार्ड वासियों ने सभी का आभार व्यक्त वक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा ने शारदा नगर की बाउंड्री बनवाने के लिए आश्वासन दिया था जो लंबे समय से नहीं बन सकी है, इसे शीघ्र करवाया जाए।

### निगम खरीदेगा 5 धूल उठाने वाली मशीन

**भोपाल।** नगर निगम जल्द ही सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों-तिराहों के किनारे धूल की सफाई यानि धूल उठाने वाली मशीनें खरीदेगा। पांच ट्रेक्टर ऑपरेटेड रोड स्वीपर मशीनें खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जबकि कैटल लिफ्टर भी खरीदे जाएंगे। दोनों मशीनें करीब एक करोड रुपए की होंगीं। धूल उठाने वाली मशीनों को एक निर्धारित स्थान पर ही तैनात किया जाएगा, जबकि कैटल लिफटर से शहर की सड़कों पर जगह-जगह घूम रहे मवेशी उठाए जाएंगे।

### निगमायुक्त तक पहुंची मोहित नागर की शिकायत

**भोपाल।** नगर निगम में जबलपुर से भोपाल प्रतिनियुक्ति पर आए सहायक राजस्व अधिकारी मोहित नागर की शिकायत निगम आयुक्त तक पहुंच गई है। हालांकि वे अभी विदेश दौरे पर है। उनके वापस आने पर नागर पर कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि नागर का मूल विभाग जबलपुर है। उन्होंने ज्वाईनिंग तो जबलपुर में दी, लेकिन प्रतिनियुक्ति भोपाल नगर निगम में करवा ली। अभी उनकी परिवीक्षा अवधि चल रही है और निगम में आए छह महीने भी नहीं हुए और उन्होंने स्वयं ही निगम में राजस्व का कामकाज बिना आदेश के ही संभाल लिया। यही नहीं सहायक आयुक्त एकता अग्रवाल के रिलीव होने के बाद उनके कक्ष में कामकाज शुरू कर दिया, जबकि बताया जा रहा है कि इसके लिए आदेश ही नहीं हुए हैं।

### कैंसर के मरीजों को वितरित किए कंबल

**भोपाल।** अभा गोस्वामी सभा मप्र और महिला कार्यकारिणी द्वारा बुधवार को कैंसर अस्पताल भोपाल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को कंबल, फल, स्नैक्स एवं खाद्य सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर संगठन की राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष आशा गोस्वामी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी विपिन यति, प्रदेश अध्यक्षकविता गोस्वामी, महिला प्रचार-प्रसार मंत्री तुलसी गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 669 | 12 | 255 |
| रात: | 490 | 31 | 579 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 158 | 44 | 167 |
| रात: | 560 | 10 | 127 |

## राजधानी के किलोल पार्क स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

# फॉर्च्युनर ने बाइक सवार को मारी टक्कर बंपर में फंसे युवक को 20 मीटर घसीटा, मौत

टक्कर मारने के बाद एसयूवी का ड्राइवर वाहन छोड़कर भागा, पुलिस ने कार को जब्त कर लिया



जब्त एसयूवी कार।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित किलोल पार्क के पास बुधवार दोपहर करीब एक बजे तेज रफ्तार फॉर्च्युनर एसयूवी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद करीब बीस मीटर तक उसने बाइक सहित बाइक सवार युवक को घसीट दिया। इससे बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली एसयूवी को जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आसिफ हुसैन पिता आतिक हुसैन (18) अमीना अपार्टमेंट, मकान नंबर-1, गिन्नौरी तलैया में रहता था और कॉलेज में पढ़ता था। इसी साल उसने फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था। बुधवार दोपहर वह बाइक से पॉलीटेक्निक चौराहा होते हुए किलोल पार्क की तरफ से अपने घर की तरफ जा रहा था। किलोल पार्क पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रही फॉरर्च्युनर एसयूवी ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सहित आसिफ, फॉरर्च्युनर के बंपर में फंस गया। जब तक फॉरर्च्युनर एसयूवी ड्राइव कर रहा युवक गाड़ी रोकता करीब बीस मीटर तक आसिफ बाइक सहित घिसट गया था। इससे उसे गंभीर चोट आई थी।

राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने के बाद एसयूवी का ड्राइवर एसयूवी छोड़कर फरार हो गया था। एसयूवी जब्त कर ली गई है।

### मुंह के कैंसर से दुखी होकर अधेड़ ने लगाई फांसी

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित नव जीवन कॉलोनी में मंगलवार शाम एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसे मुंह में कैंसर था और जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल में उसका इलाज भी चल रहा था। अनुमान है कि कैंसर की बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार बिंटू ठाकुर पिता नरेंद्र सिंह उर्फ निरन सिंह ठाकुर (50) मूलतः बीना का रहने वाला था। बिंटू यहां नवजीवन कॉलोनी छोला में किराए के कमरे में रह रहा था और मजदूरी करता था। उसे मुंह का कैंसर था। गले के पास उसे कैंसर के गहरा घांव था। वह जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल में अपना इलाज करा रहा था। मंगलवार शाम पड़ोस में रहने वाले दीपक नामदेव ने उसे कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को मृतक के कमरे से अस्पताल में पर्चे मिले हैं। परिजन से संपर्क कर उन्हें भोपाल बुला लिया गया था। बुधवार को पीएम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया है।

### डिप्रेशन में पति ने लगाई फांसी

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित कोलुआ कला में बुधवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि इसी वर्ष जून महीने में उसका पत्नी से तलाक हुआ था। तलाक होने के बाद से वह डिप्रेशन में था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार धर्मेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय मोहन सिंह (29) कोलुआ कलां, अशोका गार्डन में रहता था और औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में काम करता था। उसके परिवार में केवल मां है।

### टीटी नगर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में मंगलवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था। शराब की बात को लेकर उसकी आए दिन पत्नी से कहासुनी होती थी। पुलिस के अनुसार रामदास बामने (28) पंचशील नगर में रहता था और पुताई का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा आठ साल और चार साल की दो बच्चियां है। पत्नी का मायके 11 नंबर स्टाप पर है। पत्नी दो दिन पूर्व दोनों बच्चियों को लेकर मायके चली गई। घर पर रामदास अकेला था। मंगलवार शाम करीब 7-8 बजे के आसपास उसने अपने घर में फांसी लगा ली। पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार ने उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## सुभाष नगर ब्रिज के नीचे भी सुलगी झाड़ियां

# गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट मटेरियल में लगी आग से हड़कंप



गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट मटेरियल के ढेर में लगी आग।

◆ एएचओ को दिए निर्देश, औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट मटेरियल का ढेर लगाने वालों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आसमान अचानक धुएं के काले गुबार से भर गया। धुआं देखते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि एक कारखाने के बाहर पड़े वेस्ट मटेरियल के ढेर, जिसमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक था, में आग लगी हुई थी। घटना की सूचना तुरंत नगर निगम की फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग से उठ रहा धुआं दूर से दिखाई दे रहा था।

प्रत्यक्षदर्शी सुहैल खान ने बताया कि कारखाने के बाहर जगह-जगह वेस्ट मटेरियल के ढेर लगे रहते हैं। आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने इनमें आग लगा दी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इसी बीच बुधवार को सुभाष नगर ब्रिज के नीचे झाड़ियों में भी आग लग गई। पास में ही फर्नीचर की दुकानें होने के कारण स्थिति संवेदनशील थी, लेकिन समय पर मिली सूचना और दमकल कर्मियों की तत्परता के कारण आग दुकानों तक पहुंचने से पहले ही बुझा दी गई।

**एएचओ को कार्रवाई के निर्देश**

निगम के फायर आफिसर सौरभ कुमार पटेल का कहना है कि गोविंदपुरा क्षेत्र में लगी आग केवल कचरे में थी जिसे नियंत्रित कर लिया गया है। जोन के संबंधित एएचओ को निर्देश दिए हैं कि जिन कारखानों के बाहर वेस्ट मटेरियल खुले में पड़ा रहता है, उन पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे कचरे की वजह से कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

## जनता और पुलिस के बीच संवाद कायम के दिए सुझाव

# नवागत पुलिस अधीक्षक ने मंडीदीप और सतलापुर थाने का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

बुधवार को दोपहर 2 बजे रायसेन के नवागत पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने मंडीदीप और सतलापुर थाने का औचक निरीक्षण किया, जिसमें पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाने में अपराध रजिस्टर, सीसीटीएनएस, मालखाना, बैरक, समेत सभी आवश्यक चीजों की जांच की। वहीं पुलिस और आम जन से संवाद करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने दोनों थाने के प्रभारी को नगर में फ्लैग मार्च, पेट्रोलिंग और गश्त के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गुप्ता ने बताया कि पुलिस का आम जन पर भरोसा और निडरता स्थापित हो और अपराधियों में भय होना चाहिए। इस मौके पर औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी और मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे समेत थाने का स्टाफ उपस्थित रहा।



थाने का नरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और एसडीओपी शीला सुराणा।

## दस वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद में तहसीलदार व थाना प्रभारी ने कराया समझौता

**मंडीदीप।** मंडीदीप के समीपस्थ गांव पड़ोनिया में भाई भाई के चल रहे जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार को आपसी रजामंदि समझौता करवा कर तहसीलदार और मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने एक मिसाल कायम की जिसमें एक ही परिवार के दो भाई परशराम और बालमुकुंन्द के 70 वर्षों से ज़मीन का मामला कोर्ट में चल रहा था।

कुछ साल पहले ज़मीन का पारिवारिक समझौता नहीं हो पा रहा था आए दिन लड़ाई झगड़े और कभी कभी मार पीट की नौबत तक आ जाती थी, परन्तु तहसीलदार हेमंत शर्मा और थाना प्रभारी मंडीदीप रंजीत सराठे ने परिवार को एक साथ बैठाकर आपसी रजामंदी कराई और परिवार को गले लगाकर सारे पुराने गीले शिकवे दूर करवाए। जिसको लेकर परिवार और गांव के के किसानों ने थाना प्रभारी और तहसीलदार का आभार माना।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी ने लगाई परेड



औबेदुल्लागंज थाने में बदमाशों को हिदायत देते हुए थाना प्रभारी।

# गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को थाने बुलाकर अपराधों से दूर रहने की दी सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नवागत पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूशे के मार्गदर्शन में एसडीओपी शीला सुराणा एवं थाना प्रभारी औबेदुल्लगंज निरीक्षक बीपी सिंह के नेतृत्व में थाना औबेदुल्लागंज पुलिस द्वारा क्षेत्र के गुंडा और निगरानी बदमाशों को थाना बुलाकर वर्तमान स्थिति में क्या कार्य कर रहें और अपराधों से दूर रहने एवं नए कानून में आए परिवर्तन के संबंध में विस्तार से बताया गया।

अपराध में संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाने की हिदायत दी गई। बताया कि पुलिस द्वारा सतत आपकी निगरानी रखी जा रही है। इसके सभी गुंडा और निगरानी बदमाशों की परिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी एकत्र कर डोजियर फॉर्म भी भरे गए।

## नगर निगम अमले ने भानपुर में 80 फीट रोड पर लगी फर्नीचर की दुकानें हटाईं

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके तहत भानपुर में 80 फिट रोड अवैध रूप से लग रहीं फर्नीचर की दुकानें हटाई गईं। इसके अलावा सूरज नगर, नीलबढ़, साक्षी ढाबा, चूना भट्टी, सर्वधर्म कालोनी आदि क्षेत्रों के अलावा अरेरा कॉलोनी गुरुद्वारे के पास अवैध रूप से लगाए गए स्टापर, गांधी नगर क्षेत्र में अवैध रूप से बनाया गया सीमेंट का ब्रेकर हटाया तथा शिवनगर, अशोका गार्डन आदि क्षेत्रों से आवागमन में बाधक वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी की। ज्ञात हो कि निगर निगम की टीम इन दिनों शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है।

## बैरागढ़ को राजनैतिक कारण से गैस पीड़ित घोषित नहीं किया गया

# गैस त्रासदी की 41वीं वर्षगांठ पर बैरागढ़ गैस पीड़ित संघर्ष मोर्चा व सिंधी पचांयत के सदस्यों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

बैरागढ़ गैस पीड़ित संघर्ष मोर्चा व पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा 41 वर्ष पूर्व गैस त्रासदी में मृतकों को पंचायत कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष महेश दादलानी ने कहा कि इस गैस त्रासदी में हजारों की तादाद में लोगों ने अपनी जान गवाई, कई लोग बेघर हो गए, कई लोग तो शारीरिक रूप से अपंग हो गए। गैस त्रासदी के कारण बैरागढ़ को शारीरिक व आर्थिक रूप से नुकसान हुआ, जिसके लिए हम कई वर्षों से बैरागढ़ के उस समय के तीनों वार्डों तक गैस पीड़ित घोषित कराने के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं, लेकिन राजनीतिक के कारणों से बैरागढ़ को गैस पीड़ित घोषित नहीं किया। अब हमें न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य होना पड़ेगा।

इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी के कारखाने से एक ज़हरीली गैस का रिसाव हुआ, जिससे हजारों की तादाद में लोगों की जान गई तथा बहुत सारे लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए हैं। भोपाल गैस काण्ड में मिथाइलआइसोसाइनेट नामक ज़हरीली गैस का रिसाव हुआ था, जिसका उपयोग कीटनाशक दवा बनाने के लिए किया जाता था। इस त्रासदी में मृतकों को हम पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते है।



गैस त्रासदी में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पंचायत के सदस्य।

### इन्होंने दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा का संचालन उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष महेश दादलानी, पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सहकोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, सहसचिव जेठानंद मंगतानी, कांग्रेस नेता घनश्याम लालवानी, वासदेव गुलानी, राकेश शेवानी, मोहन लाल चंदनानी, दयाल दोलतानी, मुरली गुरबानी, प्रेम पठानी, बूलचंद वासवानी, जगदीश खेराजानी आदि शामिल है।

# आरपीएफ जवान की सिर पर चार गोली मारकर की हत्या

### छत्तीसगढ़ में साथी हेड कॉन्स्टेबल ने किए फायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के रीवा जिले के रहने वाले आरपीएफ के हेड कॉन्स्टेबल की छत्तीसगढ़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई। रायगढ़ में आरपीएफ पोस्ट के भीतर ड्यूटी के दौरान हुए विवाद में एक आरपीएफ जवान ने अपने ही हेड कॉन्स्टेबल पीके मिश्रा पर गोली चला दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, गोली चलाने वाला हेड कॉन्स्टेबल एस. लादेर जांजगीर-चांपा के भाटापारा का रहने वाला है। बताया गया कि दोनों बैचमेट थे और उनकी ड्यूटी रात में लगी थी। सुबह करीब 4 बजे किसी बात को लेकर विवाद हुआ और एस लादेर ने पीके मिश्रा के सिर पर चार राउंड फायर कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। हेड कॉन्स्टेबल पीके मिश्रा रायगढ़ से किरोड़ीमल तक पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। रात में पेट्रोलिंग करके थाना पहुंचे थे।

आरोपी लादेर टेलीफोन अटेंड ड्यूटी पर था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई। थाने के कोने में रखी पिस्टल से लादेर ने हेड कॉन्स्टेबल पीके मिश्रा के सिर पर 4 गोलियां दाग दी। मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हेड कॉन्स्टेबल पी खलखो और जीपी यादव प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर थे।



मंच पर अभिनस करते एमपीए के छात्र।

# महाकवि कालिदास कृत विक्रमोर्वशी : प्रेम, वियोग और पुनर्मिलन की दिव्य कथा

## एमपीएसडी के कलाकारों ने किया रविंद्र भवन में नाटक 'विक्रमोर्वशी' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रकृति की मोहकता, प्रेम के अलंकारिक संवाद, पात्रों की गहराई, नाट्यगत मोड़ और दैवीय तत्व.... कालिदास ने प्रेम के सूक्ष्म क्षणों, उर्वशी के कोमल हृदय की संवेदनशीलता को प्रेम, वियोग और पुनर्मिलन की दिव्य कथा के रुप में 'विक्रमोर्वशी' की रचना की। इस नाटक का मंचन एमपीएसडी द्वारा बुधवार शाम रविंद्र भवन सभागार में किया गया, यह प्रस्तुति नाट्य विधा में स्नातकोत्तर डिग्री एम.पी.ए. के विद्यार्थियों ने मंच पर प्रस्तुत की जिसमें निर्देशन संगीत परिकल्पना आमोद भट्ट की रही, वहीं नृत्य परिकल्पना नम्रता श्रीमाली और नाटक में निर्देशन रामजी बाली ने किया।



मंच पर बेहद भवपूर्ण मुद्रा का अभिनय प्रस्तुत करते कलाकार।



### कार्तिकेय के श्राप से लता बन जाती है उर्वशी

एक बार पुरुरवा किसी अन्य सुंदरी को देखने लगते हैं, जिससे उर्वशी रूठकर कुमार वन में चली जाती है और कार्तिकेय के श्राप से लता बन जाती है। पुरुरवा पागलों की तरह उसे ढूंढ़ते फिरते हैं। अंत में पार्वती की चरण-लालिमा से बनी एक दिव्य मणि के कारण उर्वशी का श्राप टूटता है और वह अपने रूप में लौट आती है। अंततः दोनों मिल जाते हैं और उनका विरह समाप्त होता है।

### कथासार

एक बार राजा पुरुरवा सूर्य की पूजा करके लौट रहे थे। रास्ते में आकाश में अपने रथ पर जाते हुए उसने देखा की केशी नाम का असुर चित्रलेखा और उर्वशी को पकड़ कर लिए जा रहा है। राजा ने केशी पर आक्रमण किया और अप्सराओं को बचा लिया, और यहीं से इस नाटक की असली कथा शुरू होती हैं। इंद्र के दरबार में लक्ष्मी-स्वयंवर नाम का भरत-रचित नाटक होने लगा था। इस नाटक में मेनका, रम्भा और उर्वशी अभिनय कर रही थीं। उर्वशी लक्ष्मी का अभिनय कर रही थी। वह राजा पुरुरवा के ध्यान में डूबी हुई थी और इसलिए यह भूल गई कि उसे क्या अभिनय करना है। इस पर भरत ने रुष्ट होकर उसे शाप दिया कि वो देवलोक में नहीं रह सकेगी, इंद्र से याचना करने पर उसे यह आश्वासन मिलता है कि वो तब तक पुरुरवा के साथ पृथ्वी पर रह सकती हैं जब तक उर्वशी और पुरुरवा से उत्पन्न वंशधर पुत्र का मुख पुरुरवा ना देख ले। ऐसा होने पर उसे वापिस स्वर्गलोक आना होगा और फिर दोनों लंबे समय तक गंधमादन पर्वत पर साथ रहते हैं।



## फैशन शो में दिखा प्रतिभा और क्रिएटिविटी का अनोखा संगम

# ग्रीन आउटफिट से लेकर मार्स मिशन तक रैटिना 8.0 बना रचनात्मकता का मंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी ने सेव अर्थ का संदेश देते हुए ग्रीन आउटफिट में खुद को रिप्रेजेंट किया तो कोई मार्स की भूमिका में मंच पर नजर आई... यही नहीं ए डी एच डी डिसऑर्डर, साइको थेरेपी के रूप में भी जब स्टूडेंट्स ने फैशन शो का जलवा बिखरा तो एम्स इंस्टीट्यूट का पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

ये नजारा था एम्स इंस्टीट्यूट में आयोजित रेटीना 8.0 के शुभारंभ का। पांच दिवसीय इस आयोजन की पहली शाम फैशन शो के नाम रही, जिसमें भोपाल शहर के अलग अलग मेडिकल और फैशन इंस्टीट्यूट के करीब 75 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया।

**पांच कॉलेज के 75 स्टूडेंट्स ने लगाया ग्लैमर का तड़का**

### इन कॉलेज ने की शिरकत

इस फैशन शो में एम्स एम बी बी एस, एम्स नर्सिंग, निफ्ट, गांधी मेडिकल कॉलेज सहित पांच कॉलेज के स्टूडेंट्स ने शिरकत कर अलग अलग थीम में परफॉर्म किया। फैशन शो में छात्रों ने विभिन्न थीम्स पर आधारित आधुनिक, परंपरागत और फ्यूज़न आउटफिट्स पहनकर रैंप वॉक किया।

### चांद, तारे, पृथ्वी के रूप में सजी मॉडल्स


जिसमें एम्स स्टूडेंट्स ने ब्लैक अटायर में जहां काल का आतंक दिखाया तो वहीं निफ्ट स्टूडेंट्स ने पृथ्वी, मार्स, चांद जैसे प्लेनेट के रूप में मंच को रोमांच से भर दिया।



**एम्स इंस्टीट्यूट में चमका रैटिना 8.0 का ग्लैमर**

फैशन शो देखकर चिकित्सा स्टूडेट मॉडल्स का हौसला बढ़ातीं मेडिकल स्टूडेंट्स।





### मानसिक विकारों पर आधारित थीम पर रैंप वॉक



विभिन्न परिधानों को प्रस्तुत करती चिकित्सा की छात्राएं।

वहीं गांधी मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स ने मानसिक विकारों पर आधारित थीम पर खुद को मंच पर प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रैटिना 8.0 के आयोजकों ने बताया कि रैटिना 8.0 का उद्देश्य छात्रों की अकादमिक पढ़ाई के साथ-साथ उनकी कला, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को मंच देना है।



# अटलजी साहित्यकार पहले थे, राजनेता बाद में...

भारत रत्न अटल बिहारी के शताब्दी वर्ष में पुण्य स्मरण का आयोजन रविंद्र भवन में



अटलजी पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

### कवि सम्मेलन, ओड़िसी नृत्य और विशेष प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया।

नृत्यधाम संस्था, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देशभर से आए कवि, कलाकारों ने इस खास बनाया।

### राजनीतिक नेता नहीं, राजनेता थे अटल बिहारी

महोत्सव की अध्यक्षता पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर करते हुए कहा कि अटल एक विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे वे राजनीतिक नेता नहीं थे, वे राजनेता थे, स्टेट्समैन इसीलिए उनके सोच में और व्यवहार में बड़प्पन का समावेश था।

**ओड़िसी नृत्य ने मोहा मनः** इस अवसर को यादगार बनाने के लिए प्रतीक्षा परिडा ओडिसी नृत्य धाम भुवनेश्वर द्वारा मोहक ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति की गई।

## अपनी जेब में काजू-किशमिश रखते थे अटल नाना जी

अटलबिहारी वाजपेई के परिवार से ताल्लुक रखने वाली उप संचालक संस्कृति संचालनालय पूजा शुक्ला ने कहा वाजपेई मेरे नानाजी थे और वो अपनी जेब में काजू-किशमिश हमेशा रखते थे और हम बच्चों को देते थे। उन्होंने परिवार और राजनीति में सदैव अंतर रखा। भोपाल की पुरानी मनोहर डेरी की मिठाई उनको बहुत पसंद थी। वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी ने कहा, अटल साहित्यकार पहले थे, राजनेता बाद में। वे वाचिक परंपरा के कवि थे।





मंच पर अभिनय प्रस्तुत करते बच्चो।

# इन्कम टैक्स परिसर में नाटक 'बुद्धा और असलन' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मणिकर्णिका कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पर्पल फेयर सेलिब्रेशन के अवसर पर नाटक 'बुद्धा और असलन' का मंचन इंकमटैक्स परिसर अरेरा हिल्स में किया गया। यह नाटक गैस ट्रेजेडी को समर्पित रहा। इस नाटक में अभिनय करने वाले कलाकार विशेष (ऑटिज्म) और सामान्य लोग थे, संस्था विशेष बच्चों एवं युवाओं के साथ सामान्य जन को एक साथ लेकर कलात्मक तथा रचनात्मक कार्य करती है ताकि उनके बीच स्नेह, प्रेम, सौहार्द्र, समानता का समावेश हो। नाटक में दिखाया गया कि एक युवा निर्धन असलन भिक्षा मांग कर जीवन यापन करता है, एक दिन उसे कोई भिक्षा नहीं मिलती वह सोचता है उसकी कुटिया में जो इक्कठा किया हुआ भोजन है उससे पेट भर लेगा, कुटिया में पहुंचकर पता चलता है कि उसका सारा भोजन चोरी हो गया है, उसका भोजन चूहा खा लेता है, असलन कहता है कि मैं तो निर्धन हूं और तुमने मेरा ही भोजन चुरा लिया। जाओ जाकर धनवानों का भोजन चुराओ उनके पास अथाह भोजन होता, इसके उत्तर में चूं चूं कहता है कि मेरे भाग्य में लिखा है तुम्हारा भोजन चुराना और तुम्हारे भाग्य में लिखा है, चाहे तुम कितना भी भोजन एकत्रित कर लो एक वस्तु से अधिक अपने पास ना रख पाओगे।



बुद्ध का रोल निभाता एक कलाकार।

## अपने फिल्मी करियर के अनुभव किए साझा

# 'औकात के बाहर' वेबसीरीज में भोपाल के प्रांजल शर्मा बने जूनियर एल्विश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोशल मीडिया स्टार एल्विश यादव की वेब सीरीज 'औकात के बाहर' में भोपाल के 12 वर्षीय कलाकार प्रांजल शर्मा जूनियर एल्विश की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में एल्विश राजवीर के मुख्य किरदार में है, जबकि प्रांजल ने जूनियर राजवीर की भूमिका निभाई। वेब सीरीज की शूटिंग भोपाल व आसपास के क्षेत्रों में हुई।

भोपाल में रहने वाले प्रांजल ने कहा कि मैं पिछले 8 सालों से थिएटर कर रहा हूं और वरिष्ठ रंगकर्मी केजी त्रिवेदी चच्चा का स्टूडेंट रहा हूं। 7वीं में पढ़ने वाले प्रांजल ने अब तक 20 से अधिक नाटकों में अभिनय भी किया है।

उन्होंने कहा कि मैंने वेब सीरीज शिक्षा मंडल में डॉ. अरोरा में काम किया, इसके अलावा स्त्री 2, दुर्गामती, कटहल, सेल्फी, डरन-छू जैसी फिल्मों में भी काम कर चुका हूं। वहीं खेलो इंडिया में मैं मैस्कॉट मोगली बना था। प्रांजल के टैलेंट को देखते हुए हाल ही में उन्हें केंद्रीय सरकार की सिटीएसएस स्कॉलरशिप भी मिली है, जो कला क्षेत्र में उभरते कलाकारों को दी जाती है।



प्रांजल शर्मा

### राष्ट्रीय बालरंग का भव्य शुभारंभ कल

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 5 दिसंबर से राष्ट्रीय बालरंग का रंगारंग शुभारंभ किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित यह राष्ट्रीय उत्सव बच्चों की अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक विविधता का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें देश के 19 राज्यों के 400 से ज्यादा बाल कलाकार नृत्य, संगीत, चित्रकला और लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे। साथ ही भोपाल के 1500 से अधिक विद्यार्थी संग्रहालय परिसर में बच्चों के लिए रचनात्मक कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिनका निर्देशन संग्रहालय की निदेशक डॉ. सुनीता रेड्डी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

## डिप्टी सीएम शुक्ल रहे मौजूद

# मानसरोवर कॉलेज की व्हाइट कोट सेरेमनी में भावी डॉक्टर्स ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर मेडिकल कॉलेज की व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन बिलकिसगंज के प्रांगण में किया गया। इस दौरान भावी डॉक्टर्स ने व्हाइट कोट धारण कर, मानव सेवा का संकल्प लिया। इस दौरान एमबीबीएस के 150 विद्यार्थियों सहित अभिभावकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचसीन अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, डीएमई डॉ.अरुणा कुमार, सीएमएचओ सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, सुप्रसिद्ध लेखक नीलोत्पल मृणाल सहित मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. गौरव तिवारी, आरोग्य भारती के संगठन सचिव डॉ. अशोक वार्ष्णेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में अभी भी चिकित्सकों की कमी है और मुझे खुशी है कि भविष्य में मानसरोवर अच्छे डॉक्टर्स की फौज तैयार करेगा।



डिप्टी सीएम का स्वागत करते आयोजक।

## माखनलाल चतुर्वेदी विवि में नाटक 'फिल्म स्टार पटोल बाबू' का मंचन

# आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी भूमिका निभाते रहे पटोल बाबू



पटोल बाबू की ऐसी थी भूमिका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में बुधवार की शाम दिनेश नायर के निर्देशन में नाटक 'फिल्म स्टार पटोल बाबू' का मंचन किया गया। सत्यजीत रे द्वारा पटोल बाबू, फिल्म स्टार, एक नकारात्मक मानसिकता को सकारात्मक में बदलने में एक संरक्षक के मूल्यवान योगदान पर जोर देती कहानी है। गोगोन पकरशी पटोल बाबू के गुरु थे। उन्होंने पटोल बाबू से एक बात याद रखने के लिए कहा कि उन्हें कितना भी छोटा हिस्सा पेश किया जाए, उन्हें इसे स्वीकार करने के लिए कभी भी अपनी गरिमा के नीचे नहीं मानना चाहिए। इन शब्दों ने पटोल बाबू को बहुत प्रभावित किया और उन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी भूमिका निभाने में उनकी मदद की।



मंच पर अभिनय करता एक कलाकार।

**सत्यजीत रे की कहानी पर आधारित मंचन के गवाह बने सैकड़ों दर्शक**



### नाटक की कहानी

इन शब्दों से, पटोल बाबू ने इतनी छोटी भूमिका निभाने के लिए भावना, ऊर्जा, प्रेरणा और गरिमा को आकर्षित किया। उन्होंने अब फिल्म में अपनी भूमिका को कृपालु नहीं महसूस किया। पटोल बाबू ने अपने नाटक के अपने हिस्से को पूर्णता के साथ निभाया। हालांकि उन्हें एक छोटा सा रोल दिया गया था लेकिन फिर भी वे सोच रहे थे कि क्या इसे हर कोई सराहेगा या नहीं। नाटक में दिखाया कि पटोल बाबू एक सच्चे अभिनेता थे जिनके लिए रचनात्मक संतुष्टि सर्वोपरि थी न कि पैसा और इसी से उन्होंने वाहवाही बटोरी।

# राहुल बोले- मोदी सरकार के पास जाति जनगणना पर ठोस रूपरेखा नहीं नित्यानंद बोले- जनगणना 2027 दो चरणों में होगी, सबके 'सुझाव' लेंगे

## बुधवार को पहली बार लोकसभा में कार्यवाही सुचारू तरीके से शुरू, प्रश्नकाल शांति से चला




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू होने के बाद से बुधवार को पहली बार लोकसभा में प्रश्नकाल की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न हुई। इससे पहले दो दिन तक मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही। बुधवार को लोकसभा की बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ने तीन पूर्व सदस्यों- कालीप्रसाद पांडेय (आठवीं लोकसभा में बिहार के गोपालगंज संसदीय क्षेत्र से सदस्य), रामेश्वर डूडी (13वीं लोकसभा में राजस्थान के बीकानेर से सदस्य) और श्याम सुंदर लाल (छठी लोकसभा में राजस्थान के तत्कालीन बयाना संसदीय क्षेत्र से सदस्य) के निधन की सूचना दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सदन में प्रश्नकाल शुरू हुआ और अश्विनी वैष्णव, प्रह्लाद जोशी, ज्योतिरादित्य सिंधिया और राव इंद्रजीत सिंह समेत केंद्रीय मंत्रियों ने संबंधित पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। शून्यकाल की कार्यवाही भी शांति से शुरू हुई।

**तीन पूर्व सांसदों को दी श्रद्धांजलि**

बोले राहुल- न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा और न ही जनता से संवाद


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

### जाति जनगणना बहुजनों के साथ विश्वासघातः राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि मोदी सरकार के पास जाति जनगणना को लेकर कोई ठोस रूपरेखा और योजना नहीं है और यह देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि संसद में मैंने सरकार से जाति जनगणना पर सवाल पूछा था। उनका जवाब चौंकाने वाला है। न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा और न ही जनता से संवाद। दूसरे राज्यों की सफल जाति जनगणनाओं की रणनीति से सीखने की कोई इच्छा भी नहीं है। मोदी सरकार की यह जाति जनगणना देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है।

**सरकार से पूछे ये तीन सवाल**

राहलु गांधी ने बुधवार को लोकसभा में लिखित प्रश्न किया था कि दशकीय जनगणना की तैयारी के लिए प्रमुख प्रक्रियात्मक कदमों का ब्यौरा और संभावित समयसीमा क्या है, जिसमें प्रश्नों की तैयारी, कार्यक्रम निर्धारित करना शामिल है? क्या सरकार का जनगणना के सवालों का प्रारूप प्रकाशित करने और इन सवालों पर जनता या जनप्रतिनिधियों से इनपुट लेने का कोई प्रस्ताव है? क्या सरकार अलग-अलग राज्यों में किए गए जाति सर्वेक्षण समेत पिछले अनुभवों पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

### जनगणना का 150 वर्षों से अधिक का इतिहासः नित्यानंद


गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय

राहुल गांधी के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और आवास गणना तथा उसके बाद दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी। आबादी की गणना फरवरी 2027 में की जाएगी, जिसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की मध्य रात्रि होगी, सिवाय केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके दुर्गम इलाकों को छोड़कर, जहां यह गणना सितंबर 2026 में की जाएगी, जिसकी संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि होगी। राय ने कहा कि जनगणना का 150 वर्षों से अधिक का इतिहास है। अगली जनगणना के लिए पिछली जनगणनाओं से प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखा जाता है। प्रत्येक जनगणना से पहले संबंधित हितधारकों से भी सुझाव लिए जाते हैं।

### फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतराः वैष्णव



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और आईटी मंत्री वैष्णव लोकसभा में कहा कि फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। एआई जनित डीप फेक वीडियो बनाने वालों और गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। सरकार फर्जी खबरों और एआई जनित डीप फेक वीडियो पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम बनाने और इसके लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत करने पर काम कर रही है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि 'फर्जी खबरें एक बहुत गंभीर मुद्दा है। जो लोग और तंत्र फर्जी खबरें फैलाते हैं, वे भारतीय कानूनों का पालन नहीं करते हैं।

### केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित



लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पारिता हो गया। इससे पहले विधेयक को पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि चूंकि जीएसटी कानून में अधिकतम कर दर 40 प्रतिशत तय है, इसलिए यदि जीएसटी उपकर हटा दिया जाता है और उत्पाद शुल्क नहीं लगाया जाता है तो तंबाकू पर कुल कर बोझ वर्तमान स्तर से कम हो जाएगा। वहीं, विपक्षी दलों के सांसदों ने कहा कि सरकार को इनके उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए अन्य प्रयास करने होंगे और तंबाकू किसानों का भी ध्यान रखना होगा। शिवसेना के रवींद्र वायकर ने कहा कि यह विधेयक युवाओं को धुएं से बचाने की दिशा में एक 'सर्जिकल स्ट्राइक' है। उन्होंने आग्रह किया कि उपकर से मिलने वाले राजस्व का बड़ा हिस्सा कैंसर अस्पताल और नशा मुक्ति केंद्र बनाने पर खर्च किया जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अरुण गोविल ने कहा कि नशे की लत को कम करने की जरूरत है और यह विधेयक इस दिशा में सहायक होगा।

## दोनों सदनों में गूंजा दिल्ली प्रदूषण का मामला

### पीएम मोदी दें जवाबः हुड्डा

कांग्रेस सांसद और कुछ अन्य सदस्य दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति को लेकर विरोध जताते हुए बुधवार को मॉस्क पहनकर संसद भवन पहुंचे तथा सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। सांसद हुड्डा ने कहा कि हम यहां की जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। हमारी मांग है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और पीएम नरेंद्र मोदी इस पर जवाब देने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा, पंजाब, यूपी, दिल्ली और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों का एक समूह बनाया जाना चाहिए और दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बजट आवंटन के साथ एक विस्तृत योजना बनाई जानी चाहिए।



### यह रोजाना 50 सिगरेट पीने की तरहः सुप्रिया



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति का उल्लेख करते हुए लोकसभा में कहा कि दिल्ली में घूमने का मलतब एक दिन में 50 सिगरेट पीने जैसा है। उन्होंने कहा कि सरकार को वायु प्रदूषण की स्थिति से निपटने के लिए सांसदों का सहयोग लेना चाहिए। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

### पराली जलाने की घटनाओं में कमी आईः यादव



दिल्ली के पर्यावरण को सरकार के लिए चिंता का विषय बताते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने राज्यसभा में कहा कि केंद्र सरकार ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ लगातार छह बैठकें की हैं। यदि आप 2016 से तुलना करेंगे तो पराली के जलने (की घटनाओं) में 90 प्रतिशत की कमी आई है।

---

**खबर संक्षेप**

### करनाल में पलटा ट्रक 4 की मौके पर मौत



**करनाल।** हरियाणा के करनाल जिले में घरौंडा में नेशनल हाईवे-44 पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई है। हादसा रॉन्ग साइड में ड्राइविंग के कारण हुआ। ट्रक ने पहले रोडवेज बस को टक्कर मारी, फिर बाइक को कुचला, फिर कार को टक्कर मारकर बीच सड़क पलट गया।

### धर्मेंद्र की अस्थियां गंगा में विसर्जित की गईं



**हरिद्वार।** बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र की अस्थियां हरिद्वार में हरकी पौड़ी पर गंगा में विसर्जित की गईं। उनके पारिवारिक पुरोहित पंडित संदीप पाराशर श्रोत्रिय ने बताया कि अस्थि विसर्जन के पूर्व की कर्मकांड विधि निजी होटल में संपन्न कराई गई।

### कर्नाटक और झारखंड राजभवन अब लोकभवन



**नई दिल्ली।** कर्नाटक और झारखंड में राजभवन का नाम बदलकर 'लोकभवन' किया गया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने इसकी मंजूरी दी।

## लोकसभा में संचार साथी एप पर ज्योतिरादित्य सिंधिया की दो टूक

# स्नूपिंग न संभव है, न कभी होगी, यह सेफ उद्धव का दावा- ये पेगासस का ही नया रूप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में संचार साथी एप पर पूछे गए सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संचार साथी एप से स्नूपिंग न संभव है और न ही कभी होगी। सरकार चाहती है कि लोग खुद को सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी साधनों से लैस हों। संचार साथी की सफलता और उसका व्यापक उपयोग जनता के भरोसे और सहभागिता का परिणाम है। हम नागरिकों से मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर नियमों में आवश्यक सुधार करने के लिए सदैव तैयार हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ने कहा कि संचार साथी एप को मोबाइल फोन से हटाया जा सकता है और जब तक यूजर रजिस्ट्रेशन नहीं करेगा, तब तक एप चालू नहीं होगा। ऐसा कहकर उन्होंने मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी एप को पहले से इंस्टॉल करने के केंद्र के निर्देश के बाद जासूसी की अटकलों का खंडन किया। लोकसभा में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोबाइल एप पूरी तरह सुरक्षित एप है।

■ सुझावों के आधार पर सुधार करेंगे

**रजिस्ट्रेशन के बिना नहीं चलेगा एप**

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार चाहती है कि लोग खुद को सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी साधनों से लैस हों


केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया



संचार साथी एप

### एप इंस्टाल करना यूजर्स की मर्जी

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एक अरब मोबाइल यूजर्स हैं, लेकिन कुछ लोग मोबाइल का गलत इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोगों से अपने नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार का कर्तव्य है। संचार साथी पोर्टल साल 2023 में इसी सोच के साथ शुरू किया गया था और अब मोबाइल एप को भी इसी सोच के साथ लाया गया है, लेकिन एप को इस्तेमाल करना या नहीं करना, यूजर की मर्जी होगी। इसे किसी भी अन्य एप की तरह अनइंस्टॉल करके हटा सकते हैं।

### सरकार लोगों की जासूसी करने की तैयारी कर रहीः उद्धव



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि संचार साथी एप असल में पेगासस का ही नया रूप है और भाजपा नेतृत्व वाली सरकार लोगों की जासूसी करने की तैयारी कर रही है। ठाकरे ने दावा किया कि यह एप नागरिकों के फोन में जबरन डालकर उनकी गतिविधियों की निगरानी करने का तरीका है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। आगे कहा कि सरकार लोगों पर अविश्वास दिखाने के बजाय उन सुरक्षा चूकों की जांच करे, जिनके कारण अप्रैल में पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ था जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार को यह देखना चाहिए कि आतंकी भारत में कैसे घुस रहे हैं, तब वह नागरिकों के फोन पर नजर रखने में व्यस्त है।

### सरकार से असहमति रखने वाले निशाने पर

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि यह एप नागरिकों की गोपनीयता के अधिकार को पूरी तरह समाप्त कर सकता है। एप के जरिए किसी भी यूजर की रियल-टाइम लोकेशन, सर्च हिस्ट्री, फाइनेंशियल लेन-देन को जाना जा सकता है। साथ ही एसएमएस व वाट्सएप चैट तक की निगरानी संभव है। इससे विपक्षी नेताओं और असहमति रखने वालों को निशाना बनाना आसान हो जाएगा। एप के कारण पासवर्ड, बैंक अकाउंट की जानकारी और निजी डाटा किसी सरकारी एजेंसी या हैकर की पहुंच में आ सकते हैं। उन्होंने तीन प्रश्नों के जवाब मांगे हैं।



### एक दिन में 10 गुना बढ़े डाउनलोड

संचार साथी एप के डाउनलोड का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। मंगलवार को एप को लगभग 6 लाख लोगों ने डाउनलोड किया, जबकि सामान्य दिनों में यह आंकड़ा करीब 60 हजार रहता था। यानी एक दिन में डाउनलोड 10 गुना तक बढ़ गए। पहले ही 1.5 करोड़ लोग संचार साथी एप डाउनलोड कर चुके थे।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने पलटा फैसला

# नहीं छिनेगी 32000 प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की नौकरियां

### कहा- पूरी चयन प्रक्रिया रद्द नहीं कर सकते


कलकत्ता हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने बुधवार को एकल पीठ के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल में 32,000 प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। इन शिक्षकों की भर्ती 2014 की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के माध्यम से की गई थी। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखने के लिए इच्छुक नहीं है, क्योंकि सभी भर्तियों में अनियमितताएं साबित नहीं हुई हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि नौ वर्ष के बाद नौकरी खत्म करने से प्राथमिक शिक्षकों और उनके परिवारों पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### फैसले से हम खुशः सीएम ममता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने खंडपीठ के आदेश पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि हम अदालत के आदेश से खुश हैं। यह बड़ी राहत की बात है कि इन शिक्षकों की नौकरियां बच गईं। हम नौकरियां पैदा करना चाहते हैं, उन्हें छीनना नहीं। वहीं, पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्यु बसु ने भी खंडपीठ की सराहना करते हुए कहा कि सच्चाई की जीत हुई है क्योंकि शिक्षकों की नौकरियां 'सुरक्षित' बनी हुई हैं। बसु ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के 32,000 शिक्षकों की नौकरियां पूरी तरह सुरक्षित हैं। शिक्षकों को मेरी शुभकामनाएं।

### शुरू में 264 नियुक्तियों में ही अनियमितताएं

आदेश में कहा गया है कि सीबीआई, जिसे हाईकोर्ट की ओर से मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था, ने शुरू में 264 नियुक्तियों की पहचान की थी जिनमें अनियमितताएं हुई थीं, जिसके बाद अन्य 96 शिक्षकों के नाम एजेंसी की जांच के दायरे में आए। अदालत ने कहा कि इसे देखते हुए पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता। तत्कालीन न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने 12 मई 2023 को इन 32,000 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियों को समाप्त कर दिया था।
दूसरी ओर, सीएम बेनर्जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को शुरू करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर मतदाताओं को परेशान करने और छल से पश्चिम बंगाल पर कब्जा करने के लिए इस कवायद की 'साजिश' रचने का आरोप लगाया।

---

## मुंबई की पहली शहरी अंडरग्राउंड टनल रोड परियोजना का शुभारंभ

# खुदाई करने उतरी 2400 टन वजन की टीबीएम मशीन सीएम बोले- कोस्टल रोड से लोगों के हजारों घंटे बचेंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई शहर की पहली अंडरग्राउंड टनल रोड परियोजना ने एक अहम कदम पार कर लिया। ऑरेंज गेट से मरीन ड्राइव तक अत्याधुनिक सुरंग बन रही है। इस टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) को औपचारिक रूप से नीचे उतारा गया है। इस मौके पर सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे मौजूद थे। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि दक्षिण मुंबई में ऑरेंज गेट और मरीन ड्राइव के बीच बनने वाली कोस्टल रोड सुरंग से हजारों लोगों के हजारों घंटे बचेंगे। यह एक बड़ी अभियांत्रिक उपलब्धि साबित होगी।


योजना का शुभारंभ करते सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे

### प्रोजेक्ट की खास बातें

कुल लंबाईः 10 किमी, अंडरग्राउंड टनल हिस्साः 7 किमी, गहराईः 12 से 52 मीटर के बीच, रेलवे-मेट्रो के नीचेः मध्य, पश्चिम रेलवे और मेट्रो लाइन 3, कार्य अवधिः 54 महीने कुल लागतः 8,056 करोड़ रुपए।

### कुंभ मेले में बाधा डाल रहे कुछ लोग

सीएम ने कहा कि कुछ लोग नासिक कुंभ मेले में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग राजनीतिक कारणों से अचानक पर्यावरणवादी बन गए हैं। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे। बता दें, 2026 में होने वाले कुंभ मेले से पहले 'साधु ग्राम' बनाने के लिए तपोवन क्षेत्र में 1700 से अधिक पेड़ों को काटने की नासिक नगर निकाय की कथित योजना का नागरिक समाज के सदस्य विरोध कर रहे हैं।

## दिल्ली दंगा मामले में आरोपियों के वकील को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# 15 मिनट में बात खत्म कीजिए, मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी है, इसलिए अब समय सीमा तय की जा रही है। अदालत ने आरोपियों के वकीलों से कहा कि वे अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट में सीमित रखें। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजरिया की पीठ ने कहा कि आरोपियों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की तरफ से की जाने वाली सफाई या जवाब 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। अगली सुनवाई 9 दिसंबर के लिए तय की है।

**मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी**

**जमानत का दिल्ली पुलिस ने किया विरोध**

### आरोपियों के स्थाई पते जमा करने का भी निर्देश


सुप्रीम कोर्ट

इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के वकीलों को उनके स्थायी पते जमा करने का भी निर्देश दिया। इस सुनवाई के दौरान कार्यकर्ता शरजील इमाम की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि उनके मुवक्किल को बिना ट्रायल और बिना किसी दोषसिद्धि के 'खतरनाक आतंकी' बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इमाम 28 जनवरी 2020 को गिरफ्तार हुए थे, यानी दंगे होने से पहले।

### दंगे के दौरान दिल्ली में नहीं था खालिदः सिब्बल

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने उमर खालिद की तरफ से कहा कि दंगे के दौरान उनका मुवक्किल दिल्ली में मौजूद ही नहीं था। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आरोपी गल्फिशा फातिमा लगभग 6 साल से जेल में है।

### आरोपी दंगों के मुख्य साजिशकर्ताः दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस ने इन सभी की जमानत का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2020 के दंगे अचानक नहीं हुए थे, बल्कि यह एक योजनाबद्ध साजिश थी। इनको यूएपीए और आईपीसी के तहत इसलिए गिरफ्तार किया।

### डीयू के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी

दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस द्वारा मौके पर की गई सघन तलाशी में किसी भी प्रकार का कोई संदिग्ध उपकरण या वस्तु नहीं मिली। दिल्ली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली रामजस कॉलेज और देशबंधु कॉलेज को आज ईमेल से बम की धमकी मिली थी। बम स्क्वाड और दिल्ली पुलिस मौके पर हैं। फिलहाल, अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

राष्ट्रपति की कार है चलता-फिरता किला!

# बुलेटप्रूफ, ग्रेनेड-प्रूफ 598 एचपी वाली सेफ कार में सफर करते हैं पुतिन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दुनिया के उन नेताओं में शामिल हैं जिनके दोस्त और दुश्मन दोनों की कमी नहीं है। उनकी जीवनशैली और वाहन अक्सर मीडिया की सुर्खियों में बने रहते हैं। पुतिन 4 और 5 दिसंबर को भारत दौरे पर रहेंगे और इस दौरान उनके साथ उनकी प्रेसिडेंशियल स्टेट कार औरस सेनाट लिमोजीन भी देखी जाएगी।

- दो दिवसीय भारत दौरे पर रहेंगे राष्ट्रपति पुतिन

यह कार रूसी कंपनी औरस ने बनाई है और यह पहले इस्तेमाल होने वाली मर्सिडीज़-बेंज एस 600 गार्ड पुलमैन की जगह ले चुकी है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर 4 और 5 दिसंबर को पहुंचेंगे। इस दौरान वे औरस सेनाट लिमोजीन में सफर करेंगे, जो 598 हॉर्सपावर वाले वी8 हाइब्रिड इंजन, बुलेटप्रूफ कवच, विस्फोट सुरक्षा, रन-फ्लैट टायर और मिनी कमांड सेंटर जैसी सुविधाओं से लैस है

### कार में लगा है 4.4 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 हाइब्रिड इंजन

### 46 किलोवॉट का इलेक्ट्रिक मोटर और नाइन स्पीड






रूस के राष्ट्रपति पुतिन की औरस सेनाट लिमोजीन कार।

### रूसी पहचान साफ नजर आती है

औरस सेनाट लिमोजीन का डिजाइन सोवियत युग की जेआईएस-110 लिमोजीन पर आधारित है। पुरानी शैली और मॉडर्न डिजाइन का बेहतरीन मिश्रण इस कार को अनोखा बनाता है। इसमें बड़ा ग्रिल, वर्टिकल स्लैट्स, स्लीक एलईडी हेडलाइट्स और कैब-रियरवर्ड सिल्हूट है, जो इसे रोल्स-रॉयस गोस्ट जैसा बनाता है, लेकिन इसमें रूसी पहचान साफ नजर आती है।

### चलते-फिरते दफ्तर की तरह सुविधाएं

वजन कई टन और लंबाई लगभग 7 मीटर होने के बावजूद, यह कार तेज और आरामदायक है। यात्रियों के लिए इसमें प्रीमियम लेदर अपहोल्स्ट्री, पॉलिश्ड वुड ट्रिम, दो इंफोटेनमेंट डिस्प्ले, अलग-अलग रिक्लाइनिंग सीटें, फोल्ड-आउट टेबल्स और मिनी-फ्रिज जैसी सुविधाएं हैं। एडवांस्ड ड्राइवर-असिस्टेंस फीचर्स जैसे एडाप्टिव क्रूज कंट्रोल और पेडेस्ट्रियन इमरजेंसी ब्रेकिंग इसे बेहद सुरक्षित बनाते हैं।

### एक नजर कार की विशेषताओं पर

- ***बुलेटप्रूफ कवच:*** *पूरी बॉडी और शीशे बेहद मजबूत मटीरियल से बने हैं, जो आर्मर-पियर्सिंग गोलियों और हैंड ग्रेनेड के हमलों को रोकते हैं।*
- ***मोटे बुलेटप्रूफ शीशे:*** *खिड़कियों की मोटाई लगभग 6 सेंटीमीटर है।*
- ***विस्फोट सुरक्षा:*** *गाड़ी का नीचे का हिस्सा ब्लास्ट प्रूफ है।*
- ***रन-फ्लैट टायर:*** *गोली लगने या पंक्चर होने पर भी गाड़ी लंबी दूरी तक चल सकती है।*
- ***आग बुझाने की ऑटोमैटिक व्यवस्था:*** *इंजन या गाड़ी के नीचे आग लगने पर सिस्टम स्वयं आग बुझा देता है।*
- ***केमिकल/गैस अटैक से सुरक्षा:*** *केबिन में विशेष एयर फिल्टर और अतिरिक्त ऑक्सीजन सप्लाई।*
- ***सुरक्षित कम्युनिकेशन सिस्टम:*** *अंदर और बाहर की बातचीत पूरी तरह गोपनीय।*
- ***आपातकालीन निकास:*** *दरवाजे न खुलने पर पीछे का शीशा खुलकर बाहर निकलने की सुविधा।*
- ***मिनी कमांड सेंटर:*** *सभी जरूरी कंट्रोल और कम्युनिकेशन सुविधाएं मौजूद।*
- *कार की बाकी सुरक्षा प्रणालियों का विवरण गोपनीय रखा गया है, लेकिन इसे एक चलते-फिरते किले के रूप में माना जा सकता है।*

---

## खबर संक्षेप

### पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में ग्रामीणों और पुलिसवालों के बीच हिंसक झड़प की खबर है। इस झड़प में एएसपी समेत करीब दो दर्जन पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। पथराव कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। यहां के ग्रामीण एसईसीएल के अमेरा कोयला खदान के विस्तार का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों के विरोध की आशंका के मद्देनजर वहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

### यूएस में भारतीय ड्राइवर पर गंभीर आरोप



**वाशिंगटन।** पहले अवैध रूप से घुसे एक भारतीय नागरिक राजिंदर कुमार पर एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत के बाद हत्याकांड (हॉमिकाइड) का आरोप लगाया गया है। यह हादसा ओरेगन राज्य के डेश्यूट्स काउंटी में हुआ था। ओरेगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, 24 नवंबर की रात कुमार एक सेमी-ट्रक चला रहे थे। उनका ट्रक सड़क पर जैकनाइफ स्थिति में फंसा हुआ था, यानी ट्रक और ट्रेलर मुड़कर सड़क की दोनों लेन को पूरी तरह ब्लॉक कर रहे थे।उसी दौरान विलियम माइका कार्टर अपनी कार से हाईवे की रफ्तार में आ रहे थे और ट्रेलर से टकरा गए।

---

इजराइल के साथ हुई बड़ी डील, ऑपरेशन सिंदूर में पाक को किया था तबाह

# भारत को मिलेगा खतरनाक हथियार हेरॉन एमके-2 ड्रोन, दुश्मनों पर बरसाएगा बम

एजेंसी ▶▶ यरूशलेम

भारत और इजराइल के बीच रक्षा संबंध हमेशा से मजबूत रहे हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों कितने मजबूत हैं एक बार फिर इसकी बानगी देखने को मिली है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान के खिलाफ इस ऑपरेशन में भारत ने हेरॉन एमके-2 ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था।

### भारत-इजराइल हेरोन एमके-2 खेप खरीदेगा

अब ऑपरेशन सिंदूर में हेरोन एमके-2 की क्षमताओं को देखने के बाद भारत ने बड़ा फैसला लिया है। भारत ने इजराइल के साथ इमरजेंसी प्रोविजन के तहत एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इस डील के मुताबिक भारत इजराइल से हेरोन एमके-2 की अतिरिक्त खेप खरीदेगा। इस बात की जानकारी इजराइली रक्षा उद्योग से जुड़े एक अधिकारी ने खुद दी है।



*इजराइली अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के तीनों सेनाओं ने आपातकालीन खरीद के लिए हेरोन एमके-2 का चयन किया। यह ड्रोन लगातार 45 घंटे तक हवा में उड़ान भर सकता है, इन ड्रोन्स ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी क्षमता प्रदर्शित की है।*

#### खास बातें

- इजराइल ने कहा भारत हमारे लिए प्रमुख ग्राहक
- 45 घंटे तक हवा में भर सकेगा उड़ान
- ऑपरेशन सिंदूर में मचाई थी तबाही



हेरॉन एमके-2 ड्रोन भारत अतिरिक्त खेप खरीदेगा।

### भारत की नौसेना में शामिल होंगे ड्रोन एमके-2

भारत और इजराइल के बीच हुई इस डील को लेकर इजराइली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अधिकारी ने बताया कि हेरॉन एमके-2 भारतीय सेना और वायुसेना के पास पहले से ही हैं। अधिकारी ने बताया कि अब इन ड्रोन्स को भारत की नौसेना में भी शामिल किया जाएगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी बेहद अहम है और यह तीन दशकों से चली आ रही है।

### 'मेक इन इंडिया' का रखा गया ध्यान

*इजराइली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अधिकारी ने भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनका इरादा सिर्फ ड्रोन्स की आपूर्ति तक सीमित नहीं है बल्कि भारत में इनका निर्माण भी करना है। निश्चित तौर पर हेरोन एमके-2 से भारत की सैन्य क्षमताओं में भारी इजाफा होगा और किसी भी युद्ध में गेमचेंजर साबित हो सकते हैं।*

#### हेरोन एमके-2 की खासियत

हेरोन एमके-2 की खासियतों के बारे में बात करें तो यह 35,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकता है और लगातार 45 घंटे तक हवा में रह सकता है। अधिकारी ने बताया कि इजराइल की वायुसेना इन ड्रोन्स का इस्तेमाल करती है साथ ही दुनिया भर में कई और सेनाएं हैं जिनके पास ये ड्रोन्स हैं। भारत इजराइल से कितने ड्रोन्स खरीद रहा है अधिकारी ने इस संख्या का खुलासा नहीं किया है।



---

पुतिन ने दी यूरोप को चेतावनी

# यूरोप युद्ध चाहता है तो हम भी पीछे नहीं हटेंगे



रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

भारत दौरे से पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूरोप को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वे युद्ध चाहते हैं तो रूस इसके लिए तैयार है और उन्हें पराजित किया जाएगा। राष्ट्रपति पुतिन 4 दिसंबर को भारत दौरे पर आने वाले हैं।

इससे पहले मॉस्को में यूक्रेन वार पर कूटनीति की तेज कोशिशें चल रही है। पुतिन ने यह बात तब कही जब अमेरिकी राष्ट्रपति के स्पेशल दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कोरी कुशनर यूक्रेन युद्ध पर बात करने के लिए मॉस्को में हैं। पुतिन ने मॉस्को के इन्वेस्टमेंट फोरम में जब ये बात कही तो विटकॉफ और कुशनर रूस-यूक्रेन पीस प्लान की डिटेल्स पर बात करने के लिए मॉस्को के दूसरे हिस्से में उनका इंतजार कर रहे थे।

### ऐसी मांगे जो रूस को मंजूर नहीं

मॉस्को में इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें लड़ाई की कोई इच्छा नहीं है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यूरोप अचानक हमारे साथ युद्ध करना चाहता है और शुरू करता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। पुतिन ने पत्रकारों से कहा कि उनके पास शांति का कोई एजेंडा नहीं है, वे युद्ध के पक्ष में हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने यूरोप पर शांति प्रस्तावों में बदलाव करने का आरोप लगाया। पुतिन ने कहा कि इसमें ऐसी मांगें शामिल हैं जो रूस को बिल्कुल मंजूर नहीं हैं, इस तरह पूरी शांति प्रक्रिया को रोक दिया गया, और इसके लिए सिर्फ़ रूस को दोषी ठहराया गया।

### हालांकि यूरोप पर हमले का प्लान नहीं

राष्ट्रपति ने अपनी पुरानी बात दोहराई कि रूस का यूरोप पर हमला करने का कोई प्लान नहीं है। यह चिंता कुछ यूरोपीय देश अक्सर जाहिर करते रहते हैं। पुतिन ने कहा, लेकिन अगर यूरोप अचानक हमारे साथ युद्ध छेड़ना चाहता है और शुरू करता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। इसमें कोई शक नहीं हो सकता।

---

नेशनल गार्ड के सदस्यों पर जानलेवा शूटिंग के बाद ट्रंप प्रशासन का विचार

# यूएस में 30 से ज्यादा देशों की एंट्री पर लगेगी रोक, बड़े ट्रैवल बैन की तैयारी में राष्ट्रपति ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विदेशी नागरिकों पर बड़े पैमाने पर यात्रा प्रतिबंध (यूएस ट्रैवल बैन) लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके तहत दो दर्जन से अधिक देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लग सकता है। वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड के सदस्यों पर जानलेवा शूटिंग के बाद ट्रंप प्रशासन इस पर विचार कर रहा है।



### जल्द जारी हो सकती है लिस्ट

*सूत्र ने यह भी कहा कि बातचीत अपने आखिरी दौर में है और जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जा सकती है। होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के एक प्रवक्ता ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि अपडेटेड लिस्ट जल्द जारी की जाएगी। अमेरिकी गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने भी अमेरिका के यात्रा प्रतिबंध में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी का इशारा किया। एक्स पर एक पोस्ट में नोएम ने लिखा, उन्होंने हर उस देश को प्रतिबंधित लिस्ट में डालने का प्रस्ताव रखा।*

### हमारे पुरखों ने खून पसीने से देश को बनाया

ट्रंप ने कहा कि हमारे पुरखों ने इस देश को खून, पसीने और आजादी के पक्के प्यार से बनाया है, न कि विदेशी हमलावरों के लिए जो हमारे हीरो को मार डालें या टैक्स के पैसे लूट लें। बड़ी मात्रा विदेशी नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध का यह प्रस्ताव वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड के दो सदस्यों पर हमले के बाद ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई का हिस्सा है।

---

इमरान ने भारत से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिश की

# बहन बोलीं- मुनीर कट्टरपंथी इस्लाम न मानने वालों से लड़ते

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं। अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया।



उन्होंने कहा कि जब इमरान खान सत्ता में आए तो उन्होंने भारत और यहां तक कि बीजेपी से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की। जबकि मुनीर बॉर्डर पर तनाव और युद्ध का माहौल बनाते हैं, जिससे भारत और उसके सहयोगी प्रभावित होते हैं।

---

### नौसेना दिवस समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति मुर्मू




**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में नौसेना दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, सीएम पिनाराई विजयन, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भाग लिया। स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, एक पनडुब्बी, चार तीव्र हस्तक्षेप नौकाएं और 32 विमान-लड़ाकू जेट, निगरानी विमान और हेलीकॉप्टर-सहित 19 प्रमुख युद्धपोत इस प्रदर्शन का हिस्सा रहे।

---

## भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, श्रीलंका ने की भूमिका की सराहना

भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहयोग कर रहा है

# भारत ने श्रीलंका के पीड़ितों को और मदद भेजी ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सेना की टुकड़ी पहुंची

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को चक्रवात दित्वाह की तबाही से बचने के लिए भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को कोलंबो भेजा। भारत ने मानवीय आपदा राहत एचडीआर अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है, जिससे पड़ोसी देश को सहायता प्रदान की जा सके। पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की है। दरअसल, श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है।

भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को इस तबाही से बचने के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को श्रीलंका पहुंची। पड़ोसी देश को मानवीय आपदा राहत (एचडीआर) अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है, जिससे पड़ोसी देश को सहायता प्रदान की जा सके।




भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी श्रीलंका पहुंची।

### चिकित्सा दल और उपकरण लेकर पहुंचे कोलंबो

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहयोग कर रहा है। भारतीय वायु सेना का एक सी-17 विमान चिकित्सा दल और उपकरण लेकर कोलंबो पहुंच गया है।

### श्रीलंका की उच्चायुक्त ने भारत का आभार जताया

इससे पहले, भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने सुनामी, आर्थिक संकट और चक्रवात से हुई तबाही जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रथम प्रत्युत्तरदाता के रूप में भारत की भूमिका की सराहन की। उच्चायुक्त कोलोन ने कहा, चक्रवात के कारण श्रीलंका में भारी क्षति हुई है। 400 से ज़्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हम अभी भी राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। नुकसान का व्यापक आकलन करने मे कुछ समय लगेगा। हम भारत के आभारी हैं कि वह हमेशा की तरह सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। पहले सुनामी, फिर आर्थिक संकट के दौरान और अब चक्रवात के दौरान भारत हमारी सहायता के लिए सबसे पहले आया। वे राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। जमीन पर मेडिकल टीमें और मोबाइल अस्पताल मौजूद हैं और जब हम बात कर रहे हैं।

---

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दिया आश्वासन

# बांग्लादेश भेजी गई गर्भवती महिला और बेटे को वापस लाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बांग्लादेश भेजी गई गर्भवती महिला सुनाली खातून और उसके 8 साल के बेटे (साबिर) को मानवीय आधार पर भारत वापस लाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने आश्वासन दिया।



### बच्चे का सही से रखा जाए ख्याल

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा, प्रतिवादियों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने सुझाव दिया कि उसे बीरभूम जिले में उस शहर में भेजना सही होगा जहां उसके पिता रहते हैं। चीफ मेडिकल ऑफिसर को सोनाली को सभी मेडिकल सुविधाएं देने का निर्देश दिया जाता है। चिकित्सा सुविधाओं का खर्च राज्य सरकार द्वारा फ्री में उठाया जाएगा।




## ‘किंग कोहली’ ने सिक्स लगाकर खोला खाता

रांची के बाद रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में विराट कोहली का शानदार फॉर्म जारी रहा। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर वनडे में किंग कोहली ने अपनी बल्लेबाजी की शुरुआत बेहद शानदार और तूफानी तरीके से की। दरअसल, किंग कोहली ने रायपुर वनडे में छक्के के साथ खाता खोला। उन्होंने लुंगी एनगिडी की गेंद पर फाइन लेग के ऊपर से गेंद को छह रन के लिए भेजा। कोहली के वनडे करियर में यह दूसरी बार ही ऐसा है, जब उन्होंने छक्के के साथ खाता खोला है। इससे पहले आखिरी बार ऐसा उन्होंने साल 2013 में वेस्ट इंडीज के सामने किया था। तब उन्होंने टिनो बेस्ट की बॉल को 6 रन के लिए भेजा था। रायपुर वन में कोहली ने 93 गेंदों पर 102 रनों की बेजोड़ पारी खेली।

### घर पर कोहली का 40वां शतक

विराट कोहली ने इसी के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट में घर पर 40 शतक पूरे कर लिए हैं। वो अब सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। 37 साल का खिलाड़ी अगर 2027 तक वनडे क्रिकेट खेलता है तो उनके पास सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का शानदार मौका होगा। सचिन तेंदुलकर के घर पर कुल 42 शतक और विराट कोहली उनकी बराबरी करने से अब सिर्फ 2 शतक और उन्हें पीछा छोड़ने से सिर्फ 3 शतक दूर हैं।

### विदेशी सरजमीं पर लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की बड़ी जीत, सीरीज की 1-1 से बराबर

# कोहली-ऋतुराज की शतकीय पारी बेकार साउथ अफ्रीका ने चेज किए 359 रन

एजेंसी ▸▸| रायपुर

दूसरे वनडे में टीम इंडिया 359 रन का विशाल लक्ष्य भी बचाने में नाकाम रही। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर ला दी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने वाली साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा, जबकि ऋतुराज गायकवाड ने भी सेंचुरी लगाई। कप्तान केएल राहुल ने फिफ्टी बनाकर टीम को 358 के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन ने 2 विकेट लिए। बड़े रन चेज में अफ्रीका ने पांचवें ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया, लेकिन कप्तान टेम्बा बावुमा (44) और ऐडन मार्करम ने शतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। मार्करम ने शानदार शतक जड़कर चेज की नींव मजबूत की।

इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस (54) और मैथ्यू ब्रीट्जकी (68) ने तेज तर्रार फिफ्टी लगाई और टीम को लक्ष्य के करीब ले आए। 322 रन तक पहुंचने के बाद अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए, लेकिन आखिरी में कॉर्बिन बॉश ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए 37 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव और हर्षित राणा को 1-1 सफलता मिली।

सीरीज का निर्णायक तीसरा वनडे 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा।



### रोहित ने 14 रन में ही रच दिया इतिहास

दरअसल, रोहित शर्मा को पहले 4 ओवर में सिर्फ 3 गेंद खेलने का मौका मिला और 2 रन बनाए। हालांकि, अगले ही ओवर में रोहित ने चौकों की हैट्रिक जड़ते हुए कमाल कर दिया। रोहित ने इन चौकों की मदद से घर पर इंटरनेशनल क्रिकेट में 9 हजार रन पूरे कर लिए। इस मैच से पहले रोहित को 9 हजार रन के आंकड़ें को छूने के लिए सिर्फ 9 रनों की दरकार थी। अब रोहित घर में 9 हजार रन बनाने वाले महज चौथे भारतीय बन गए हैं। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ने यह उपलब्धि अपने नाम की थी। 5वें ओवर में नंद्रे बर्गर को लगातार तीसरा चौका जड़ते ही रोहित ने भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने के मामलें में राहुल द्रविड़ को भी पछाड़ दिया। अब रोहित घर पर इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

### ऋतुराज ने जड़ा वनडे का पहला शतक

ऋतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में 77 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। वह भारत की तरफ से साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज युसूफ पठान हैं। युसूफ ने साल 2011 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 68 गेंदों में शतक लगाया था। उनका ये रिकॉर्ड अभी तक कोई नहीं तोड़ पाया है। ऋतुराज के लिए यह उनके वनडे करियर का पहला शतक है। उन्होंने अपने 8वें वनडे मैच में पहला शतक गायकवाड़ 52 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद वह तेज गति से रन बनाए। उन्होंने इसके बाद मैदान के चारों तरफ शॉट्स लगाए और 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान उन्होंने 12 चौके और दो छक्के लगाए।

### कोहली का शानदार रिकार्ड

विराट कोहली का साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभी तक तीनों ही फॉर्मेट में शानदार रिकॉर्ड देखने को मिला है, जिसमें ये उनका इंटरनेशनल क्रिकेट में अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अब तक का 10वां शतक है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का बॉश बो यानसेन | 22 | 38 | 2 | 1 |
| रोहित का डिकॉक बो बर्गर | 14 | 8 | 3 | 0 |
| कोहली का मारक्रम बो एनगिडी | 102 | 93 | 7 | 2 |
| गायकवाड का डिजॉर्जी बो यानसेन | 105 | 83 | 12 | 2 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 66 | 43 | 6 | 2 |
| सुंदर रन आउट | 01 | 8 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 | 27 | 2 | 0 |

अतिरिक्त: 24

**कुल: 50 ओवर में पांच विकेट पर: 358 रन**

गेंदबाजी: बर्गर 6.1-0-43-1, एनगिडी 10-1-51-1, यानसन 10-0-63-2, महाराज 10-0-70-0, बॉश 8-0-79-0, मारक्रम 5.5-0-48-0

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का गायकवाड बो हर्षित | 110 | 98 | 10 | 4 |
| डिकॉक का वाशिंगटन बो अर्शदीप | 08 | 11 | 2 | 0 |
| बावुमा का हर्षित बो प्रसिद्ध | 46 | 48 | 3 | 1 |
| ब्रीट्जके पगबाधा बो कृष्णा | 68 | 64 | 5 | 0 |
| ब्रेविस का जायसवाल बो कुलदीप | 54 | 34 | 1 | 5 |
| टॉनी डिजॉर्जी रिटायर्ड हर्ट | 17 | 11 | 0 | 1 |
| यानसेन का गायकवाड को अर्शदीप | 02 | 2 | 0 | 0 |
| कोर्बिन बॉश नाबाद | 29 | 15 | 4 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 10 | 14 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 18

**कुल:49.2 ओवर में छह विकेट पर: 362 रन**

गेंदबाजी: अर्शदीप 10-0-54-2, हर्षित 10-0-70-1, प्रसिद्ध 8.2-0-85-2, वाशिंगटन 4-0-28-0, जडेजा 7-0-41-0, कुलदीप 10-0-78-1

### खबर संक्षेप

#### मैं वापसी नहीं कर रही हूं : सेरेना विलियम्स

**न्यूयॉर्क।** सेरेना विलियम्स ने इन



खबरों का खंडन किया है कि वह टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह ‘वापस नहीं कर रही हैं।’ इससे पहले अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के प्रवक्ता ने कहा कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना ने खेल के ड्रग परीक्षण निकाय के साथ पंजीकरण कराया है। इसके बाद ही उनकी वापसी को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। संन्यास ले चुके किसी भी खिलाड़ी को वापसी करने के लिए सबसे पहले डोप परीक्षण के लिए पंजीकरण करना होता है।

#### डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को चार विकेट से हराया



**दुबई।** डेजर्ट वाइपर्स ने विश्व आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में गत चैंपियन दुबई कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। दुबई कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 150 रन बनाए। उसकी तरफ से रोवमैन पावेल ने 39 और मोहम्मद नबी ने 29 रन का योगदान दिया। वाइपर्स की तरफ से नूर अहमद, डेविड पाइने और खुजैमा तनवीर ने दो-दो विकेट लिए। वाइपर्स ने एंड्रीस गौस के अर्धशतक की मदद से 19 ओवर में छह विकेट पर 151 रन बनाकर जीत हासिल की।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे गिल, उपकप्तानी भी मिली

**रायपुर।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट से उबर गए हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए उप कप्तान के रूप में टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने यह जानकारी दी। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस कारण वह गुवाहाटी में खेले गए दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, ‘गिल पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया है। वह उप कप्तान के रूप में वापसी करेंगे।’

- 5 मैच की टी20 श्रृंखला 9 दिसंबर से कटक में होगी शुरू



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैच की टी20 श्रृंखला 9 दिसंबर से कटक में शुरू होगी। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फिट होकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों 1की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल हुए।

### सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया खेलेंगी सीरीज

इसके लिए टीम का चयन करने के लिए बुधवार को यहां चयन समिति की बैठक हुई। सूर्यकुमार यादव भारत के नियमित टी20 कप्तान हैं। सूत्र ने उन रिपोर्टों का भी खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि बोर्ड के अधिकारी सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए बैठक करने की योजना बना रहे हैं। रोहित 38 वर्ष और कोहली 37 वर्ष के हैं और अब वे राष्ट्रीय टीम के लिए केवल एकदिवसीय प्रारुप में खेलते हैं। इसको लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या वे 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक खेल पाएंगे। गंभीर और राष्ट्रीय चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने इस संभावना पर कोई प्रतिबद्धता

## ब्रूइस के खिलाफ आक्रामक बर्ताव पर आईसीसी ने राणा को लगाई फटकार

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा को फटकार लगाई और रांची में पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद उनके आक्रामक बर्ताव के लिए एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ दिया। आईसीसी ने कहा, ‘राणा को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया।’ यह घटना रविवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर में हुई जब भारत के तेज गेंदबाज ने ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा किया, जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया दे सकता था। राणा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर उसका अपमान करने वाली भाषा, एक्शन या इशारे करने या आक्रामक प्रतिक्रिया देने से जुड़ा है। आईसीसी के बयान में कहा गया, ‘इसके अलावा राणा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है और उनकी यह 24 महीने के समय में पहली गलती थी।



## शाई का अर्धशतक बेकार, न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर 96 रन की बढ़त

**क्राइस्टचर्च।** शाई होप ने आंखों में संक्रमण के कारण धूप का चश्मा पहनकर बल्लेबाजी की, लेकिन उन्होंने गेंद को अच्छी तरह से देखा और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट अर्धशतक लगाया लेकिन इसके बावजूद वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए और इस तरह से उसने 64 रन की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 96 रन की हो गई है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कप्तान टॉम लैथम 14 और डेवोन कॉनवे 15 रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 231 रन से आगे शुरू की लेकिन वह इसमें एक रन भी नहीं जोड़ पाया और दिन की तीसरी गेंद पर ही उसकी पारी समाप्त हो गई। इसके बाद जैकब डफी ने 34 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय छह विकेट पर 157 रन था लेकिन उसने अपने



बाकी विकेट केवल 10 रन के अंदर गंवा दिए। यह चारों विकेट डफी ने लिए और इस तरह से अपने टेस्ट करियर में पहली बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। वेस्टइंडीज के केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। होप (56) के अलावा सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपाल (52) ने भी अर्धशतक लगाया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की।

## गाबा में अपना विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▸▸| ब्रिस्बेन

पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद उत्साह से भरी ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

इंग्लैंड ने 1986 के बाद से गाबा में कोई एशेज टेस्ट नहीं जीता है। वह 2010-11 श्रृंखला के बाद से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अपनी पहली जीत हासिल करने की तलाश में भी है। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा है लेकिन वह इस बात को भूल नहीं सकता कि वह पिछले साल जनवरी में गाबा में वेस्टइंडीज से आठ रन से हार गया था। गाबा ऐसा मैदान है, जहां ऑस्ट्रेलिया की टीम दशकों से लगभग अपराजेय रही है।



### आंखों के नीचे काली पट्टी बांधकर खेलेंगे स्टीव स्मिथ

पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ इस मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और इसलिए उन्होंने अपनी आंखों के नीचे काली पट्टी बांधने का फैसला किया है ताकि वह दूधिया रोशनी में अच्छी तरह से बल्लेबाजी कर सकें। उन्होंने इसके लिए बाकायदा वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपाल से सलाह भी ली है। चंद्रपाल अक्सर आंखों के नीचे काली पट्टी लगाकर खेला करते थे। आमतौर पर दूधिया रोशनी में खेलने वाले फुटबॉलरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली काली पट्टियां स्मिथ की इस कोशिश का हिस्सा हैं कि वे बदलती रोशनी में इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण का गुलाबी गेंद से अच्छी तरह से सामना कर सकें।

### आईसीसी वनडे रैंकिंग

## विराट ने लगाई छलांग, पहुंचे चौथे स्थान पर, गिल को नुकसान

एजेंसी ▸▸| दुबई

विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में मैच विजयी शतकीय पारी की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए। कोहली ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 120 गेंद में 135 रन की पारी खेली, जो 50 ओवर के प्रारुप में उनका 52वां शतक था। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की। सैंतीस साल के कोहली के अब 751 रैंकिंग अंक हैं। वह शीर्ष पर बरकरार पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (783), न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (766) और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764) से पीछे हैं।

### कोहली ने गिल को पीछे छोड़ा

कोहली ने भारत के एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़ा जो गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की मौजूदा श्रृंखला से बाहर होने के कारण पांचवें स्थान पर खिसक गए।

भारत के सीमित ओवरों के मुकाबलों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान लगी चोट से उबर रहे श्रेयस अय्यर नौवें स्थान पर बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर



कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से छठे पायदान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नौवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि गिल एक स्थान के नुकसान ने 12वें पायदान पर हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी 12वें से 14वें स्थान पर खिसक गए हैं।



### 879 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार बुमराह

टेस्ट गेंदबाजों की सूची में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 879 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी (846) पर 33 अंक की बढ़त बना रखी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की टेस्ट श्रृंखला में कमजोर प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 11वें से 13वें जबकि कुलदीप 13वें से 15वें स्थान पर खिसक गए। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती ने क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है।

### प्रीमियर लीग

## एर्लिंग हालैंड ने बनाया रिकॉर्ड 111वें मैच में दागा 100वां गोल



**लंदन।** एर्लिंग हालैंड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम मैच में 100 गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम की अच्छी वापसी के बावजूद 5-4 से जीत दर्ज की। हालैंड ने खेल के 17वें मिनट में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल करके गोल का शतक पूरा किया। यह उनका प्रीमियर लीग में 111वां मैच था और इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम मैच में 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के दिग्गज एलन शीयर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 124 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैनचेस्टर सिटी की टीम ने एक समय 5-1 से बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद फुलहम ने शानदार वापसी की। वह इंजरी टाइम में बराबरी का गोल करने की करीब पहुंच गया था लेकिन जोश किंग का प्रयास विफल हो गया।

### महिला नेशंस लीग

## 56 हजार दर्शकों की मौजूदगी में स्पेन ने जर्मनी को हराया




**मैड्रिड।** क्लाउडिया पिना के दो गोल की बदौलत स्पेन ने महिला नेशंस लीग के फाइनल के दूसरे चरण में जर्मनी को 3-0 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। एटलेटिको मैड्रिड के मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लगभग 56 हजार दर्शक मौजूद थे, जो घरेलू मैदान पर स्पेनिश टीम के लिए एक रिकॉर्ड है। इन दोनों टीम के बीच फाइनल का पहला चरण गोलरहित बराबरी पर छूटा था। इस कारण दोनों टीम के लिए दूसरे चरण का मैच महत्वपूर्ण बन गया था। स्पेन ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बना दिया था। उसकी तरफ से पिना के अलावा विक्की लोपेज ने भी गोल किया। स्पेन की टीम इस मैच में तीन बार की बैलन डीओर विजेता ऐताना बोनमाटी के बिना उतरी थी, जो रविवार को अभ्यास के दौरान चोटिल हो गई थी।




**टैंकर चालक की तत्परता से हादसा टला, तुरंत रोका टैंकर और ब्रिज पर ट्रैफिक**

# एयरपोर्ट रोड को जोड़ने वाले ब्रिज पर 5 हजार लीटर के टैंकर से अचानक रिसने लगा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एयरपोर्ट रोड पर बुधवार को दोपहर करीब चार बजे गुलमोहर गार्डन ब्रिज के ऊपर पेट्रोल से भरे टैंकर में अचानक लीकेज होने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि चालक को पेट्रोल रिसाव की भनक लग गई और तत्परता से बडा हादसा टल गया।

चालक को जैसे ही टैंकर से पेट्रोल रिसाव की भनक लगी उसने तुरंत वाहन रोक दिया और तत्काल फायर बिग्रेड की मदद मांगी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने लीकेज को सुधारने का काम किया। इस काम में दो घंटे से ज्यादा का समय लगा। इस दौरान सुरक्षा और अनहोनी को देखते हुए ब्रिज से आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई। लीकेज वाले टैंकर से पेट्रोल दूसरे टैंकर में खाली किया गया। देर शाम पूरी तरह से सुरक्षा की जांच के बाद ही ब्रिज आवाजाही के लिए खोला गया।

***सुरक्षा को देखते हुए ब्रिज से आवाजाही रोक दी गई थी, टैंकर रवाना होने के बाद देर शाम सुरक्षा की जांच करने के बाद ब्रिज लोगों के लिए खोला गया***



जानकारी के अनुसार इंडियन आयल के टैंकर क्रमांक-एमपी-04जेडजेड-1304 में पांच हजार लीटर पेट्रोल भरा था। दोपहर ब्रिज से गुजरने के दौरान ही टैंकर से रिसाव होने लगा। भनक लगते ही चालक ने और टैंकर पर सवार सहयोगियों की मदद से पेट्रोल का फैलाव रोकने की कोशिश की और तत्काल फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी गई। मौके पर फायर टीम तुरंत पहुंची और दो घंटे से ज्यादा समय तक मौके पर रही।

**दूसरा टैंकर बुलवाकर कराया खाली**

जिस टैंकर से पेट्रोल का रिसाव हुआ उसे पूरी तरह खाली करवाया गया। इसके लिए दूसरा टैंकर बुलवाया गया। मौके पर निगम अमला और पुलिस मौजूद रही। ब्रिज से यातायात सुरक्षा को देखते हुए रोका गया। टैंकर खाली होने के बाद सुरक्षा की जांच की गई और यातायात दोबारा बहाल किया गया।

# मप्र में 97% से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मप्र में लगभग 5करोड़ 57लाख गणना पत्रकों का डिजीटाइजेशन पूरा हो चुका है। जो कुल कार्य का 97% से अधिक है। 15 जिलों अशोक नगर,नीमच, बैतूल, गुना,मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी, उमरिया, बुरहानपुर, मंदसौर,सतना, टीकमगढ़ और अलिराजपुर में शत-प्रतिशत डिजीटाइजेशन का काम हो चुका है।

- 15 और जिलों में 100%, 33 ने पार किया 90% से अधिक का लक्ष्य

सीईओ झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित समयावधि से पूर्व यह उपलब्धि सभी के प्रयास और कर्तव्य निष्ठा से ही संभव हुई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि प्रदेश के 19अन्य जिलों ने 99 प्रतिशत से अधिक, 12जिलों में 98%और 6 जिलों में 90%से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। झा ने डिजिटाइजेशन में लगे सभी शासकीय सेवकों, बीएलओ तथा सहयोगी नागरिकों के समन्वित प्रयास की सराहना की जिसके चलते निर्धारित समय से पहले ही कार्य पूर्णता की ओर है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में शत-प्रतिशत कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

**मिले सकारात्मक परिणाम**

# एमपी ट्रांसको के सब स्टेशनों में औचक निरीक्षण की पहल से बढ़ी सजगता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की ओर से सब स्टेशनों की सुरक्षा एवं कार्यप्रणाली में सुधार के लिए शुरू की गई रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की पहल लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। इन निरीक्षणों के बाद सब स्टेशनों पर तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों में कार्य के प्रति सजगता और अनुशासन का स्तर बढ़ा है, वहीं लापरवाही के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई है। इस पहल से न केवल सुरक्षा में मजबूती आई है, बल्कि यार्ड संचालन एवं कार्य दक्षता में भी सुधार देखा गया है।

**सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस मे भी मिला फायदा**

रात्रिकालीन औचक निरीक्षण की यह परंपरा पूर्व मुख्य अभियंता प्रवीण गार्गव के कार्यकाल में शुरू की गई थी। उस समय सब स्टेशनों के ट्रांसफॉर्मरों के न्यूट्रल से जुड़े अत्यंत संवेदनशील एवं बहुमूल्य तांबे की स्ट्रिप एवं आईसोलेटर के कापर ब्लेड चोरी की घटनाएं सामने आती थीं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल अब तक प्रभावी सिद्ध हुई है।

**रात्रि में यार्ड निरीक्षण का लाभ भी**

रात्रिकालीन यार्ड निरीक्षण एक तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अंधकार में यार्ड की जांच के दौरान कई ऐसी सूक्ष्म गतिविधियां सामने आते हैं, जिन्हें दिन के उजाले में अक्सर देखा नहीं जा सकता। इससे उपकरणों में संभावित खराबी का समय रहते पता चल रहा है, जिससे अचानक होने वाले ब्रेकडाउन या इमरजेंसी को टाला जा सका है,साथ ही मेंटेनेंस कार्य पहले से बेहतर ढंग से योजनाबद्ध हुआ है। अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान आउटसोर्स कर्मियों को भी रात्रिकालीन यार्ड निरीक्षण की बारीकियां सीखने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी तकनीकी दक्षता में बढ़ोतरी हो रही है।

# अखाड़ों की जमीन पर निजी नाम चढ़ाने का विरोध, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

महाकाल सेना कई वर्षों से यह मांग करती आई है कि अखाड़ों की भूमियों का सनातन धर्म के क्रियाकलापों में उपयोग होना चाहिए। अखाड़ों की भूमि का उपयोग साधु संत के निवास के साथ यज्ञ, अनुष्ठान ,कथा भागवत के लिए होना चाहिए।

रवींद्रपुरी महाराज ने अंकपात मार्ग पर जो वैष्णव अखाड़े हैं उनके सम्बन्ध में उज्जैन कलेक्टर से मांग की है कि इन अखाड़ों की भूमियों पर निजी नाम के स्थान पर अखाड़ों के नाम दर्ज होना चाहिए, इसका लाभ सनातन धर्म के लोगों को मिलेगा इसलिए महाकाल सेना रवींद्रपुरी जी महाराज के इस वक्तव्य का समर्थन करती है। महाकाल सेना सहसंगठन प्रमुख आशीष ठक्कर ने स्वामी जी से यह भी अनुरोध किया है कि अखाड़ों की भूमियों से व्यवसायीकरण हटाकर धार्मिक आयोजनों के उपयोग करने हेतु सुरक्षित किया जाए, जिससे अखाड़ों की भूमि सुरक्षित हो सके क्योंकि अखाड़ों की भूमियों से कई बीघा सरकारी भूमि भी लगी हुई हैं यदि सरकारी भूमि निकलती है तो उसे सरकार अपने कब्जे में लेकर जनहित के निर्माण करें। जिससे सिंहस्थ क्षेत्र में आम सनातन धर्म के लोगों को सुविधा मिल सके।

## एमसीयू में एआई मार्केटिंग कैंपेन विषय पर एक दिनी वर्कशॉप

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्कविभाग द्वारा एआई मार्केटिंग कैंपेन विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही, जिसमें उन्हें मार्केटिंग कैंपेन में एआई के उपयोग से जुड़ी जानकारियां मिलीं। सीबीएमओ एआई के संस्थापक विनोद नागर ने एआई आधारित रणनीतियों का उपयोग करते हुए प्रभावी मार्केटिंग कैंपेन प्रबंधन पर अपने अनुभव साझा किए। नागर एमसीयू के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व छात्र भी रहे हैं।

**पशु पालन मंत्री लखन पटेल को लिखा पत्र**

# पशु चिकित्सा अधिकारी के नियुक्ति आदेश 7 माह बाद भी जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने पशु पालन मंत्री लखन पटेल, पशु पालन विभाग के प्रमुख सचिव और पशु पालन विभाग के संचालक को पत्र लिख कर जल्द से जल्द सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग की है।

बता दें कि चयनित सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों का रिजस्ट आए हुए सात महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नियुक्ति के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। मप्र सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के उपप्रांताध्यक्ष मनोज नागले और महामंत्री डॉ. सीपी एस ठाकुर ने पशु पालन मंत्री लखन पटेल को लिखे पत्र बताया कि चयनित पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी का रिजल्ट घोषित हुए 7 महीने बीत चुके हैं लेकिन आज तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया है। इससे चयनित युवा आर्थिक रूप से परेशान हैं। विभाग में संवर्ग की संख्या कम होने के कारण कार्य संवर्गों पर भी काम का अत्यधिक बोझ है।

**बैरागढ़ पुलिस ने की छापेमारी, आरोपी गिरफ्तार**

# शराब तस्कर के घर पुलिस की दबिश पौने तीन लाख की शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ पुलिस ने रेलवे फाटक के पास केब्रिन ब्रिज के नीचे एक घर में छापे की कार्रवाई कर देशी प्लेन व मसाला शराब के कुल 70 कार्टून बरामद किए हैं। बरामद शराब की कीमत पौने तीन लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उससे पूछताछ की जा रही है कि वह इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब कहां से लेकर आया था और उसके अलावा कौन-कौन लोग अवैध धंधे में लिप्त हैं।

पुलिस के मुताबिक तीन दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन फाटक के पास बड़ी मात्रा में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे स्टेशन के पास एक स्थान पर दबिश दी। पुलिस ने सीआरपी फाटक रोड केबिन ब्रिज के नीचे बैरागढ़ निवासी अमर ठकोरिया (32) के घर की तलाशी ली। तलाशी में उसके घर से देशी प्लेन शराब के कुल 60 और देशी मसाला शराब के 10 कार्टून रखे मिले। इस प्रकार पुलिस की छापेमारी में आरोपी अमर ठकोरिया के घर से अवैध शराब के कुल 70 कार्टून बरामद किए गए। बरामद अवैध शराब की कीमत दो लाख 75 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी इतनी अधिक मात्रा में अवैध शराब कहां से खरीदकर लाया था और कब से अवैध शराब की बिक्री कर रहा था।

## स्थानीय खेल समाचार

**परमानंद भाई पटेल अंडर-22 ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट**

# सागर डिवीज़न और भोपाल डिवीज़न के मध्य फेथ ग्राउंड पर चार दिनी मैच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी (चार दिवसीय) अंडर- 22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट जो कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में खेला जा रहा है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के ऑब्जर्वर एवं सीडीसी मेंबर पुनीत चतुर्वेदी की उपस्थिति में भोपाल में फ़ेथ क्रिकेट मैदान पर सागर और भोपाल डिवीजन के मध्य चार दिवसीय मैच आज प्रारंभ हुआ। भोपाल डिवीजन ने दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर खेलते हुए 5 विकेट पर 385 रन बना लिए हैं, जिसमें प्रियांशु प्राण 25 रन, आयुष 37, तनिष्क यादव 99 ओजस्व ने 66 रन बनाए। कप्तान प्रारब्ध मिश्रा 102 रन पर नाबाद खेल रहे हैं । सागर डिवीजन से गेंदबाजी में अविरल सिंह और मयूर पाटिल ने 2-2 विकेट एवं सिद्धार्थ ने 1 विकेट लिया ।

**स्व. जीएस. पठानिया 'सर' क्रिकेट टूर्नामेंट**

# क्रिक किंगडम अकादमी ने अटल बिहारी वाजपेई अकादमी को 8 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वर्गीय जी.एस.पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को ओल्ड कैंपियन मैदान पर अटल बिहारी वाजपेई और क्रिक किंगडम के मध्य खेला गया। अटल बिहारी वाजपेई अकादमी 42.5 ओवरों में 133 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें ध्रुव लोधी ने 59 रन और दक्ष कुमार ने 23 रन बनाए। क्रिक किंगडम के अनिरुद्ध ने 3, आदित्य मालवीय और अयांश आहूजा ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में क्रिक किंगडम ने 26.3 ओवर में 2 विकेट पर 137 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया, जिसमें विराज ने 33 रन, दीर्घ श्रीवास्तव 70 रन पर और आदित्य मालवीय 20 रन पर नाबाद रहे ।अटल बिहारी वाजपेई अकादमी से दक्ष ने 1 विकेट लिया । इस तरह क्रिक किंगडम ने अटल बिहारी वाजपेई अकादमी को 8 विकेट से हराया ।

### संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी ने ओल्ड फ्रेंड्स अकादमी को 179 रन से हराया

वहीं, अंडर 18 टूर्नामेंट का दूसरा मैच ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट मैदान पर संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी और ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी 50 ओवरों में 239 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें शिवांक त्रिपाठी ने 122 रनों की शानदार पारी खेली और विश्वजीत शाक्य ने 43 रन बनाए। ओल्ड फ्रेंडस के नयन कुशवाहा ने 5 और अंश ने एक विकेट लिया । जवाब में ओल्ड फ्रेंड्स 29.2ओवर में 60 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । संजय गुप्ता के शिवांक विश्वजीत और देवाशीष ने 2-2 विकेट लिए । इस तरह संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी ने ओल्ड फ्रेंड्स को 179 रनों से हराया ।

**26वें राष्ट्रीय रोप स्किपिंग एवं जंपिंग चैंपियनशिप 2025**

# मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की तेलंगाना में खिताबी जीत




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

26वें राष्ट्रीय रोप स्किपिंग एवं जंपिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन तेलंगाना राज्य द्वारा सिकंदराबाद शहर में किया गया था, जिसमें मध्य प्रदेश के टीम द्वारा प्रतिभागिता की गई। जिसमें मध्य प्रदेश की टीम को इस चैंपियनशिप का खिताब मध्य प्रदेश की टीम को प्राप्त हुआ। रोप स्किपिंग एसोशिएशन मध्य प्रदेश के सचिव शैलेश शुक्ला, कोच नेहा मेहर, पलक नाज के नेतृत्व में टीम ने यह खिताब जीता है। इस टीम में भेल परिवार तथा जवाहर लाल नेहरू स्कूल की तान्या विनोद विसे, आरोही पांडे, श्रेया सिन्हा एवं पार्थ देशमुख को 2-2 गोल्ड मेडल प्राप्त हुए हैं।

**आईईएस में आरजीपीवी नोडल लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट**

# बंसल, सिस्टेक गांधीनगर, एसआईआरटी और सिस्टेक रातीबड़ की टीमें जीतीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईईएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस में आरजीपीवी नोडल लेवेल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आईईएस कैम्पस के फुटबॉल ग्राउंड पर किया जा रहा है। आईईएस मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में आईईएस कॉलेज सहित एलएनसीटी, एसआईआरटी, एसएटीआई विदिशा, सिस्टेक आरजीपीवी, बंसल आदि 16 कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ अतिथि डॉ. केटी चतुर्वेदी डीएसडब्ल्यू आरजीपीवी एवं देवांश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। उन्होने टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीम के खिलाड़ियो एवं कोच से परिचय प्राप्त किया एवं मैच के लिए शुभकामनाए दी। पहला मैच टूबा कॉलेज बनाम बंसल कॉलेज के बीच शुरू हुआ, बंसल ने 2-0 से मैच जीत लिया, दूसरा मैच वीएनएस कॉलेज बनाम सिस्टेक गांधीनगर के बीच शुरू हुआ, जिसमे सिस्टेक गांधीनगर 2-0 से जीता, तीसरा मैच एसआईआरटी और एलएनसीटी भोपाल के बीच शुरू हुआ, जिसमे एसआईआरटी ने यह मैच 2-1 से जीत लिया, चौथा मैच सिस्टेक रातीबड़ और एसएटीआई विदिशा के बीच शुरू हुआ जिसमे सिस्टेक रातीबड़ 1-0 से जीता।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930